CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29° C
न्यूनतम : 25° C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 26 जून 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 164 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 29 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मोदी राज में अब किसान आत्महत्या नहीं करता: योगी पेज 2



पंत ने हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग खेल टाइम्स



अगर इमरजेंसी नहीं लगी होती तो... संपादकीय



भारत के साथ बातचीत को बेताब शहबाज शरीफ पेज 12

# अंतरिक्ष पहुंचकर एस्ट्रोनॉट शुभांशु बोले 'व्हाट ए राइड'

## भारतीय एस्ट्रोनॉट शुक्ला एक्सिओम मिशन-4 के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर पहुंचे

**फ्लोरिडा, वार्ता**

**भारतीय एस्ट्रोनॉट** शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन 4 के तहत 25 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुए। उनका ये मिशन पहले 6 बार तकनीकी दिक्कतों के कारण टल चुका था। उनके साथ तीन अन्य एस्ट्रोनॉट भी स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुए। अंतरिक्ष में पहुंचने के बाद शुभांशु ने कहा कि व्हाट ए राइड।

मेरे कंधे पर लगा तिरंगा बताता है कि मैं आप सभी के साथ हूं। वहीं लॉन्चिंग सफल होने पर शुभांशु के माता-पिता, आशा शुक्ला और शंभु दयाल शुक्ला भावुक हो गए। उन्होंने बेटे की सफलता पर ताली बजाकर खुशी जताई। मिशन भारतीय समयानुसार दोपहर करीब 12.00 बजे फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया। स्पेसएक्स के फॉल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में सभी एस्ट्रोनॉट ने उड़ान भरी। ये स्पेसक्राफ्ट करीब 28.5 घंटे के बाद 26 जून को शाम 4:30 बजे आईएसएस से जुड़ेगा। ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार सभी एस्ट्रोनॉट। 28.5 घंटे के बाद 26 जून को शाम 4: 30 बजे आईएसएस पहुंचेंगे। लॉन्च के करीब 10 मिनट बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट फॉल्कन-9 रॉकेट से अलग हो गया। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा और भारतीय एजेंसी इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया है। शुभांशु इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। इससे 41 साल पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी।



### मोदी ने एक्सिओम-4 मिशन के सफल प्रक्षेपण पर शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने भारत, हंगरी, पोलैंड और अमेरिका के अंतरिक्ष यात्रियों के एक्सिओम-4 अंतरिक्ष मिशन के बुधवार को सफल प्रक्षेपण का स्वागत किया है। श्री मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को भी शुभकामनाएं दीं। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय बनने की राह पर हैं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि हम भारत, हंगरी, पोलैंड और अमेरिका के अंतरिक्ष यात्रियों के अंतरिक्ष मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत करते हैं।

### ग्रुप कैप्टन शुभांशु को योगी ने दीं शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी ने लखनऊ में जन्मे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष में मानव मिशन एक्सिओम मिशन 4 में मिशन पायलट बनने और ऐतिहासिक उड़ान भरने के लिए हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने इस बड़ी उपलब्धि को भारत की वैज्ञानिक क्षमता और वैश्विक भागीदारी की अद्भुत मिसाल बताया। योगी ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि यह भारत के लिए गौरव का क्षण है।

# 1975 की इमरजेंसी में हुई थी लोकतंत्र की हत्या: मोदी

## इमरजेंसी के 50 साल- पीएम सहित पूरी कैबिनेट ने रखा मौन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट बैठक में आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर एक प्रस्ताव पास किया गया। इसके बाद आपातकाल के पीड़ितों को श्रद्धांजलि के रूप में दो मिनट का मौन रखा गया। कैबिनेट बैठक में तीन बड़े फैसले लिए गए।

पहला- पुणे मेट्रो विस्तार के लिए 3626 करोड़ रुपये पारित। दूसरा- झरिया (झारखंड) अंडरग्राउंड फायर के लिए 5940 करोड़ रुपये का संशोधित मास्टर प्लान मंजूर। तीसरा- आगरा में 111 करोड़ रुपये की लागत से अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र स्थापित किया जाएगा। इससे पहले बुधवार सुबह पीएम मोदी ने आपातकाल को लेकर सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि इस दिन कांग्रेस ने लोकतंत्र को कैद कर लिया था। प्रेस की स्वतंत्रता खत्म कर दी थी। दरअसल 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल की घोषणा की थी। यह 21 मार्च 1977 यानी 21 महीने तक लागू रहा था। भाजपा इस दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाती है। इमरजेंसी को लेकर मोदी ने लिखा कि यह भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक है। भारत के लोग इस दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाते हैं। भारत के लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा करना और उन आदर्शों को बनाए रखना, जिनके लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना जीवन समर्पित कर दिया। यह हमारा कर्तव्य है। यह उनका सामूहिक संघर्ष ही था, जिसके चलते तत्कालीन कांग्रेस सरकार को लोकतंत्र बहाल करना पड़ा और नए चुनाव कराने पड़े, जिसमें वे बुरी तरह हार गए। हम आपातकाल के खिलाफ लड़ाई में डटे रहने वाले हर व्यक्ति को सलाम करते हैं। पूरे भारत से अलग-अलग विचारधाराओं के लोग आए, उन्होंने एक उद्देश्य से एक-दूसरे के साथ मिलकर काम किया। पीएम ने कहा कि इमरजेंसी के वक्त मैं आरएसएस का युवा प्रचारक था पीएम ने अपनी पोस्ट में द इमरजेंसी डायरीज नाम की बुक का भी जिक्र किया। पीएम ने लिखा, जब आपातकाल लगाया गया था, तब मैं आरएसएस का युवा प्रचारक था। आपातकाल विरोधी आंदोलन मेरे लिए सीखने का एक अनुभव था। इसने हमारे लोकतांत्रिक ढांचे को बचाए रखने की अहमियत को दिखाया। साथ ही, मुझे राजनीतिक स्पेक्ट्रम के सभी लोगों से बहुत कुछ सीखने को मिला। मुझे खुशी है कि ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन ने उन अनुभवों में से कुछ को एक किताब के रूप में संकलित किया है, जिसकी प्रस्तावना एचडी देवेगौड़ा ने लिखी है, जो खुद आपातकाल विरोधी आंदोलन के एक दिग्गज थे।



**मोदी ने लिखा- कांग्रेस ने लोकतंत्र को कैद किया, इमरजेंसी लोकतांत्रिक इतिहास का काला अध्याय, कैबिनेट बैठक में लिए गए तीन बड़े फैसले**

### महाराष्ट्र विस चुनाव में गड़बड़ी वाली याचिका खारिज

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में गड़बड़ी को लेकर दायर याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि याचिका की सुनवाई में कोर्ट का समय बर्बाद हुआ है। हालांकि याचिकाकर्ता पर कोई जुर्माना नहीं लगाया गया है। जस्टिस जीएस कुलकर्णी और आरिफ डाक्टर की बेंच ने कहा कि इस याचिका में कोई ठोस आधार नहीं है। ऐसे में हम इसे खारिज करते हैं। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि चुनाव में 6 बजे के बाद 75 लाख से ज्यादा वोट पड़े। साथ में चुनाव प्रक्रिया को अवैध घोषित करने की मांग की थी।

### एसएससी घोटाला: ईडी ने 636 करोड़ की संपत्ति की जब्त

**कोलकाता।** ईडी ने 2016 के पश्चिम बंगाल केंद्रीय विद्यालय सेवा आयोग (ग्रुप सी एवं डी स्टाफ) भर्ती घोटाले में गिरफ्तार बिचौलिए प्रसन्ना कुमार रॉय की 27.19 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति जब्त की है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रसन्ना कुमार रॉय की तीन चाय बागान कंपनियों सैमसिंग ऑर्गेनिक टी प्राइवेट लिमिटेड, यांगटोंग ऑर्गेनिक टी प्राइवेट लिमिटेड और बामनडांगा टी एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर बनी बंगलों, फैक्ट्रियों, मशीनों और गाड़ियों जैसी संपत्तियां जब्त की गई हैं। ईडी ने सहायक शिक्षक और प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटालों में अब तक कुल 636.88 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है।

# CBSE 10वीं की परीक्षा 2026 से दो बार होगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- पहली परीक्षा कम्पल्सरी, दूसरी ऑप्शनल, अप्रैल-जून में जारी होंगे नतीजे, सप्लीमेंट्री खत्म

**नई दिल्ली।** सीबीएसई (सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन) 10वीं के स्टूडेंट 2026 से साल में 2 बार एग्जाम देंगे। एग्जामिनेशन कंट्रोलर संयम भारद्वाज ने बुधवार को यह जानकारी दी है।

नए परीक्षा पैटर्न के मुताबिक, पहली परीक्षा सभी छात्रों के लिए जरूरी होगी और दूसरी ऑप्शनल। पहली परीक्षा फरवरी और दूसरी मई में होगी। नतीजे अप्रैल और जून में जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही सप्लीमेंट्री एग्जाम खत्म कर दिए गए हैं। 12वीं बोर्ड पर अभी यह फैसला लागू नहीं होगा। दूसरी परीक्षा यानी ऑप्शनल एग्जाम में छात्रों को साइंस, मैथमेटिक्स, सोशल साइंस और लैंग्वेजेस में से किन्हीं 3 सब्जेक्ट में अपनी परफॉर्मेंस सुधारने की इजाजत दी जाएगी। विंटर बाउंड स्कूलों (सर्दियों में बंद रहने वाले स्कूल) के छात्रों को दोनों परीक्षाओं में से किसी में भी बैठने की इजाजत होगी। अगर कोई छात्र पहली परीक्षा में 3 या अधिक सब्जेक्ट्स में शामिल नहीं हुआ है, तो उसे दूसरी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### ईरान ने 'रश्त' में ड्रोन को मार गिराया

**तेहरान।** ईरान के वायु रक्षा बलों ने मंगलवार देर रात उत्तरी शहर रश्त में कई माइक्रो एरियल व्हीकल्स (एमएवी) का पता लगाया और उन्हें मार गिराया। अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी 'मेहर' ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। गिलान प्रांत के सुरक्षा और कानून प्रवर्तन के डिप्टी-गवर्नर अली बाघेरी के अनुसार रश्त पर एमएवी द्वारा हमला किया गया था। उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि मानवरहित विमान इजरायल का था या नहीं। गौरतलब है कि 13 जून को इजरायल ने ईरान के विभिन्न क्षेत्रों पर बड़े हवाई हमले किए। जिनमें परमाणु और सैन्य स्थल शामिल हैं। हमले में कई वरिष्ठ कमांडर, परमाणु वैज्ञानिक और नागरिक मारे गए।

# हल्द्वानी में कार नहर में गिरी, एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

## हिमाचल: धर्मशाला में 20 मजदूर बाढ़ में बहे, दो शव बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला में बुधवार को तेज बारिश हुई। खनियारा इलाके के सोकणी दा कोट में इंदिरा प्रियदर्शनी हाइड्रल प्रोजेक्ट में काम करने वाले 15-20 मजदूर मनुणी खड्ड (नदी) में बह गए।

अब तक दो मजदूरों के शव मिले हैं। मनुणी नदी आम दिनों में सूखी ही रहती है, लेकिन तेज बारिश के कारण नदी में अचानक से बाढ़ आ गई। मजदूर नदी किनारे बने शेड में रह रहे थे। इसलिए बाढ़ की चपेट में आ गए। कुल्लू जिले में भी तीन जगह सैंज घाटी के जीवा नाला, गड़सा घाटी के शिलागढ़ और बंजार के होरनगढ़ में बादल फटा। जीवा नाला में बाप-बेटी समेत तीन लोग बह गए। वहीं उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में धारचुला-लिपुलेख रोड पर लैंडस्लाइड हुआ। इसके कारण आदिकैलाश रोड बंद हो गया। दोनों तरफ वाहन फंसे हुए हैं। बुधवार सुबह हल्द्वानी में एक कार नहर में गिर गई। कार सवार सात लोगों में से चार की मौत हो गई। इनमें तीन दिन का बच्चा भी शामिल है। जम्मू में मंगलवार रात हुई भारी बारिश के चलते तवी नदी उफान पर है। इसमें एक शख्स फंस गया। एसडीआरएफ के लोगों ने सीढ़ी के सहारे उसका रेस्क्यू किया। गुजरात के सूरत का अधिकांश हिस्सा बाढ़ की चपेट में है। कई सोसाइटी में पानी भर गया। लोगों को ट्रैक्टर के जरिये रेस्क्यू किया गया। परवत पाटिया इलाके में 5 फीट से ज्यादा पानी भरा हुआ -शेष पृष्ठ दो पर



- पिथौरागढ़ में लिपुलेख रोड पर लैंडस्लाइड से आदिकैलाश का रास्ता बंद
- कुल्लू में तीन जगह बादल फटा, पिता-पुत्री समेत तीन लोग लापता

# जमानत आदेश की अवमानना पर पांच लाख जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी, उत्तर प्रदेश जेल प्राधिकरण को लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उत्तर प्रदेश जेल प्राधिकरण को फटकार लगाई और जमानत के बावजूद आरोपी की रिहाई न होने पर नाराजगी जाहिर की। आरोपी को बीती 29 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया गया था।

आरोपी के खिलाफ धर्मांतरण विरोधी कानून के तहत मामला दर्ज किया गया था। जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वे आरोपी को हर्जाने के तौर पर पांच लाख रुपये दें। आरोपी को बीती 24 जून को गाजियाबाद की जेल से रिहा कर दिया गया। उप्र जेल प्रशासन के निदेशक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में पेश हुए। पीठ ने नाराज होते हुए पूछा कि आपके अधिकारियों की संवेदनशीलता पर आपका क्या कहना है? पीठ ने कहा कि अधिकारियों को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिले नागरिक अधिकारों की अहमियत के बारे में संवेदनशील बनाया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आजादी बेहद ही कीमती और अहम अधिकार है, जिसकी गारंटी हमारा संविधान देता है। उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से पेश हुए वकील ने कहा कि आरोपी को मंगलवार को जेल से रिहा कर दिया गया और इस बात की जांच की जा रही है कि आरोपी की रिहाई में देरी क्यों हुई। इस पर अदालत ने कहा कि इसकी जांच गाजियाबाद के मुख्य जिला और सत्र न्यायाधीश द्वारा की जानी चाहिए और सुप्रीम कोर्ट ने जांच के बाद रिपोर्ट पेश करने को भी कहा। आरोपी ने दावा किया कि उसे धर्मांतरण विरोधी कानून की एक उपधारा के चलते रिहा नहीं किया गया क्योंकि जमानत आदेश में इसका जिक्र नहीं था।



# नया डिजिटल प्लेटफॉर्म ई-सीनेट बना मददगार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- चुनाव आयोग ने तीन दिनों में जारी किए उपचुनाव के आंकड़े

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बुधवार को जानकारी दी कि हाल ही में हुए विधानसभा उपचुनावों के लिए डिजिटल तकनीक की मदद से आयोग ने 72 घंटे यानी तीन दिन के अंदर चुनावी आंकड़ों के इंडेक्स कार्ड जारी कर दिए हैं।

यह काम आयोग ने अपने नए डिजिटल प्लेटफार्म ई-सीनेट के जरिये किया है। बता दें कि इंडेक्स कार्ड चुनाव के बाद तैयार होने वाली एक गैर-कानूनी (नॉन-स्टैच्यूटरी) रिपोर्ट होती है, जो वोटिंग से जुड़े आंकड़ों को समझने में मदद करती है। इस रिपोर्ट के जरिये उम्मीदवारों, मतदाताओं, मतदान प्रतिशत, वोट शेयर, लिंग के हिसाब से वोटिंग पैटर्न, क्षेत्रीय मतभेद और राजनीतिक पार्टियों के प्रदर्शन जैसे कई अहम पहलुओं की जानकारी मिलती है। चुनाव आयोग ने बताया कि उसने यह नया डिजिटल सिस्टम 19 जून को केरल, गुजरात, पंजाब और पश्चिम बंगाल की पांच विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों में पहली बार लागू किया था। इन चुनावों के नतीजे 23 जून को घोषित किए गए थे। बता दें कि ई-सीनेट नाम के इस सिस्टम की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह मतदान के दौरान होने वाले लगभग वोटर टर्नआउट यानी मतदान प्रतिशत के आंकड़ों को तेजी से अपडेट कर पाता है। इससे चुनाव की प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ती है और आंकड़ों को समय पर समझना आसान हो जाता है। इस नई तकनीक के जरिये इंडेक्स कार्ड के अधिकांश आंकड़े अपने आप भर जाते हैं, क्योंकि ई-सीनेट सिस्टम सीधे डेटा एकत्र करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### 60,244 पुलिसकर्मियों में कितने हैं पीडीए: अखिलेश

**फर्रुखाबाद।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने इस वर्ष उत्तर प्रदेश में संपन्न हुई यूपी पुलिस की भर्ती पर सवाल उठाए हैं। सपा चीफ ने 60 हजार 244 पुलिस भर्ती को लेकर कहा कि इसमें कितने पीडीए हैं? कन्नौज सांसद ने फर्रूखाबाद में पूछा कि भाजपा सरकार सूची जारी कर बताए कि पुलिस भर्ती में कितने पीडीए हैं? इससे पहले उत्तर प्रदेश की पूर्व सीएम मायावती ने योगी सरकार में हाल ही हुई कांस्टेबल भर्ती पर सवाल उठाते हुए कहा था कि यह एक रूटीन कार्य था। इसमें कुछ नया नहीं था, लेकिन सरकार की ओर से इसका जोरदार प्रचार किया गया। मायावती ने लिखा था, 'यूपी में अभी हाल ही में हुई सिपाही भर्ती को लेकर ऐसा प्रचारित किया गया, जैसे यह कोई नई बात हो, जबकि पुलिस में ऐसी भर्ती रूटीन कार्य है। ताकि बैकलॉग की बुराई पुलिस विभाग में भी न आए, लेकिन इस भर्ती में सर्वसमाज को सही हक मिला या नहीं व उनकी ट्रेनिंग का क्या?

### श्रीनगर में ड्रग तस्कर की एक करोड़ की संपत्ति जब्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को श्रीनगर में एक कथित ड्रग तस्कर की करीब एक करोड़ रुपए मूल्य का दो मंजिला घर और उसके आसपास की जमीन को जब्त किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी करनाबल के तकनवारी निवासी परवेज अहमद भट है। उसके खिलाफ 2024 में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट (एनडीपीएस) की धाराओं के तहत संगम थाने में प्राथमिकी दर्ज है। वह फिलहाल पीआईटी-एनडीपीएस अधि. नियम के तहत हिरासत में है।

## योगी सरकार ने एनडीडीबी के साथ किया समझौता

# मोदी राज में अब किसान नहीं करता आत्महत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कहा: पिछली सरकारों के दौरान नहीं हो पाया किसानों का विकास, अब बढ़ेगी दुग्ध उत्पादकों की आय

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकारों की अकर्मण्यता के कारण कृषि के क्षेत्र में जो विकास हो सकता था वो नहीं हो पाया। इससे हमारे किसान लाभ से वंचित रह गए।

योजनाएं आपस में धन के बंदरबांट के लिए बनती थीं और हमारे किसानों को कोई लाभ नहीं मिल पाता था। 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के बाद देश में समग्र विकास की जो अवधारणा विकसित हुई है। उससे देश का हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को लखनऊ में गोरखपुर, कानपुर एवं कन्नौज के डेयरी प्लांट्स तथा अंबेडकरनगर की पशु आहार निर्माणशाला के संचालन के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड एवं उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन के मध्य एमओयू कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समग्र विकास के परिणाम स्वरूप अब किसानों के जीवन में परिवर्तन आ रहा है। अब अन्नदाता किसान खुशहाल है। आत्महत्या नहीं करता है। आज उसे कृषि क्षेत्र से जुड़े अन्य सेक्टरों में बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहन भी मिलता है। तकनीक भी मिलती है और सरकार हर प्रकार से उसे सहयोग करने के लिए तत्पर भी रहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुधन संपदा और दुग्ध उत्पादन की विशाल क्षमता को यदि नियोजित और वैज्ञानिक तरीके से विक. सित किया जाए, तो उत्तर प्रदेश न केवल देश का अग्रणी दुग्ध उत्पादक राज्य बन सकता है, बल्कि वैश्विक डेयरी मानचित्र पर भी अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकता है। योगी की उपस्थिति में राज्य सहकारी डेयरी फेडरेशन (पीसीडीएफ) द्वारा संचालित तीन डेयरी प्लांट (कानपुर, गोरखपुर और कन्नौज) तथा अम्बेडकरनगर स्थित एक पशुआहार निर्माणशाला के संचालन हेतु राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने, पशुधन आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और उपभोक्ताओं को गुणवत्ता युक्त उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। एनडीडीबी जैसे दक्ष एवं अनुभवी संस्थान को संचालन सौंपे जाने से इन इकाइयों में तकनीकी कुशलता, व्यावसायिक पारदर्शिता और किसानों को प्रत्यक्ष लाभ सुनिश्चित होगा।

### संविधान में धर्मनिरपेक्ष एवं समाजवादी शब्द जोड़ना भारत की आत्मा पर कुठाराघात: योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में संशोधन करके धर्म निरपेक्ष और समाजवादी शब्द जोड़ना भारत की आत्मा पर कुठाराघात था। कांग्रेस को आपातकाल के लिए दलितों, वंचितों एवं पूरे देशवा. सियों से माफी मांगनी चाहिए। आपातकाल की 50वीं बरसी, संविधान हत्या दिवस पर लोकभवन में आयोजित भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय विषयक संगोष्ठी का शुभारम्भ किया।बाबा साहब अंबेडकर ने अपनी लेखनी के माध्यम से जिन दलितों एवं वंचितों को अधिकार दिलाया था, कांग्रेस ने उनकी आवाज को दबाने का कार्य किया। योगी ने इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को कैशलेस उपचार की सुविधा की घोषणा की। सपा हो या आरजेडी दोनों ने संविधान हत्या दिवस पर न तो कोई बयान और न ही सोशल मीडिया पर कोई पोस्ट किया।

# भाजपा की कठपुतली बनकर काम कर रहा चुनाव आयोग

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ सवालों का जवाब नहीं दे पाता चुनाव आयोग

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि चुनाव आयोग विपक्ष की बात नहीं सुनता है और चुनाव को लेकर उससे जो सवाल पूछे जाते हैं उनका जवाब नहीं दिया जाता। चुनाव आयोग सिर्फ सरकार के इशारे पर उसकी कठपुतली बनकर काम कर रहा है।

खड़गे ने बुधवार को यहां कांग्रेस के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली की बात आंकड़ों के साथ कह रहे हैं, लेकिन चुनाव आयोग मानने को तैयार नहीं है। चुनाव आयोग भाजपा की कठपुतली बन गया है और उसके इशारे पर काम करता है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के दौरान हमने सीटें जीतीं, लेकिन पांच महीने बाद ही विधानसभा चुनावों में आंकड़े बदल गए। पांच साल में जब वोटर लिस्ट बदलती है, तो दो-तीन प्रतिशत की वृद्धि होती है, लेकिन यहां पांच महीने में ही आठ प्रतिशत का उछाल देखा गया। मैंने कई चुनाव लड़े और लोगों को लड़वाए, पर ऐसा मैंने कभी नहीं देखा। हम लगातार इस मामले को उठा रहे हैं, लेकिन चुनाव आयोग कोई भी बात सुनने को तैयार नहीं है, क्योंकि सब जगह सरकार का नियंत्रण है। हर जगह आरएसएस के लोगों को बैठा रखा है और वहां दूसरों के लिए कोई जगह नहीं है।

# कांग्रेस की नीयत अब भी तानाशाही वाली:बीजेपी

**नई दिल्ली, वार्ता**



भारतीय जनता पार्टी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में आपातकाल लगाए जाने के 50 वर्ष पूरे होने पर कहा कि कांग्रेस की नीयत अब भी तानाशाही वाली है और कांग्रेस शासित राज्यों में विरोध का क्रूर दमन, धार्मिक तुष्टीकरण और सत्ता का अहंकार खुलेआम दिख रहा है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को सुबह एक बयान में कहा कि 25 जून, 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'आंतरिक अशांति' का बहाना बनाकर भारत पर आपातकाल थोप दिया था और देश के संविधान की हत्या कर दी थी। 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है, उसकी नीयत आज भी वैसी ही तानाशाही वाली है। नड्डा ने कहा कि 1975 में अदालत ने इंदिरा गांधी को चुनाव में आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी ठहराया और उन्हें 6 वर्षों तक किसी भी निर्वाचित पद पर रहने से अयोग्य करार दिया। रातों-रात प्रेस की बिजली काटी गई, सारे विपक्ष को जेल में डाल दिया गया, प्रेस से आजादी छीन ली गई, अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग कर लोकतंत्र को रौंदा गया।

### आपातकाल पाप क्षमा याचना करे कांग्रेस: शिवराज

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि आपातक. ाल कांग्रेस का पाप है और उसे इसके लिए उसे क्षमा याचना करनी चाहिए। चौहान ने बुधवार को यहां आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर कहा कि एक व्यक्ति की सनक ने तय कर दिया कि पूरे देश में नसबंदी करो और उसके लिए लक्ष्य तक तय कर दिए गए। जिन लोगों ने लोकतंत्र की हत्या के खिलाफ आवाज उठाई और संविधान की रक्षा की, उन्हें जेलों में डाल दिया गया।

### बीजेपी की गोद में बैठ गई कांग्रेस: केजरी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी बीजेपी की गोद में बैठ गई है।

विस उपचुनाव में दो आप प्रत्याशियों की जीत से गदगद केजरीवाल ने राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आप प्रत्याशी संजीव अरोड़ा और गोपाल इटालिया ने क्रमश: अपनी सीटों पर जीत दर्ज की। इस जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता को बधाई दी और आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। केजरीवाल ने कहा कि एक समय कहा जाता था कि राजनी. ति अच्छे लोगों के नहीं है, लेकिन आम आदमी पार्टी ने इस धारणा को तोड़ा।

# थरूर की नई पोस्ट से कांग्रेस में हलचल

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ किसी से इजाजत मत मांगो, ये पंख तुम्हारे हैं: थरूर

कांग्रेस के सीनियर नेता और सांसद शशि थरूर की हालिया सोशल मीडिया पोस्ट ने पार्टी के अंदर सियासी घमासान तेज कर दिया है। 25 जून को उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि किसी से इजाजत मत मांगो, ये पंख तुम्हारे हैं, चाहे आसमां किसी का भी क्यों न हो। इस पोस्ट के साथ एक चिड़िया की तस्वीर साझा की गई, जो कई सवाल खड़े कर रही है, जैसे कि क्या कांग्रेस के अंदर थरूर किसी प्रकार की कैद में हैं? क्या थरूर पार्टी छोड़ने की तैयारी में हैं?

शशि थरूर ने अपने एक्स अकाउंट पर यह पोस्ट की, जिसमें उन्होंने एक प्रेरणादायक संदेश के साथ एक छोटी सी चिड़िया की तस्वीर भी साझा की। पोस्ट के बाद से सोशल मीडिया पर चर्चा जोरों पर है। कई लोग इसे कांग्रेस छोड़ने की ओर इशारा मान रहे हैं। खासकर तब, जब हाल के दिनों में थरूर की भाजपा नेताओं से मुलाकातें और प्रधानमंत्री के साथ उनकी नजदीकियां चर्चा में रही हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान थरूर का भाजपा के साथ सहयोग और पीएम की तारीफ करना भी लोगों के मन में शक पैदा कर रहा है। कुछ लोगों का मानना है कि यह पोस्ट उनकी आजादी और नई पारी की शुरुआत का संकेत हो सकता है। दूसरी ओर कांग्रेस के समर्थक इसे एक प्रेरणादायक संदेश मानकर थरूर का बचाव कर रहे हैं कि वो उनकी अन्य पोस्ट के समान ही साधारण सी है।

### कुछ लोगों के लिए मोदी फर्स्ट: खड़गे

**नई दिल्ली।** खड़गे ने दिल्ली में बुधवार को शशि थरूर को लेकर कहा कि मैं अंग्रेजी नहीं पढ़ सकता, लेकिन थरूर की लैंग्वेज बहुत अच्छी है। इसलिए हमने उन्हें पार्टी की वर्किंग कमेटी का मेंबर बनाया है। मैं यह कहना चाहता हूं कि पूरे विपक्ष ने मिलकर कहा कि हम आर्मी के साथ हैं। हमारे लिए देश पहले है, लेकिन कुछ लोगों के लिए मोदी फर्स्ट हैं।



सेंसेक्स 82755.51
निफ्टी 25244.75



सोना रु. 97,157
प्रति 10 ग्राम (24 केरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 105200
प्रति किलो




# चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई, वार्ता**

इजरायल और ईरान के बीच युद्ध विराम समझौते होने से एशियाई बाजारों में जारी तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने लगातार दूसरे दिन लंबी छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 700.40 अंक अर्थात 0. 85 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी के साथ 82755.51 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 200.40 अंक यानी 0.80 प्रतिशत उछलकर 25244. 75 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.63 प्रतिशत मजबूत होकर 46,106.45 और स्मॉलकैप 1.59 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 53,897.25 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4162 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2821 में लिवाली जबकि 1207 में बिकवाली वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए



रखी गई कुल 2990 कंपनियों के शेयरो में से 2135 में तेजी जबकि 776 में गिरावट रही वहीं 79 में टिकाव रहा। बीएसई में तेल एवं गैस और कैपिटल गुड्स की 0.54 प्रतिशत तक की गिरवट को छोड़कर अन्य 19 समूहों में तेजी का रुख रहा।

इससे कमोडिटीज 0.99, सीडी 1.26, ऊर्जा 0.27, एफएमसीजी 0.85, वित्तीय सेवाएं 0.48, हेल्थकेयर 1.11, इंडस्ट्रियल्स 0.24, आईटी 1.68, दूरसंचार 1.42, यूटिलिटीज 0.95, ऑटो 1.00, बैंकिंग 0. 11, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.26, धातु 0.37, पावर 0.54, रियल्टी 0.58, टेक 1.69, सर्विसेज 0.86 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.69 प्रतिशत उछल गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.01 और जर्मनी का डैक्स 0.43 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं, जापान का निक्केई 0.39, हांगकांग का हैंगसेंग 1.23 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.04 प्रतिशत चढ़ गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 394 अंक की तेजी के साथ 82,448.80 अंक पर खुला, लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद 82,339.57 अंक के निचले स्तर तक उतर गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर बाद यह 82,815.91 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

अंत में पिछले दिवस के 82,055.11 अंक के मुकाबले 0.85 प्रतिशत की छलांग लगाकर 82755.51 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी भी 106 अंक की बढ़त लेकर 25,150.35 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 25,125.05 अंक के निचले, जबकि 25,266.80 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा।अंत में पिछले सत्र के 25,044.35 अंक की तुलना में 0.80 प्रतिशत मजबूत होकर 25244.75 अंक पर बंद हुआ।

### सोना 106 गिरकर 97,157 पर आया

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में बुधवार को गिरावट देखी गई । इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 106 गिरकर 97,157 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 97,263 पर था। वहीं चांदी की कीमत 767 कम होकर 1,05,200 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,05,967 पर थी। नई दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,100 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,850 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,950 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550 थी। वहीं कोल. काता में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,950 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,700, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,950 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,700 थी।

# सरसों तेल महंगा, अन्य जिंसों के भाव स्थिर

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से बुधवार को दिल्ली थोक जिस बाजार में सरसों तेल महंगा हो गया, जबकि अन्य सभी जिसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 26 रिंगिट फिसलकर 3937 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.40 सेंट की गिरावट के साथ 51.77 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सरसों तेल में 184 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और



वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा।

इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:-

दाल-दलहन: चना 5600-5700, दाल चना 6600-6700, मसूर काली 7900-8000, मूंग दाल 9450-9550, उड़द दाल 9500-9600, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4200-4300, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17033 रुपए, मूंगफली तेल 17948 रुपए, सूरजमुखी तेल 16116 रुपए, सोया रिफाइंड 14102 रुपए, पाम ऑयल 13333 रुपए और वनस्पति तेल 14666 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

# पीएलआई में 21534 करोड़ रुपये वितरित



**नई दिल्ली।** सरकार ने उत्पादन से सम्बद्ध प्रोत्सहन योजनाओं (पीएलआई) के अंतर्गत 12 क्षेत्रों के लिए कुल मिला कर 21,534 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि वितरित की है। यह जानकारी इन योजनाओं की समीक्षा के लिए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में बुधवार को हुई एक बैठक में दी गई।

पीआईएल के तहत स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए चयनित इन 12 क्षेत्रों इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण , आईटी हार्डवेयर, बल्क ड्रग्स, चिकित्सा उपकरण, फार्मास्यू टिकल्स, दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पाद, खाद्य प्रसंस्करण, व्हाइट गुड्स, ऑटोमोबाइल और ऑटो घटक, विशेष इस्पात, कपड़ा और ड्रोन और ड्रोन के कल-पुर्जे और प्रणालियां शामिल हैं। समीक्षा बैठक में गोयल ने कहा कि भारत उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रह है, जिनमें देश को अन्य देशों की तुलना में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्राप्त है। उन्होंने अधिकारियों ने विभिन्न हितधारकों के सामने आने वाली समस्याओं का समाधान करने की जरूरत पर बल दिया, ताकि निर्यात बढ़ाया जा सके।

# यूपी करेगा देश में सर्वाधिक 35 करोड़ पौधारोपण: सक्सेना

■ वन एवं वन्य जीव विभाग ने सभी तैयारियां लगभग पूरी की

**लखनऊ।** मानसून के दौरान उत्तर प्रदेश में वन महोत्सव के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है।एक से सात जुलाई तक होने वाले इस आयोजन में पूरे प्रदेश में रिकार्ड 35 करोड़ पौधों का रोपण किया जाएगा, जो पूरे देश में सर्वाधिक है। अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि इस संबंध में वन एवं वन्यजीव विभाग ने सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं।

विभिन्न विभागों के समन्वयन से निर्धारित लक्ष्य 52.33 करोड़ पौधों की सैपलिंग का एकत्रीकरण किया जा चुका है। साथ ही 72,912 हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण के लिए अग्रिम मृदा कार्य भी संपन्न हो चुका है। प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में मेरठ और गोरखपुर मण्डल के अलावा सभी मण्डलों की समीक्षा बैठक संपन्न हो चुकी है। जल्द ही पौधरोपण की तिथि तय होते ही प्रदेशव्यापी स्तर पर वन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी यूपी ने पूरे देश में सर्वाधिक 35 करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य तय किया गया है। वन महोत्सव आयोजन के नोडल अधिकारी विभाग के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक दीपक कुमार ने बताया कि वन महोत्सव को लेकर विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

वन विभाग ने विभिन्न विभागों के समन्वयन से निर्धारित लक्ष्य के मुताबिक 52.33 करोड़ पौधों की सैपलिंग जिला एवं मण्डल स्तरों पर स्थित विभाग के मुख्यालयों में एकत्रित कर ली है। जिसके तहत लगभग 47.2 करोड़ पौधों की सैपलिंग वन विभाग ने स्वंय, जबकि लगभग 1. 55 करोड़ उद्यान विभाग, 0.33 करोड़ रेशम विभाग और 3.17 करोड़ निजी संस्थाओं के सहयोग से एकत्र कर ली है। जिसमें से 18.60 करोड़ पौध सागौन, शीशम आदि की, जबकि 10.79 करोड़ आम, अमरूद जैसे फलदार वृक्ष और 5.75 करोड़ सहजन,नीम आदि औषधीय पेड़, 5.62 करोड़ सिरस, अमलतास जैसे सौन्दर्यीकरण के पौधे और 0.29 करोड़ पौधे पीपल, बरगद आदि के विशाल वृक्षों की सैपलिंग तैयार की जा चुकी है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**हल्द्वानी में...** है। यहां बीमार बुजुर्ग को स्ट्रेचर पर लिटाकर पानी से निकालकर एम्बुलेंस तक ले जाया गया। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी तेज बारिश का अलर्ट है। केरल के वायनाड के बुधवार सुबह से तेज बारिश हो रही है। चूरलमाला में बाढ़ का अलर्ट जारी किया गया है। पिछले साल मुडक्कई, चूरलमाला, अटामाला समेत दूसरे इलाकों में लैंडस्लाइड में 369 लोगों की मौत हुई थी। पहाड़ों पर नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हुआ है। इससे जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड और लद्दाख में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। मध्य भारत के मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पूर्वी गुजरात और राजस्थान के कई हिस्सों में भी भारी बारिश के संकेत हैं। अगले 24 घंटों में पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में भी तेज बारिश हो सकती है। उत्तर-पश्चिमी राजस्थान में 26 जून से मानसून सक्रिय होने के साथ बारिश तेज होने की संभावना है। जयपुर में मंगलवार सुबह 8 से शाम 5 बजे तक 3 इंच से ज्यादा (77.8एमएम) बारिश हुई। मध्य प्रदेश के ऊपर से ट्रफ लाइन गुजरने की वजह से बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। मौसम विभाग के मुताबिक, ट्रफ गुजरने के साथ ही साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी एक्टिव है। प्रदेश में अगले 4 दिन तेज बारिश की संभावना है।

# सड़क हादसे में हुई युवक की मौत

## पुरा महादेव से बिटावदा लौट रहा था आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक सडक हादसे में एक युवक की मौत हो गयी। जिसको लेकर परिजनों में चीख पुकार मच गयी। शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बिटावदा निवासी लगभग 24 वर्षी आदेश सहरावत पुत्र कृष्ण पाल सिंह सहरावत बीती दिन मोटर साइकिल पर सवार होकर घूमने के लिए अकेले ही जनपद बागपत मे स्थित धार्मिक स्थान पुरा महादेव गया हुआ था। जब वह वहां से घूमकर विगत रात्री अकेला ही मोटर साइकिल पर सवार होकर अपने गांव बिटावथा लौट रहा था तो पुरा महादेव के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने आदेश की मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी और वाहन सहित फरार हो गया। उधर टक्कर लगते ही आदेश की मौके पर ही मौत हो गयी। आते जाते राहगीरों की सूचना पर बागपत पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मृतक के शव की शिनाख्त मोबाइल के आधार पर करते हुए घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। तब परिजन मौके पर रोते बिलखते हुए पहुंचे। पुलिस ने आदेश सहरावत के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरु कर दी थी। वहीं मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद बीती मंगलवार के दिन उसके गांव बिटावदा पहुंचा। जहां पर सैंकडों ग्रामीणों की मौजूदगी में आदेश के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना को लेकर परिजनों में चीख पुकार मची है वहीं गांव में शोक व्याप्त है।

## महलजना के बासीब की पंजाब में मौत

**बुढाना।** ऊंचे टावर पर चढ़कर कार्य कर रहा एक युवक अचानक से सेफ्टी पिन के टूट जाने से नीचे गिरकर मौत के मुंह मे समा गया। इस घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया। बुढाना कोतवाली की उकावली पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव महलजना निवासी बासीब पुत्र इसरार राणा पंजाब राज्य के जनपद तरन तारन के कस्बा पटी में रहकर खराब हुए टावर को ठीक करने का कार्य करता है। आज बुधवार की सुबह हर दिनों की भांति वह किसी ऊंचे टावर पर चढकर उसको ठीक करने का काम कर रहा था कि अचानक से सेफ्टी पिन टूट गया और वह काफी ऊंचाई से नीचे गिरकर घायल हो गया। टावर के नीचे खडे मजदूरों ने बासिब राणा को आनन फानन में एक नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। जहां पर



मृतक का फाइल फोटो।

चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जैसे ही फोन पर बासिब के मरने की सूचना उसके परिजनों को मिली तो परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया और वे उसके शव को लेने के लिए पंजाब प्रांत के लिए रवाना हो गये थे। पूरे गांव में शोक व्याप्त है। बासीब राणा के 2 बच्चे बताए गये है और वह मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का गुजर बसर कर रहा था।

# झाड़ियों में अटका मिला अवि का शव

## मेरठ की टीम हुई विफल, मछियारों की टीम ने बच्चे को निकाला तालाब से बाहर, मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ग्राम शेरनगर में तेज बारिश के दौरान तालाब में डूबे मासूम अवि का शव 60 घंटे बाद गोताखारे व मच्छियारों ने झाड़ियों में फंसा हुआ बरामद किया। आज सवेरे से ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी तालाब के आस-पास रहकर बच्चे की तलाश कराते रहे, ग्राम प्रधान द्वारा बुलाए गए मच्छियारे व गोताखोरो ने जैसे ही मासूम बच्चे के शव को झाडियों से बाहर निकाला तो पूरे गांव में कोहराम मच गया और परिजनों में चीख-पुकार शुरू हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बता दे कि रविवार की सवेरे आठ बजे तेज वर्षा हुई थी जहां तेज हवाओं से आसपास पेड पौधे भी गिर गए थे वहीं रविवार को ग्राम शेरनगर में एक दर्दनाक घटना घट गई थी। शेरनगर के राहुल का बेटा अवि व किट्टू घर के आंगन में बारिश में नाह रहे थे इसी दौरान अवि पानी के तेज बहाव में बहकर तालाब में समा गया था। इस घटना से पूरे गांव में कोहराम मच गया था ग्रामीणों ने बच्चे की तलाश शुरू की पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए थे सोमवार व मंगलवार को भी पुलिस व प्रशासनिक के अधिकारी जेसीबी मशीन व मेरठ पीएसी के गोताखोरों से तालाब में बच्चे की तलाश कराते रहे, लेकिन जब उनको कोई कामयाबी नहीं मिली तो मेरठ की टीम वापस लौट गई थी इस दौरान परिजन ही नहीं पूरा गांव मायूस हो गया था कि आखिर मासूम अवि का शव कहा गया। अवि की बरामदगी न होने से लोग तरह-तरह के कयास लगाने लगे थे। बताया जाता है कि ग्राम प्रधान ने मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मोरना सहित कई नगर के गौताखोर व मच्छियारों को गांव में बुलाया और पूरा तालाब साफ करने का ठेका दिया। ठेकेदार शहजाद की देखरेख में किदवईनगर निवासी सुल्तान, करीम नगर निवासी दिलशाद, मच्छियारों वाली मस्जिट के निकट रहने वाला सलीम व महताब, सुजडु का जाहिद व मोरना और बिजनौर के मच्छियारे व गोताखारों ने जेसीबी की मदद से तालाब की सफाई शुरू की। मंगलवार को पूरे दिन तालाब की सफाई की गई, लेकिन शाम तक कोई कामयाबी नहीं मिली। इस दौरान गोताखोर भी मायूस हो चले थे, लेकिन बुधवार की सवेरे करीब नौ बजे सभी गोताखोर जेसीबी मशीन के द्वारा तालाब की सफाई करने में लगे। बताया जाता है कि घास को रस्सी से बांधकर जेसीबी से खींचकर बाहर लाया जा रहा था इसी बीच तालाब के परले कोने पर झाडियों में अटका हुआ अवि का शव दिखाई पड़ा। गोताखोरों ने अवि के शव को बाहर निकाला। इस दौरान यहां कोहराम मच गया। और जैसे ही बच्चे के शव को घर पहुंचाया गया तो यहां भी चीख-पुकार शुरू हो गई। बच्चे के शव पूरी तरह फूल चुका था। मौके पर मौजूद पुलिस ने शव का पंचनामा भरा और उसको पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम प्रधान इकराम अंसारी का कहना है कि दो दिन से गांव के कुत्ते बार-बार मौके पर ही आकर रूक रहे थे, जिससे ग्रामीणों को शक हुआ कि बच्चे का शव यहीं झाडियों में हो सकता है।

# खैर लकड़ी प्रकरण में रेंजर सस्पेंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रामसर साईट हैदरपुर वेटलैंड से करोडों की खैर की लकडी की तस्करी के मामले को गम्भीरता से लेते हुए वन विभाग के उच्चाधिकारियों ने जानसठ रेंज के वन रेंजर आरिफ जमाल खान को सस्पेंड किया है। रामसर साईट हैदरपुर वेटलैंड के जंगल से खैर तस्करों ने करोडो रुपये के 100 से अधिक पेड काट लिए थे। मामला उजागर होने के बाद बीते शुक्रवार को डीएफओ कन्हैया लाल पटेल ने टीम के साथ जांच की तो काटे गए खैर के 52 पेड की गिनती हुई थी। जिसके बाद लकडी तस्करी के मामले में लापरवाही और मिलीभगत पाए जाने के बाद डीएफओ ने हैदरपुर बीट के वन दरोगा रवि कुमार व वन रक्षक मोनू को सस्पेंड किया गया था।रामसर साईट हैदरपुर वेटलैंड से करोडों की खैर की लकडी की तस्करी के मामले को गम्भीरता से लेते हुए वन विभाग के उच्चाधिकारियों ने जानसठ रेंज के वन रेंजर आरिफ जमाल खान को सस्पेंड किया है। रामसर साईट हैदरपुर वेटलैंड के जंगल से खैर तस्करों ने करोडो रुपये के 100 से अधिक पेड काट लिए थे। मामला उजागर होने के बाद बीते शुक्रवार को डीएफओ कन्हैया लाल पटेल ने टीम के साथ जांच की तो काटे गए खैर के 52 पेड की गिनती हुई थी। जिसके बाद लकडी तस्करी के मामले में लापरवाही और मिलीभगत पाए जाने के बाद डीएफओ ने हैदरपुर बीट के वन दरोगा रवि कुमार व वन रक्षक मोनू को सस्पेंड किया गया था।

इसके बाद हरकत में आये रेंजर आरिफ जमाल खान ने नौ खैर तस्करों को नामजद करते हुए 22 तस्करों के खिलाफ मुकदमें दर्ज कराए थे तथा उत्तराखंड के लक्सर से 80 कुंतल खैर की लकडी भी बरामद की थी। साथ ही वन विभाग व स्थानीय थाने की पुलिस खैर तस्करों की तलाश में मुजफ्फरनगर, बिजनौर, हरियाणा व उत्तराखंड में दबिश दे रही है, लेकिन आरोपी नामजद होने के बाद भी टीम किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। रामसर साइट हैदरपुर वेटलैंड क्षेत्र से हुई खैर तस्करी की लखनऊ तक गूंज जाने के बाद उच्चाधिकारियों ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को जानसठ रेंज के वन रेंजर आरिफ जमाल खान को भी सस्पेंड कर दिया है। डीएफओ कन्हैया पटेल नें रेंजर को सस्पेंड किए जाने की पुष्टि की है।




मुजफ्फरनगर:आपात काल की यादों को सामने रखते लोकतंत्र सेनानी ज्ञान कुमार एडवोकेट।

# लोकतंत्र सेनानियों को किया गया सम्मानित

## आपातकाल की 54 वी वर्षगांठ पर आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की गई थी, आज आपातकाल की 50 वीं वर्षगांठ के अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज के सभागार में राज्य मंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर की अध्यक्षता में आपातकाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लोकतंत्र सेनानियों को साल भेंट कर एवं फूल माला पहनाकर सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। राज्य मंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर द्वारा सामूहिक हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर किए गए तथा सभागार में लगी चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया। मंत्री जी ने चित्र प्रदर्शनी की सराहना की।

इस अवसर पर आपातकाल संबंधित लघु फिल्म भी प्रसारित की गई। मंत्री ने कहा कि संविधान की रक्षा हम सब की जिम्मेदारी है, एवं लोकतांत्रिक व संवेधानिक के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता जतायी।

इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानी धर्मवीर सिंह, बालियान पूर्व मंत्री, ज्ञान कुमार एडवोकेट, राम तोमर, हरवीर बालियान, डॉक्टर मुस्तफा, मोहम्मद जिकरिया, मोहम्मद इलियास खान, मोहम्मद शाहिद, मनीषा, मोहम्मद अफजाल, मोहम्मद जफरयाब, कलावती, रमेश चंद्र, बदलू आदि को मंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष, वीरपाल निर्वाल,नगर पालिका परिषद अध्यक्ष, मीनाक्षी स्वरूप, जिला अध्यक्ष,भारतीय जनता पार्टी सुधीर सैनी एवं जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, द्वारा शाल भेंट कर एवं फूल माला पहनाकर अभिनंदन करते हुए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, अपर जिला अधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर, उप जिलाधिकारी संजय सिंह, तहसीलदार सदर राधेश्याम गौड, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार,जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश वास, एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन बाल कल्याण समिति सदस्य डॉक्टर राजीव कुमार द्वारा किया गया।

# प्रकाश चौक पर नाले में गिरे व्यक्ति की हुई मौत

## कराया पोस्टमार्टम, परिजनों में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सर्विस क्लब के बाहर पुलिया पर बैठा व्यक्ति नाले में गिर गया। कुछ देर बाद जब उसको बाहर निकाला गया तो व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। सूचना के बाद सिविल लाइन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की पहचान कराई। परिजनों को सूचना देने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सिविल लाइन थाना प्रभारी आशुतोष ने अपने मीडिया सेल पर एक सूचना प्रशारित करते हुए बताया कि ग्राम वहलना निवासी 55वर्षीय ऋषिपाल पुत्र रंजित शराब पीने का आदि था और वह प्रकाश चौक सर्विस क्लब के सामने पुलिया पर बैठा हुआ था इसी दौरान डिस बैलेंस के चलते वह नाले में गिर गया घटना के बाद ऋषिपाल को बाहर निकाला गया, लेकिन इस समय तक उसकी मौत हो चुकी थी। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने यह भी जानकारी दी कि इस मामले की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टमके लिए भेज दिया। उन्होने यह भी बताया कि प्रथम दृष्टया इस मामले में किसी भी जुर्म का नहीं होना पाया गया।

# मोहर्रम व कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

## धर्म गुरुओं की बैठक में डीएम और एसएसपी ने मांगे सुझाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मोहर्रम और कांवड़ यात्रा की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। शांति समिति की बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और सामाजिक लोगों से डीएम और एसएसपी ने सुझाव मांगे, वहीं उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया कि बिजली, पानी, सड़क, डिवाइडर जैसी मूलभूत समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

बुधवार को जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित शांति समिति की बैठक में शहर काजी तनवीर आलम, शहर मुफ्ती जुल्फिकार अली, एडीएम प्रशासन संजय कुमार, एसपी देहात आदित्य बंसल, एसपी ट्रैफिक अतुल चौबे, सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर, जेल अधीक्षक अभिषेक चौधरी, एसडीएम मोनालिसा जौहरी, सीओ सिटी राजू साव, सीओ सदर देवव्रत, सीओ नई मंडी रूपाली राव, सीओ जानसठ यतेन्द्र सिंह नागर, सीओ भोपा डॉ. रविशंकर मिश्रा, सीओ बुढ़ाना गजेन्द्र पाल सिंह, सीओ खतौली रामाशीष यादव, सीएफओ अनुराग सिंह, डीपीआरओ रेणु श्रीवास्तव, ईओ नगरपालिका डॉ. प्रज्ञा सिंह, तहसीलदार सदर राधेश्याम गौड़, एडीपीआरओ धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी और सैंकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि कांवड यात्रा ग्यारह जुलाई से शुरू हो रही है। दुर दराज के शिव भक्त कावंड़िए वैसे अभी से ही गंगा जल लेकर जिले से गुजर रहे है। जिनके लिए भी पुलिस प्रशासन खासा चौकना बना है।

### खाकी की नजर में रहेगी सोशल मीडिया

**मुजफ्फरनगर।** बैठक में एसएसपी संजय वर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी क्षेत्राधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने युवाओं को हिदायत देते हुए संयम व सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया या धार्मिक आयोजनों में भड़काऊ भाषण देने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए अतिरिक्त रूप से 5 चीता मोबाइल पुलिस दल की ड्यूटी लगाई गई है। अधिकारियों का कहना है कि सोशल मीडिया पर यदि कोई फर्जी पोस्ट डालकर कानून व्यवस्था खराब करेगा तो अत्यंत सख्त कार्यवाही की जाएगी।






मुजफ्फरनगर: कांवड़ यात्रा को लेकर समीक्षा बैठक लेते डीएम उमेश मिश्रा।

# बारिश में गिरी चरथावल थाने की छत

**किसान नेता की कार पर गिरा भारी पेड़, बड़ा हादसा होने से टला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बुधवार की सवेरे काली घटा के साथ मुसलाधार बारिश होने से जगह-जगह पानी भरा और जन जीवन पूरी तरह प्रभवित हुआ इसका असर अधिकतर देहात क्षेत्र में पडा। चरथावल परिसर में भी बारिश ने खतरनाक रूप दिखाया, तेज बारिश के चलते चरथावल थाना परिसर में बने एक पुराने कमरे की छत का हिस्सा अचानक ही भरभराकर गिर जाने से पुलिस स्टाफ में अफरा-तफरी मच गई इसमें गनीमत यह रही कि इस समय कोई पुलिसकर्मी कमरे में मौजूद नही था जिससे यहां बड़ा होने से बाल-बाल बचा। कुछ देर बाद ही यहां स्टाफ की भीड लग गई बताया जाता है कि चरथावल परिसर में कुछ कमरों की हालत जर जर बनी हुई है यहां तक की बारिश का पानी भी कमरों में भर जाता है। काफी समय से इन पूराने कमरों की मरम्मत भी नहीं हुई है ऐसा सूत्रों का कहना है। बारिश रूक जाने तक पुलिसकर्मी मलबा हटाने का इंतजार करते रहे, बारिश रूकी तो कुछ लोगों को बुलाकर थोडा हलका-फुलका मलबा अलग कराया। इस दौरान चरथावल मार्ग पर एक बडा पेड भी गिर गया। गनीमत यह रही कि राष्ट्रीय भूमिहार सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व किसान नेता काला प्रधान की कार पर यह पेड गिरा था, लेकिन उनकी जान बच गई। किसी तरह लोगों ने पेड को हटवाया, क्योकि यहां यातायात बाधित हो गया था।




# छेड़खानी के आरोपी को पंचायत ने थप्पड़ जड़े

## सोशल मीडिया पर मामला हुआ वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कस्बा मीरांपुर क्षेत्र के एक गांव में युवती से हुई छेडखानी के मामले में गांव में एक पंचायत का आयोजन किया गया जिसमे आरोपी को भरी पंचायत में अनोखी सजा सुनाई।

इस दौरान आरोपी को भरी पंचायत में थप्पड मारे गए और आरोपी ने अपनी गलती की माफी भी मांगी। इस घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है यह मामला पुलिस के भी संज्ञान में पहुचा है जहां पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि विगत दिवस युवक ने गांव की ही युवती के साथ छेड़खानी व अश्लील हरकत कर दी थी। यह मामला परिजनों तक पहुंचा तो इसकी शिकायत ग्राम प्रधान से की गई।

प्रधान ने इस मामले में गांव के जिम्मेदार लोगों की एक पंचायत बुलाई। लोगों का मानना था कि गांव की लडकी के साथ छेडखानी का मामला बाहर तक न जाए।

पंचायत में आरोपी युवक को भी बुलाया गया और उसने पंचायत में अपनी गलती का एहसास करते हुए माफी मांगी। इसके बावजूद भी युवक को पंचायत में कई थप्पड मरवाए गए।

# पत्नी ने पति की वीडियो सोशल मीडिया पर डाली

**मंसूरपुर पुलिस ने शिकायत के आधार पर किया मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पत्नी सहयोगियों के साथ मिलकर अभद्र वीडियो बनाकर उसके खिलाफ सोशल मीडिया पर डाल रही है ऐसा एक पीडित ने एसपी साइबर क्राइम को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है पीडित का कहना है कि अभद्र वीडियो रिश्तेदार व परिचितों को भेजकर उसको बदनाम किया जा रहा है जिससे उसकी जीने की इच्छा नहीं रही। पीडित की शिकायत पर एसपी साइबर क्राइम के आदेश पर मंसूरपुर पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर लिया है।

मंसूरपुर क्षेत्र के एक गांव के निवासी ने बारह जून को एसपी साइबर क्राइम को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसकी पत्नी उसके साथ काफी समय से विवाद करती है। और इसी विवाद में उसकी पत्नी अपने मयके में रह रही है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि पत्नी ने अपने मयके से ही कुछ अज्ञात लोगों से मिलकर इंस्टाग्राम पर एक किंग नाम से सोशल अकाउंट बनाया और इस इंस्टाग्राम अकाउंट के सहारे उसकी पत्नी और उसके सहयोगी उसके खिलाफ अभद्र वीडियो वायरल कर रहे है। गलत सलत वीडियो बनाकर उसके रिश्तेदारों व परिचितों को भेजी जा रही है और मोबाइल पर भी उसके कई रिश्तेदारों को वीडियों भेजी गई है। पीड़ित ने बताया कि वह गलत-सलत वीडियो से परेशान है और उसका मानसिक उत्पीडन किया जा रहा है पीडित ने ब्लैकमेल करने का भी आरोप लगाया था। इसमें सबसे गंभीर बात यह है कि उसकी पत्नी व उसके सहयोगी इसलिए ऐसी हरकत कर रहे है कि वह अपनी पत्नी को छोड दे।

शिकायती पत्र में यह भी बताया गया कि वह इस अभद्र वीडियो को लेकर मानसिक रूप से परेशान है और वह इस तरह की हरकत से समाज के सामने शर्मसार है इसलिए उसने लोगों के पास बैठना भी छोड दिया है। पीड़ित ने उक्त सोशल मीडिया प्लेटफार्म एकाउंट बंद कराने की मांग की है। पीडित ने पत्नी व सहयोगी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है जहां एसपी साइबर क्राइम मंसूरपुर पुलिस को कार्यवाही के आदेश दिए है। फिलहाल मंसूरपुर पुलिस ने शिकायत के आधार पर पीड़ित की पत्नी व उसके सहयोगियों के खिलाफ आईटी एक्ट व अन्य धाराओ में मुकदमा भी दर्ज कर लिया है।

# 96 गज के प्लॉट को लेकर भाइयों-बहनों में विवाद

## इस्लामाबाद भूड़ में जमकर हुआ बवाल, पीड़ित पक्ष ने सीओ से लगाई न्याय की गुहार

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** इस्लामाबाद भूड़ में 96 गज के प्लॉट को लेकर दो सगे पक्षों में सोमवार को जबरदस्त विवाद हो गया।

मामूली कहासुनी देखते ही देखते मारपीट और पथराव में बदल गई, जिसमें आधा दर्जन से अधिक महिला और पुरुष घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।

राशिद अपने भाई के साथ खतौली इस्लामाबाद भूड़ से जानसठ कस्बे में रहने लगा था। इस्लामाबाद भूड़ पर उनकी माँ के नाम 96गज प्लाट है जिसको लेकर बहनों और भाइयो में विवाद चला आ रहा है।

विगत मंगलवार को दोनो भाई अपनी पत्नियों के साथ प्लाट को देखने आए थे जिसका उनकी बहनों और बहनोई ने विरोध किया जिसके बाद दोनों में जमकर गाली गलौच और मारपीट के बाद पथराव और तोड़फोड़ की गई। पीड़ित भाइयों का आरोप है कि उनकी बहनों ने प्लॉट पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की और हिस्सा मांगते हुए गाली-गलौज करने लगीं। विरोध करने पर उक्त लोगो ने मारपीट और तोड़फोड़ करते हुय पथराव कर दिया, जिसमें परवीन पत्नी राशिद, सादिया पत्नी वसीम, रुकसाना पत्नी आकिब, वसीम और राशिद घायल हो गए। बताया गया कि जान बचाकर लोगों को मौके से भागना पड़ा। घटना की जानकारी सीओ रामाशीष यादव को दी गई, जिन्होंने पीड़ितों को कोतवाली भेजा और कार्रवाई का आश्वासन दिया। पीड़ित पक्ष ने बहनों पर धमकी देने और झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश रचने का भी आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। पीड़ित पक्ष रुकसाना पत्नी आकिब ने हमलावरो के खिलाफ तहरीर देते हुय कार्रवाई की मांग की पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# जयंती पर यज्ञ कर वीपी सिंह को दी श्रद्धांजलि

## पूर्व पीएम का मुजफ्फरनगर से रहा है नजदीकी रिश्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की 94 वी जयंती पर वीपी सिंह विचार मंच ने यज्ञ कर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम में विचार गोष्ठी की अध्यक्षता जगदीश पांचाल व ठाकुर राजेंद्र सिंह पुंडीर ने की तथा कार्यक्रम में राज ऋषि आर्य, मास्टर विजय सिंह,महेश विश्वकर्मा आर्य,रामरतन पांचाल, देशपाल पांचाल,डॉक्टर राय,अंकित आर्य ,अजय कुमार आर्य, यशवीर , सतबीर सिंह , अंकित कुमार ने उनके राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डाला विश्वनाथ प्रताप सिंह के प्रधानमंत्री काल मे देश के पिछड़े वर्ग के लोगों को सामाजिक न्याय देते हुए ҕ मंडल रिपोर्ट ҕ को लागू कर पिछड़ी गरीब लोगों को 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया तथा वे देश के केंद्रीय वित एवम राजस्व मंत्री व रक्षा मंत्री रहते हुए भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए बहुत कार्य किये। विश्वनाथ प्रताप सिंह सामाजिक न्याय के प्रखर प्रहरी ईमानदार जननायक थे।



मुजफ्फरनगर:पूर्व पीएम वीपी सिंह की स्मृति में यज्ञ करते उनके अनुयाई।

# राज्य महिला आयोग की सदस्या ने सर्किट हाउस में सुनीं महिलाओं की समस्या

**मेरठ।** सर्किट हाऊस व सदर तहसील, मेरठ में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या डॉ. मीनाक्षी भराला द्वारा महिलाओं से संबंधित मामलों में जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में पुलिस से संबंधित कुल 15 प्रकरण प्राप्त हुये। जन सुनवाई के दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्या द्वारा संबंधित अधिकारी को प्रार्थना पत्र का तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। उसके उपरांत सदस्या द्वारा थाना जानी का निरीक्षण किया गया। सदस्या ने कहा कि सभी अधिकारी महिलाओं की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर करें, जनसुनवाई के दौरान उन्होंने महिलाओं से कहा कि वह खुलकर अपनी बात रखें। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी महिला उत्पीड़न से संबंधित घटनाओं का संज्ञान प्राथमिकता पर लेते हुये त्वरित कार्यवाही करें। जनसुनवाई के दौरान अनुपस्थित अधिकारियो के संबंध में उन्होंने कहा कि इसकी सूची बनाकर विभाग के संबंधित उच्चाधिकारी को भेजी जायेगी। उन्होने कहा कि उ.प्र. की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के प्रचार प्रसार हेतु गांव गांव में कैम्प लगाकर महिलाओ को जागरूक किया जायेगा, जिससे ग्रामीण महिला जागरुक होकर योजना का लाभ ले सके।

# किमसं का धरना तीसरे दिन भी रहा जारी

**बुढ़ाना।** तहसील परिसर में बुधवार को भी किसान मजदूर संगठन का धरना प्रदर्शन जारी रहा। तहसील अध्यक्ष कृष्ण कुमार राणा ने बताया कि किसानों की मांग है कि बजाज शुगर मिल भसाना का भुगतान जल्द से जल्द दिया जाए। खेत की बिजली लगातार 10 घंटे दी जाये जो कटौती हो उसे पूरा किया जाए। घरों के सब बिल ठीक कराये जायें। आवारा गौवंश को गौशाला में भेजकर किसानो का निदान कराया जाये। चौगामा नहर में लगातार कल्लरपुर गंग नहर से पानी छोडा जाये। बडौदा नहर के किसानो को मुआवजा दिया जाए। तहसील में किसानों के अंश ठीक किये जाये लेखपाल व अन्य ने प्राईवेट आदमी रखे हुये हैं उन्हे तुरन्त हटाया जाये। बिराल, अटाली और उकावली में चकबन्दी भ्रष्ट मुफ करायी जाये। हिन्डन नदी, काली व ख्रष्णा नदी की सफाई कराके नहर का पानी छोडा जाये। चन्धेडी, अटाली, नगवा, सरोरा, पारसी और कुतुबपुर दताना आदि गाँव में पीने का पानी खराब हो रहा है। जिससे गाँव में बीमारी फैल रही है। राजपुर से परासौली व कुरालसी से कमरूदीन. नगर सडक जर्जर हालत में है तुरन्त बनवाई जाये। कितास गाँव में विनय व योगिन्द्र के नाम नवम्बर 2024 में दाखिल खारिज हो चुका था जबकि बीती 21 अप्रैल में दाखिल खारिज निरस्त कर दिया गया वापसी जमील विक्रेता के नाम कर दी गयी है। बिराल गॉव में हाईस्कूल के ऊपर 11 हजार की विधुत लाईन गुजर रही है उसे तुरंत हटाया जाये तथा उकावली में पीरू के मकान से जबरदस्ती 11 हजार की लाईन गुजार दी उसे तुरन्त हटाई जाये। बिराल इन्टर कालिज में अध्यापक नहीं है व्यवस्था करायी जाये। अटाली गाँव में टंकी पर कोई आरपेटर नही है। आपरेटर छोडा जाये व जहाँ पर टंकी लगी है रास्ते खराब हैं ठीक कराये जायें। ग्राम कुरालसी में टंकी जगह जगह से लिकेज है उसे तुरन्त ठीक कराया जाए। सरकारी टड्ूबवैल की नाली लीकेज है तुरन्त ठीक करायी जाए। गांव कुरालसी व अटाली गाँव में हरियाखेडा गाँव में खसरा नम्बर 198, 197 और 196 बंजर वृक्षारोपण खाद के ग्ढ्ढे को कब्जा मुफ कराया जाए। बिराल गाँव में जेई सुनील द्वारा चौकिंग के नाम पर घर में घुसकर महिलाओ संग छेडछाड़ की गयी जेई के विरूद्ध एफआईआर लिखकर तुरन्त निलम्बित किया जाए। बिजली घरो पर गाँव के लाईनमैन व एसएसओ को तुरन्त हटाकर दूसरे गाँव के लगाये जायें। पीडब्लूडी द्वारा दताना गाँव की सडक तुरन्त बनायी जाए। बिराल गाँव से भनेडा व एलम की सडक तुरंत बनवायी जाये। पीडब्लूडी द्वारा कुरालसी व बिराल गाव में जो सीसी बनी है उसके बराबर में इंटरलॉक लगवायी जाए। गांव राजपुर छाजपुर में गाटा संख्या 271, 1063 व 2007 को कब्जा मुफ कराया जाए। जौला गांव में श्मशान घाट को कब्जा मुक्त कराया जाए जो खसरा नम्बर 1458 है। जौला गाँव में टावर जियो की लाईन टाऊन से हटाकर अलग की जाए। अटाली गाँव में 1253 खसरा नम्बर को कब्जा मुक्त कराया जाए। गांव करालसी, बिराल व नगवा में डाक्टर उपलब्ध कराये जाएं।

## युवक ने एटीएम कार्ड बदलकर किसान के 40 हजार किए साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम अहमदपुरी निवासी रामनिवास नगर के किठौर तिराहे के पास लगे एटीएम से रुपए निकालने आया था तभी पास खड़े युवक ने उसका कार्ड बदल दिया बाद में रामनिवास के मोबाइल पर 40हजार निकालने का मैसेज आया तो उसके होश उड़ गए पीड़ित किसान ने थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर दी है।

# महिला आयोग सदस्या के समक्ष उठा गैंगरेप का मुद्दा



**बुढ़ाना।** राज्य महिला आयोग की सदस्या सपना विजय कश्यप ने महिलाओं की समस्याओं को सुना व सब समस्याओं का जल्द निस्तारण करने के निर्देश महिला थानाध्यक्ष को दिये। बिटावदा गांव की नेहा ने बताया कि उसकी शादी को 6 वर्ष हो गये। उसकी सास, ससुर व देवर उसे व उसके बीमार पति को परेशान करते हैं। उसके पति के हिस्से की जमीन हड़प करने के उद्देश्य से उसे बेघर करना चाहते हैं। रियावली नंगला की महिला ने बताया कि उसके साथ गैंगरेप करने वाले गांव के मनव्वर, नीशू, सदाकत, शोएब हैं। जिनके विरुद्ध रतनपुरी पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही। आरो. पियों ने उसकी अश्लील वीडियो बनाई है। अगर सभी के विरुद्ध कार्यवाही नहीं हुई तो वो परिवार समेत गांव से पलायन करेगी। डुंगर निवासी सरदार ने बताया कि वह काश्तकार है मगर आज तक उसे पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिला। लेखपाल अड़चन लगा रहा है। गांव वैल्ली निवासी शिमला ने बताया कि उनकी पुत्र वधू उनके पुत्र की हत्या की फिराक में है। पत्नि से तंग उनका पुत्र खुदकुशी की कोशिश कर चुका है। पुत्रवधू जरा सी बात पर अपने मायके वालों को बुलाती है। 19 शिकायतों में से 13 शिकायतें निस्तारित हुई। यहां एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ, एसडीएम अपूर्वा यादव, फुगाना सीओ ऋषिका सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी शक्ति सिंह, डाक्टर दिव्या वर्मा, तहसीलदार महेंद्र यादव, नायब तहसीलदार अमन सिंह, महिला थानाध्यक्ष सुमन शर्मा व पीएचसी प्रभारी डाक्टर सोनू कश्यप मौजूद थे।

# दबंगों से परेशान महिला ने दी खतौली छोड़ने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली भूड़ निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देते हुय मौहल्ले के ही कुछ दबंगो से परेशान होकर खतौली छोड़ने की चेतावनी दी है। पुलिस ने तहरीर देते हुय दबंगो के खिलापफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

दबंगों की धमकियों से परेशान एक महिला मुनेश पत्नी किरण सिंह निवासी अदैत विहार ने परिवार सहित खतौली छोड़ने की चेतावनी दी है। पीड़ित महिला बुधवार को कोतवाली पहुंची और मोहल्ले के कुछ दबंगों के खिलाफ तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि उक्त लोग लगातार उसे और उसके परिवार को परेशान कर रहे हैं।

महिला ने बताया कि दबंगों ने उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी है, जिससे परिवार भय के साए में जीने को मजबूर है। पीड़िता का कहना है कि बुधवार को दबंग उसके घर में जबरन घुस आए और अभद्रता करते हुए उसके बेटे के बारे में पूछताछ की। विरोध करने पर उसे धमकाया गया कि उसके बेटे को जान से मार दिया जाएगा। महिला के अनुसार, इस तरह की धमकियां और परेशानियां बीते कुछ समय से लगातार जारी हैं, जिससे उनका जीना दूभर हो गया है। दबंगों की हरकतों से भयभीत महिला और उसका परिवार अब खतौली छोड़ने की तैयारी में है। महिला ने पुलिस से कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते आरोपियों पर सख्त कदम नहीं उठाए गए तो वह अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए मजबूरन शहर छोड़ देगी। कोतवाली पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# श्री राम कॉलेज निदेशक प्रो. अशोक कुमार को मिला प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक लॉरेल्स पुरस्कार



**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार को वैज्ञानिक लॉरेल्स प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पुरस्कार से नवाज़ा गया है। डा0 अशोक कुमार को यह सम्मान अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक लॉरेल्स की ओर से मृदा स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षण के क्षेत्र में विज्ञान और प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने के लिए ,प्रौद्योगिकी आधारित विज्ञान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रोपफेसर एवं अनुकरणीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया।

इस विषय पर श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा0 अशोक कुमार ने जानक. ारी देते हुए बताया कि वैज्ञानिक लॉरेल्स प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पुरस्कारों में से एक है, जो प्रतिष्ठित विद्वानों, पेश. ेवरों और शोधकर्ताओं को मान्यता देता है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित, यह वैश्विक स्तर पर स्वतंत्र, वस्तुनिष्ठ सलाह प्रदान करता है। नामांकित व्यक्तियों को अनुसंधान में उनके असाधारण योगदान के लिए सहकर्मी मान्यता के आधार पर चुना जाता है। सदस्य कृषि, इंजीनियरिंग, चिकित्सा विज्ञान, प्रबंधन, मानविकी और सामाजिक विज्ञान जैसे क्षेत्रों में शिक्षा, अनुसंधान और सार्वजनिक समझ को बढ़ावा देते हुए अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक समुदाय में सक्रिय रूप से योगदान करते हैं। साइंटिफिक लॉरेल्स को कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय , भारत सरकार द्वारा अनुमोदित और पंजीकृत किया गया है। वर्ल्ड रिसर्च काउंसिल , अमेरिकन चैंबर ऑफ रिसर्च, टाइप्स ऑफ रिसर्च , और यूनाइटेड मेडिकल काउंसिल द्वारा मान्यता प्राप्त, यह वैश्विक विश्वसनीयता सुनिश्चित करता है। वैज्ञानिक पुरस्कार की शुरुआत वैज्ञानिक नेताओं के एक नेटवर्क से हुई है, जो आवश्यकतानुसार वैज्ञानिक और तकनीकी सलाह देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सदस्य चुनावों, अधिकारियों की नियुक्तियों और सूचना प्रसार के संबंध में इसकी संरचना, कार्यों और प्रक्रियाओं को नियंत्रित करता है। दुनिया भर में उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देते हुए, ये पुरस्कार उन व्यक्तियों और संगठनों का सम्मान करते हैं जो ज्ञान को आगे बढ़ाने के लिए अपने समर्पण के माध्यम से समाज को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करते हैं। इस अवसर पर संस्थापक डॉ. एस.सी. कुलश्रेष्ठ ने निदेशक डॉ. अशोक कुमार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि साइंटिफिक लॉरेल्स एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच है जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विविध क्षेत्रों में असाधारण योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए समर्पित है। हमारा समाज ज्ञान और नवाचार की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध प्रतिष्ठित विद्वानों, पेशेवरों और शोधकर्ताओं से बना है। डॉ. अशोक कुमार ने यह सम्मान मिलने पर हर्ष जताते हुए आयोजकों का आभार जताया।

# डाक बंगले पर महिला आयोग की सदस्या ने किया वृक्षारोपण



**बुढ़ाना।** डाक बंगले पर पहुंची राज्य महिला आयोग की सदस्या सपना विजय कश्यप ने वृक्षारोपण किया और पेडों को लगाने के पफायदे बताए। इस दौरान बुढ़ाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक और कश्यप समाज बुढ़ाना की खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप ने भी पेड़ लगाए और मेधावी सात छात्राओं को भारी बारिश के चलते निशुल्क छाते बांटे। छाते पाकर छात्राएं खुशी से फूली नहीं समाई। इस दौरान बुढ़ाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने राज्य महिला आयोग की सदस्या सपना विजय कश्यप को अपनी और से बुकें भेंट कर उनका राष्ट्रीय लोक. दल की तरफ से स्वागत किया। यहां सपना कश्यप ने पत्रकारों से कहा कि वे महिला संबंधी अपराधों के प्रति बहुत ही गंभीर रहती हैं। छोटी से छोटी घटना पर वे खुद मौके पर पहुंचकर पीडिता को न्याय दिलाने का काम करती हैं। उन्होंने महिला अपराधों में कमी आने की बात कही और कहा कि पहले की सरकारों मे महिलाओं पर अत्याचार होते थे मगर अब घटनाओं में कमी आई है। यहां पर तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव, सीओ गजेंद्र पाल सिंह, वन क्षेत्र अधिकारी सुशील कुमार, बीईओ किरण यादव, समाजसेवी राजीव कुमार, महिला थाना अध्यक्ष सुमन शर्मा, वन दारोगा अंशी लाल ओर वनकर्मी हुसैन अल्वी आदि अधिकारी मौजूद थे।

# लायंस क्लब उन्नति ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**मुज़फ्पफरनगर।** लायंस क्लब उन्नति द्वारा अपने सदस्यों के उल्लेखनीय सेवा कार्यों एवं नियमित बैठकों के सपफल संचालन के उपलक्ष्य में एक भव्य अवार्ड नाइट का आयोजन भोपा बायपास स्थित संगम होटल में किया गया। इस अवसर पर क्लब के सक्रिय सदस्यों को समाज सेवा में उनके निरंतर योगदान हेतु ट्राफी एवं अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

क्लब अध्यक्ष लायन सीए मनीष बंसल एवं सचिव लायन अमित मित्तल ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें उपहार एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए। समारोह में स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान अभियान, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा सहयोग और जरूरतमंदों को सहायता जैसे विभिन्न सामाजिक कार्यों की उपलब्धियों को भी रेखांकित किया गया।कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन मनीष बंसल ने अपने उद्बोधन में कहा, समाज सेवा लायंस क्लब की पहचान है। यह कार्य केवल दायित्व नहीं, अपितु हमारा आत्मिक कर्तव्य भी है। क्लब के मीडिया चेयरमैन एवं डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल कंसल ने जानकारी दी कि इस समारोह में डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी अजय अग्रवाल, डि. ळस्ज् कोऑर्डिनेटर रीना अग्रवाल, रीजन चेयरपर्सन अतुल ऐरन समेत कई गणमान्य सदस्य अपने परिवार सहित उपस्थित रहे। प्रमुख सदस्यों में लायन निखिल मित्तल, लायन पंकज अग्रवाल, लायन मनीष जैन, लायन



सचिन गोयल, लायन मुकुल गोयल, लायन राजेश मित्तल, लायन महेश जिंदल,लायन हिमांशु गुप्ता, लायन विशाल अग्रवाल,लायन कपिल गर्ग, लायन आकाश अग्रवाल, लायन शि. शिर संगल, लायन लायन डॉ. प्रवेश कुमार एवं लायन नितिन गोयल आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में क्लब सदस्यों के परिवार. जनों, विशेषकर बच्चों एवं मातृशक्ति ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। समारोह का समापन सामूहिक रात्रिभोज के साथ हुआ, जिसमें सभी सदस्यों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी संवाद व आनंद का अनुभव किया।

**सम्बन्ध-विच्छेद सूचना**

मैं मोहम्मद तय्यब पुत्र अब्दुल गनी निवासी- बहेड़ी थाना शहर कोतवाली जनपद मुज़फ़्फ़रनगर, मेरी शादी निखत पुत्री शहीद निवासी अंबेहटा शेख, थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर के साथ हुई थी, मेरा एक लड़का भी है जिसका नाम मोहम्मद हम्माद है, जो अपनी माँ निखत के साथ रहता है, मेरा व मेरी पत्नी निखत का तलाक आपसी सहमति से दिनांक 19/5/2022 को हो गया था, और निखत ने दूसरी शादी कर ली है, अब निखत व उसके पुत्र मोहम्मद हम्माद से मेरा कोई संबंध नहीं है, मैं इन दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं, भविष्य में निखत व मोहम्मद हम्माद का किसी भी तरह से मेरी संपत्ति में अधिकार नहीं है।

**सूचना**

मेरी पुत्री गौरांगी बंसल के जन्म प्रमाण पत्र सं. 7614 दिनांक 24.7.21 में गलती से माता का नाम साक्षी अंकित करा दिया गया , जबकि वास्तविक नाम साक्षी बंसल है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा । शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**माणिक बंसल**
**पुत्र श्री अनिल कुमार बंसल**
**निवासी म.न.- 902/5,**
**संजय मार्ग, गांधी नगर,**
**मुजफ्फरनगर**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र हारून व उसकी पत्नी श्रीमती सोफिया मेरे व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है गलत संगत में पड गए है इसलिए मैने इन दोनो से संबंध विच्छेद कर इन्हे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की किसी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**इस्लाम पुत्र इब्राहीम**
**निवासी-74 ग्राम जसोई**
**थाना तितावी**
**जिला मुजफ्फरनगर**



खतौली: पूर्व मंत्री और लोकतंत्र सेनानी धर्मवीर बालियान व अन्य को सम्मानित करते एसडीएम

# आपातकाल की बरसी: लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान

## आपातकाल के कड़वे अनुभवों को आज तक नहीं भूले लोकतंत्र सेनानी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** आपातकाल की 49वीं बरसी पर बुधवार को तहसील सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित कर वर्ष 1975 में जेल गए लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर सेनानियों ने आपातकाल के दौरान जेल में बिताए कठिन दिनों को याद कर सबकी आंखें नम कर दीं।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री धर्मवीर बालियान, जिला पंचायत सदस्य मनोज राजपूत, एसडीएम संजय सिंह, तहसीलदार सतीश बघेल, नायब तहसीलदार अमित रस्तोगी, जगदीश आर्य एडवोकेट सहित कई तहसील कर्मचारी समेत दर्जनों महिला और पुरुष लोकतंत्र सेनानी मौजूद रहे।

भाजपा नेताओं और प्रशास. निक अधिकारियों ने लोकतंत्र सेनानियों को शॉल ओढ़ाकर और फूल मालाओं से सम्मानित किया। पूर्व मंत्री धर्मवीर बालियान व लोकतंत्र सेनानी ने कहा, 25 जून 1975 को जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने चुनाव हारने के बाद देश में इमरजेंसी लागू की, तो मानो पूरा देश एक जेल बन गया। हम जैसे हजारों लोगों को बिना किसी अपराध के जेलों में ठूंस दिया गया। उन्होंने कहा, ष्हमारे खाने में जो रोटी मिलती थी, उसे जितनी बार पटको, उतनी बार राख गिरती थी। दाल छान लो, फिर भी दाल नजर नहीं आती थी।

पत्रों पर सेंसर होता था और केवल पिता, पत्नी या भाई से ही मुलाकात की इजाजत होती थी। पीने को साफ पानी और रहने को जगह तक नहीं थी। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य मनोज राजपूत ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ह्देश की आज़ादी के बाद यह सबसे बड़ा हमला था लोकतंत्र पर।

आज युवा पीढ़ी को यह बताना जरूरी है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता क्या होती है, और हमने उसे बचाने के लिए क्या कीमत चुकाई। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों व गणमान्य नागरिकों ने लोकतंत्र सेनानियों के योगदान को नमन किया और युवाओं से लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने की अपील की।

# अब बदर अली पर लगा सांप्रदायिक दंगा भड़काने का आरोप

**मेरठ।** ईद के त्यौहार के निकट थाना मुंडाली के ग्राम सिसौली में धार्मिक उन्माद भड़काने के मामले को जैसे तैसे पुलिस ने शांत कराया है। इसी बीच बुधवार को शिकायत करता ने एसएसपी ऑफिस में विडियो के साथ शिकायत पत्र दिया गया। वीडियो में बदर अली सिसौली के ग्रामीणों के साथ फैज आम इंटर कॉलेज के मैदान में एक पंचायत लगाकर गोली चलाने के लिए उकसाता हुआ दिखाई देने का आरोप लगाया गया है। इससे पूर्व वर्ष 2019 में बदर अली और उसकी युवा सेवा समिति द्वारा शहर में बलवा दंगा कराने के मामले में आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया। दर्जनों लोगों के खिलाफ शहर के पांच थानों में मुकदमे दर्ज करके फरार बदर अली पर पांच हजार का इनाम घोषित किया गया और जेल भेजा गया था।

# निरीक्षण में बदहाल मिला मोहर्रम जुलूस मार्ग

## सिटी मजिस्ट्रेट ने ईओ को दिए ढंग से काम करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला प्रशासन ने मोहर्रम और कांवड़ यात्रा की तैयारी शुरू कर दी है। कांवड़ मार्ग के साथ ही मोहर्रम के रूट पर व्यवस्था बनाने के लिए अफसर लगातार स्थलीय निरीक्षण कर रहे हैं। मोहर्रम की रूट चैकिंग के दौरान किदवईनगर की सड़क पूरी तरह से बदहाल मिलने, सफाई का अभाव देखकर अफसर नाराज हुए। तत्काल ही पालिका ईओ को व्यवस्था बनाने के निर्देश दिये गये।



दरअसल 27 जून से मोहर्रम का महीना शुरू हो रहा है। ऐसे में रोजाना इमाम बारगाहों में मजलिसों, खुतबे और तकरीर का दौर चलता है। मोहर्रम के दसवें दिन रोजे आशुरा पर शिया सोगवार बड़े मातमी जुलूस और ताजियाबंदी करते हैं। शहर के सभी इमाम बारगाहों से मातमपुर्सी करते हुए सोगवार एक बड़े जुलूस के रूप में काली नदी पार करबला पर पहुंचते हैं। मोहर्रम के जुलूस और इमाम बारगाहों में मजलिसों के दौर के लिए व्यवस्था बनाने को प्रशासन जुट गया है।

सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर और सीओ सिटी राजू कुमार साव ने नगरपालिका परिषद् की ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के साथ मोहर्रम रूट का निरीक्षण करते हुए समस्याओं को समझने का प्रयास किया। इस दौरान तलबशाह रोड, किदवईनगर रोड के साथ ही काली नदी करबला का भी दौरा किया गया। यहां किदवईनगर की मुख्य सड़क का हाल काफी बेहाल नजर आया। इस सड़क के पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने पर सिटी मजिस्ट्रेट ने ईओ को तत्काल ही मरम्मत के आदेश दिये।पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि मोर्हरम जुलूस रूट के साथ ही रोजे आशुरा नमाज स्थल और करबला का निरीक्षण किया गया। इस दौरान काली नदी स्थल पर झाड़ियां बढ़ी मिली तथा गन्दगी भी थी।

इसको लेकर सीएसएफआई योगेश गोलियान को तत्काल ही सफाई कार्य प्रारम्भ कराने और झाड़ियां कटवाने के लिए टीम के साथ लगाया गया। किदवईनगर सड़क की हालत बेहद खराब मिली, वहां करीब 500 मीटर तक की सड़क क्षतिग्रस्त पाये जाने पर सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश पर तत्काल ही जेई निर्माण कपिल कुमार को मौके पर बुलाकर निरीक्षण कराकर तत्काल ही सड़क निर्माण के लिए व्ययानुमान बनाकर बोर्ड मीटिंग में प्रस्ताव लाने के निर्देश दिये।

### घर में घुसकर महिला को पीटने का आरोप

**सरधना।** मोहल्ला बेलदारान में परिवार के लोगों ने घर में घुसकर एक महिला को पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। बेलदारन निवासी जीनत पत्नी इमरान ने तहरीर देते हुए बताया कि बुधवार दोपहर वह अपने कमरे में अकेली थी। उसका पति काम पर गया हुआ था। आरोप है कि उसका अपने ससुराल वालो से विवाद चल रहा है। उसी विवाद के कारण आरोपियों ने घर में घुसकर जीनत के साथ मारपीट की। चीख पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग वहां आए तो आरोपी हत्या की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। सूचना मिलते ही जीनत के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। वे जीनत को साथ लेकर थाने पहुंचे।

### बारिश ने लोगों को दी राहत तो किसान दिखे दुखी

**बुढ़ाना।** कस्बा व देहात क्षेत्र में दूसरे दिन भी जमकर बारिश हुई। खेत खलिहान जलमग्न हो गए। वर्षा के कारण कुछ ग्रामीणों के घरों में पानी भर गया। बारिश के कारण प्रांगण में पानी भरने से एक स्कूल की दीवार भी दरक गई। ग्रामीणों का कहना है के बारिश के कारण उनकी हरे चारे की ?सल को नुकसान हुआ है।

बुधवार को सुबह सवेरे अचानक मौसम खराब हो गया। प्रातरू साढ़े 6 बजे से 12 बजे तक बारिश होती रही। सुबह सवेरे 3 घंटे तक जमकर बारिश हुई। खेडा मस्तान निवासी पूर्व प्रधान सोमपाल, किसान इंटर कक्ष्लेज खरड के प्रबंधक नरेंद्र सिंह मलिक, ग्राम प्रधान विकास मलिक व ?ुगाना के ग्राम प्रधान जितेंद्र मलिक ने बताया कि बारिश के कारण किसानों की ज्वार की अगेती?सल में नुकसान हुआ है।

# कांग्रेस हमेशा रही संविधान विरोधी: राजेन्द्र अग्रवाल

**मुजफ्फरनगर।** मेरठ संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता बचाने के लिए करीब 50 साल पहले आपातकाल लगाया था, जिसे बाद में देश की जनता ने आम चुनाव में वोटों के जरिए सरकार के फैसले को नकारते हुए सत्ता से बेदखल कर दिया था।

भाजपा के पूर्व सांसद अग्रवाल बुधवार की सांय चार बजे गांधी नगर स्थित भाजपा कार्यालय में पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल को लेकर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। आपातकाल को लेकर 50 वर्ष होने पर भाजपा द्वारा आपातकाल को लोकतंत्र पर कुठाराघात बताते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक व्यवस्थाओं पर सीधा हमला बताया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गत 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदि. रा गांधी ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर देश पर आपातकाल को थोप दिया था, यह सब सरकार बचाने के लिए किया गया था। जबकि उस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को इस्तीफा देना चाहिए था। पत्रकार वार्ता में उप्र के ऊर्जा राज्यमंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री डा. सोमेंद्र तोमर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आपातकाल जैसे काले अध्याय में न केवल लोकतांत्रिक संस्थाओं को रौंदा बल्कि न्यायपालिका की निष्पक्षता और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को भी कुचलकर रख दिया था। पत्रकारवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, पूर्व विधायक उमेश मलिक, पूर्व विधायक प्रमोद ऊटवाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, क्षेत्रीय मंत्री रमेश कश्यप, नगर पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप आदि मौजूद रहे।

## सांसद हरेन्द्र मलिक की फर्जी फेसबुक आईडी बनाने पर मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर।** सपा सांसद हरेन्द्र मालिक की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया। क?ी से फर्जी फेसबुक आईडी से सांसद के खिलाफ गलत टिप्पणी व अनर्गल पोस्ट की गयी है। सपा सांसद की तहरीर पर शहर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में साइबर क्राइम पुलिस की मदद ले रही है। वर्ष 2024 में सपा के वरिष्ठ नेता हरेन्द्र मालिक ने भाजपा के केन्द्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान को लोकसभा चुनाव में हराकर जीत हासिल की थी। सपा सांसद तभी से सोशल मीडिया के निशाने पर आ गए।कई बार सपा सांसद हरेन्द्र मलिक को सोशल मीडिया पर घेरने की कोशिश की गयी, लेकिन उन्होंने उनके खिल? कोई कार्रवाई नहीं की। अब सपा सांसद हरेन्द्र मलिक की फर्जी फेसबुक आईडी माई एमपी मुजफ्फरनगर से नाम से तैयार कर उस पर अनर्गल पोस्ट की जा रही है। फर्जी फेसबुक आईडी के जरिए उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। लगातार अनर्गल पोस्ट होने पर सपा सांसद ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाना पुलिस से की थी। इस मामले में सपा सांसद की तहरीर पर शहर कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## युवती से छेड़छाड़ के मामले में पंचायत कर आरोपी को छोड़ा, मुकदमा दर्ज

**मीरापुर।** थाना मीरापुर क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर गढ़ी में एक युवती के साथ छेड़छाड़ की घटना को लेकर गंभीर मामला सामने आया है। कुछ दिन पहले गांव की एक युवती के साथ एक युवक ने अश्लील हरकत की। पीड़िता ने इसकी जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद परिजन थाने में तहरीर देने के लिए निकल पड़े। लेकिन रास्ते में ही गांव के पूर्व प्रधान ने उन्हें रोक लिया और थाने जाने से मना कर दिया। पूर्व प्रधान ने दोनों पक्षों को अपने घर बुलाया और पंचायत के जरिए मामले को निपटाने की कोशिश की। पंचायत में आरोपी युवक को मात्र पांच थप्पड़ मारकर छोड़ दिया गया। इस दौरान पूरी घटना का वीडियो किसी ग्रामीण ने बना लिया। वीडियो वायरल होने के बाद मामला उच्च अधिकारियों तक पहुंचा। मीरापुर थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार को एक अज्ञात व्यक्ति ने यह वीडियो दिखाया, जिसने नाम उजागर न करने की शर्त पर पूरी जानकारी दी। वीडियो की जांच के बाद मामला सही पाई गई और वीडियो के आधार पर मीरापुर पुलिस ने पूर्व प्रधान सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## देवल में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**रामराज।** पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में, ग्रामीण क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक आदित्य बंसल, क्षेत्राधिकारी यतेन्द्र सिंह नागर व थाना रामराज प्रभारी सुनील कसाना के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत नकबजनी की एक बड़ी घटना का सफलतापूर्वक खुलासा किया गया है। जानकारी के अनुसार 16 जून 2025 की रात अज्ञात चोरों द्वारा ग्राम देवल निवासी सुशील कुमार के मकान की पीछे की दीवार तोड़कर घर में रखे कीमती आभूषण व नकदी चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में थाना रामराज पर मामला पंजीकृत कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान, 25 जून को उप निरीक्षक दिनेश की सूझबूझ व सूचना पर दो आरोपियों, जितेंद्र निवासी जनेश्वर, नई बस्ती देवल तथा कपिल पुत्र सद्दे निवासी ग्राम देवल को आलमपुर नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से चोरी गए चांदी की दो जोड़ी पायल, एक जोड़ी बिछिया, सोने के दो जोड़ी कान के कुंडल व टोप्स तथा 20,300 रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। पुलिस टीम की इस कार्रवाई को क्षेत्र में सराहना मिल रही है।

# राष्ट्रीयकृत बैंकों से अच्छी सुविधाएं देगा डीसीबी: ठा.रामनाथ सिंह

**मुजफ्फरनगर।** डिस्ट्रिक्ट को ऑपरेटिव बैंक लि. प्रबंध कमेटी ने दो वर्ष के कार्यकाल पूरे होने पर बैंक की उपलब्धियों को गिनाया। जिला सहक. ारी बैंक के चेयरमैन ठाकुर रामनाथ सिंह ने बताया कि बैंक का शुद्ध लाभ अब 1127.47 लाख रुपये से बढ़कर गत 31 मार्च 2025 में नौ करोड़ की बढ़ोत्तरी के साथ 2022.08 लाख हो गया है। उन्होंने यह भी बताया कि बैंक की कार्यशील पूंजी में भी वर्ष 2023 की तुलना में 614 करोड़ की वृद्धि हुई है। बैंक ने मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना, युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत ऋण देने का निर्णय लिया है। इसके अलावा बैंक ने गृह ऋण की सीमा 30 लाख से लेकर 70 लाख तक कर दी है।

जिला सहकारी बैंक संचालक मंडल के साथ चेयरमैन ठा. रामनाथ सिंह ने पत्रकार वार्ता में बताया कि बैंक में कई ;ण योजनाएं संचालित हैं। इनमें किसानों को जहां ख्रषि कार्य और ट्रैक्टर आदि के लिए ऋण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वहीं बैंक ने राष्ट्रीयकृत बैंकों की तरह दो पहिया, चार पहिया वाहनों पर भी ऋण देना शुरू कर दिया है। सामा. जिक सुरक्षा योजना के तहत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा का भी बैंक खाताधारकों को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुजफ्फरनगर में जिला सहकारी बैंक के 39 और जनपद शामली में 11 शाखाएं संचालित हैं और इनमें करीब 1.60 किसान खाताधारक हैं। जबकि बचत खाताधारकों की संख्या करीब 3.50 लाख से अधिक है। चेयरमैन ने यह भी बताया कि बैंक द्वारा दो मोबाइल एटीएम वैन का सफलतापूर्वक संच. ालन किया जा रहा है। ग्राहकों को एटीएम एवं अन्य बैंकिंग सुविधाएं प्रदान की जा रही है। किसानों को दो वर्षों में 1000 करोड़ की फसली ;ण वितरित वर्तमान प्रबंध कमेटी के दो वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों के बारे में बताया गया कि पिछले दो वर्षों में किसानों को 1000 करोड़ की फसली ऋण वितरित किया गया है। वर्तमान में बैंक में जमा निक्षेप 2051.21 करोड़ से बढ़कर 2339.33 करोड़ पहुंच गया है। जो कि उप्र में प्रथम स्थान पर है। इस प्रकार गत दो वर्षों में लगभग 270 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। मुजफ्फरनगर वशामली में 31 नये गोदामों का निर्माण पूर्ण कराया गया है। इसके अलावा पेराई सत्र 2024-25 में 550 करोड़ रुपये का ;ण चीनी मिलों को दिया गया है। इसके अलावा बैंक शाखाओं का सौंदर्गकरण भी कराया गया है। पत्रकार वार्ता में उपसभापति मुकेश जैन, बिजेन्द्र मलिक, आशीष राठी, संजीव प्रधान, इन्द्रपाल सिंह, दिनेश गोयल, ठा.सोमवीर, अनार सिंह, आशीष त्यागी, राजीव अहलावत एवं बैंक के सीईओ राजेन्द्र चौहान आदि मौजूद रहे।




मुजफ्फरनगर:जिला सहकारी बैंक की उपलब्धियां गिनाते अध्यक्ष ठा.रामनाथ सिंह।

# विद्युत खंभों व तारों से दूर रहें नागरिक : जेई

**बुढ़ाना।** विद्युत विभाग के जेई मनोज कुमार ने बताया कि बारिश के दौरान बिजली के खंभों या टूटे हुए तारों के पास बिल्कुल न जाएं। पानी बिजली का अच्छा संवाहक होता है और गीली जमीन या पानी में खड़े होने पर करंट लगने का खतरा बढ़ जाता है।

बच्चों को समझाएं। बच्चों को बताएं कि वे बिजली के खंभों और तारों से दूर रहें। खासकर जब बारिश हो रही हो या तूफान आ रहा हो। बिजली के तारों के नीचे खड़े न हों। कभी भी बिजली के तारों के नीचे खड़े न हों। खासकर जब तार ढीले हों या उनमें से चिंगारी निकल रही हो। टूटे हुए तारों की रिपोर्ट करें यदि आप कहीं भी बिजली का कोई टूटा हुआ तार देखते हैं तो तुरंत बिजली विभाग को सूचित करें। उसे छूने की कोशिश न करें। बिजली के उपकरणों को सावधानी से उपयोग करें। बारिश के दौरान खुले में बिजली के उपकरणों का उपयोग करने से बचें यदि आवश्यक हो तो सुनिश्चित करें कि उपकरण ठीक से इन्सुलेटेड हों और आपके हाथ सूखे हों।

घर में अर्थिंग की जांच करें सुनिश्चित करें कि आपके घर में बिजली की फिटिंग और अर्थिंग सही हो। यह बिजली के झटके से बचाव में मदद करता है। पानी भरे क्षेत्रों से बचें यदि सड़क पर पानी भरा है और आपको बिजली के खंभे या तार दिखाई दे रहे हैं तो उस क्षेत्र से बचें। पानी में करंट होने की संभावना हो सकती है। पेड़ों से दूर रहें तूफान के दौरान पेड़ों के नीचे खड़े न हों खासकर अगर वे बिजली के तारों के करीब हों। पेड़ गिर सकते हैं और तारों को तोड़ सकते हैं। बिजली के मीटर बॉक्स से दूर रहें बारिश के दौरान बिजली के मीटर बॉक्स को न छुएं खासकर अगर वे खुले हों या उनसे पानी टपक रहा हो। इन सावधानियों का पालन करके आप बारिश के मौसम में बिजली के खंभों और तारों से जुड़े खतरों से खुद को और दूसरों को सुरक्षित रख सकते हैं। जेई द्वारा बारिश के मौसम में स्टाफ को सुरक्षा सावधानियां के साथ कार्य करने हेतु भी निर्देशित किया।



# 30 जून से पूर्व राशन कार्ड की कराएं केवाईसी

**बुढ़ाना।** राशन कार्ड धारकों के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। बुढाना पूर्ति अधिकारी नरेंद्र प्रताप सिंह को अपने उच्च अधिकारी के ये निर्देश मिले हैं कि यह प्रक्रिया 30 जून तक पूरी कराई जाए। समय पर ई-केवाईसी न कराने पर राशन वितरण से वंचित किया जा सकता है।खाद्य एवं रसद विभाग ने निर्देश जारी किए हैं कि राशन कार्ड धारकों की ई-केवाईसी प्रक्रिया अनिवार्य रूप से 30 जून तक पूरी कराई जाए। यह निर्देश केंद्र सरकार के ताजा दिशा-निर्देशों के तहत जारी किया गया है ताकि पात्र लाभार्थियों को समय से खाद्यान्न आवंटन सुनिश्चित किया जा सके। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि ई-केवाईसी की अंतिम तिथि अब और नहीं बढ़ाई जाएगी और जिन लाभार्थियों की ई-केवाईसी 30 जून तक पूरी नहीं होगी उन्हें जुलाई से राशन वितरण सूची से बाहर किया जा सकता है। पूर्ति अधिकारी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ई-केवाईसी यानी इलेक्ट्रॉनिक नो योर कस्टमर प्रक्रिया आधार कार्ड से जुड़े मोबाइल नंबर के माध्यम से डिजिटल पहचान सत्यापन की प्रणाली है। सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि लाभार्थी वाकई पात्र और जीवित है और किसी फर्जी या मृत व्यक्ति के नाम पर राशन का आवंटन तो नही। इस प्रक्रिया में लाभार्थी को अपने आधार कार्ड को राशन कार्ड से जोड़ना होता है और बायोमेट्रिक सत्यापन या ओटीपी के माध्यम से प्रमाणीकरण करना होता है। ये कदम डुप्लीकेट राशन कार्ड, फर्जी लाभार्थी व अनावश्यक खाद्यान्न आवंटन को रोकने हेतु उठाया गया है।

# भाजपाइयों ने सपना के प्रोग्राम से दूरी बनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कश्यप समाज बुढाना खाप के चौधरी डॉक्टर सोनू कश्यप ने राज्य महिला आयोग की सदस्या सपना विजय कश्यप के कार्यक्रम में किसी भी भाजपा कार्यकर्ता के नही आने पर नाराजगी जाहिर की। बताया जाता है कि राज्य महिला आयोग की सदस्या सपना कश्यप द्वारा बुढाना कस्बे में आधा दर्जन कार्यक्रमों में भाग लिया गया मगर इस दौरान कोई भी भाजपा कार्यकर्ता किसी भी प्रोग्राम मे मौजूद नहीं रहा।



इस संबंध में डाक्टर सोनू कश्यप ने बताया कि अगर बीजेपी का कोई और नेता बुढाना में हुए कार्यक्रम के दौरान होता तो भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी वहां पर मौजूद होते। सपना के कश्यप समाज से होने के कारण ही बीजेपी का एक भी कार्यकर्ता किसी भी कार्यक्रम में मौजूद नहीं रहा। कुल मिलाकर किसी भी भाजपा कार्यकर्ता का किसी एक भी कार्यक्रम में ना आने की चर्चा कस्बे और क्षेत्र में जोरों शोरों पर है।घ जिसको लेकर कश्यप समाज के लोगों में भाजपा के लोगों को लेकर रोष है कि वे सपना के कार्यक्रम में किस नेता के कहने पर शामिल नहीं हुए। समाज के लोगों का कहना है कि हमें भाजपा की रैली या किसी बड़े प्रोग्राम में मात्र भीड़ बढ़ाने के उद्देश्य से ही पूछ लिया जाता है। इसका जवाब अब वह समय आने पर ही देंगे।

# जौला व परासौली में पहली बारिश में ही हुआ बुरा हाल

**बुढ़ाना।** इस मानसून की पहली बारिश ने ही दो गांवों की पोल खोल. कर रख दी। आज बुधवार की सुबह लगभग साढ़े छह बजे अचानक से आसमान में काले बादल छा गये और देखते ही देखते बारिश शुरु हो गयी। इसी के चलते ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के ग्राम परासौली मे पहली बारिश मे ही ग्रामीणों का बहुत बुरा हाल हो गया। उनके घरों मे पानी भर गया। जिसके चलते गांव की जनता परेशान हो गयी। चर्चा है कि गांव के कुछ प्रोपर्टी डीलरो ने अवैध तरीके से तालाब मे से जो पानी की सप्लाई है उसको रोक दिया है। वहीं दूसरी और गांव जौला में स्थित छोटे बिजलीघर में भी पानी भर गया और गांव की काफी गलियां भी जलमग्न हो गयी। इस दौरान ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्या के पति मोमीन हसन को गांव जौला की जलमग्न गलियों से रुबरु कराया और कहा कि गांव में कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ। गलियों और घरों में पानी भर गया। लोगों का आने जाने में बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों ने इस बात को भी कहा कि चुनाव के वक्त तो चुनाव लडने वाला उनकी खुशामद करता है लेकिनघ जीतने के बाद उनकी सुध तक नहीं ली जाती। इस संबंध में मोमीन हसन ने बताया कि वे पानी की निकासी का प्रबंध कराएंगे और ग्रामीणों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं आने देंगें।

### 3 सप्ताह बाद भी नहीं मिली किशोरी

**बुढ़ाना।** क्षेत्र के गांव की नाबालिग को 4 जून को दूसरे वर्ग के तीन युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए थे। नाबालिग के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात में अपराध पंजीकृत किया था। नाबालिग के पिता का आरोप है कि उसकी बेटी को तीन माह से परेशान किया जा रहा था। घटना के 20 दिन बाद भी पुलिस उसकी नाबालिग बेटी को बरामद करने में नाकाम रही है। पुलिस की कार्यशैली से परेशान पिता 25 जून को योग साधना आश्रम बघरा के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर महाराज से मिले। उन्हें घटना से अवगत कराया। यशवीर महाराज ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पुलिस प्रशासन हिंदू समाज की बेटी को सकुशल जल्दी बरामद नही कर सका तो वे आंदोलन करेंगे।

## नशा विरोधी अभियान: बुग्गी लेकर पद यात्रा पर निकले शिव भक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफरनगर।**पड़ोसी राज्य हरियाणा के स्फीदों निवासी रविंद्र तोमर ने अनोखी मुहिम शुरू की है। वह 'जय जवान, जय किसान' के नारे के साथ नशा मुक्ति का संदेश लेकर बुग्गी पर सवार होकर पदयात्र पर निकले हैं। बुधवार को उनकी यात्र पानीपत-खटीमा हाईवे होते हुए बघरा पहुंची, जहां लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और सामाजिक जागरुकता के लिए इस युवा की सोच की सराहना की। उन्होंने बताया कि हरिद्वार से गंगा जल लेने जा रहे हैं और अपने गांव में मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। बुग्गी को वो पैदल ही खींच रहे हैं, जिस पर धर्म और राष्ट्र के प्रतीक के रूप में ध्वज लहरा रहे हैं।

## नगर पालिका की टीम ने अभियान चलाकर पॉलिथिन पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर पालिका की टीम ने बुधवार को पुलिस चौकी बस स्टेंड के निकट मार्केट में चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने एक दुकान से 13 किलो पॉलिथिन जब्त की। इस कार्रवाई से दुकानदारों में अफरा तफरी मची रही। शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में बुधवार को ईओ दीपिका शुक्ला के आदेश पर एक टीम ने नगर पालिका क्षेत्रधिकार में आने वाले बाजार क्षेत्र में दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने हेतु जागरूक किया। इस दौरान टीम ने पुलिस चौकी के निकट स्थित हाजी यासीन की दुकान पर छापा मारकर सिंगल यूज प्लास्टिक व लगभग 13 किलो पॉलिथिन बरामद की। इस दौरान टीम का व्यापारियों ने मौके पर जमकर विरोध किया।

# राष्ट्रीय खिलाड़ियों का डीएम ने किया उत्साहवर्धन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**म ुजफप?रनगर।** जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाए भी दी, उन्होंने सहयोग का प्रतियोगिता के लिए आ?वासन देकर खिलाडियो का उत्साहवर्धन किया।



उन्होंने कहा उच्च स्तर प्रदर्शन के लिए मेहनत व कठिन परिश्रम जरूरी है,

आप प्रयास कर राष्ट्रीय ही नहीं वरन विश्व स्तर पर तिरंगा लहराए हम आपके साथ है। राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित खिलाडी - सीनियर वर्ग मे राखी सूर्यदेव, पिंकी सूर्यदेव व कन्हैया प्रहलाद सैनी 16 से 20 जुलाई 2025 रायपुर (छत्तीसगढ) राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे अपना दमखम दिखाएंगे व सबजूनियर वर्ग मे -शगुन, शिवा. जी, सात्विक मालिक, अवन्या, पुष्पराज चौधरी, मानवी, तेजस ये सभी खिलाडी छ्द्द से 24 अगस्त 2025 तार्मलनाडु में अपने दमखम का प्रदर्शन करेंगे व जूनियर वर्ग में उज्जवल रिहान अहमद 10 से 14 सितंबर 2025 मे होने वाली राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में अपना उच्च प्रदर्शन कर अपने जिले व राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर स्वार्णम द्धरोशनत्र्ञ करेंगे ।इस दौरान किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के कोच मनोज कुमार जी को भी सम्मानित कर बधाई दी।

# ऋषभ विहार में दिनदहाड़े चोरी, भागते चोर को पड़ोसियों ने दबोचा, दो फरार

## पकड़े गए चोर की पब्लिक ने की जमकर धुनाई

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली क्षेत्र की ऋषभ विहार कॉलोनी में दिनदहाड़े घर में घुसे चोरों ने ताला तोड़कर पानी की विद्युत मोटर समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना के समय घर मालिक परिवार सहित अपने स्कूल में गया हुआ था। चोरी के बाद भाग रहे तीन में से एक चोर को कॉलोनीवासियों और मजदूरों ने दबोच लिया, लेकिन दो चोर मौके से फरार हो गए।

सुधीर राणा पुत्र विजयपाल अपने परिवार के साथ रतनपुरी कैलाश नगर स्थित पब्लिक स्कूल में गया हुआ था। इसी बीच चोर उनके मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और कीमती सामान चोरी कर ले गए। चोरों के बैग से चोरी करने के औजार भी बरामद हुए हैं। भागते समय शोर सुनकर पड़ोसी और निर्माण कार्य में लगे मजदूर सतर्क हो गए। उन्होंने तुरंत घेराबंदी कर एक चोर को पकड़ लिया और जमकर धुनाई के बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेते हुए पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस ने सुधीर राणा की तहरीर के आधार पर पकड़े गए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य दो फरार चोरों की तलाश में जुट गई है। दिनदहाड़े हुई इस घटना से कॉलोनी में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर नाराज़गी जताते हुए पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### अर्जेंट वर्क छोड़ अन्य कार्यो से विरत रहे अधिवक्ता

**बुढ़ाना।** बेल इंजेक्शन को छोड़कर अन्य न्यायिक कार्यो से अधिवक्ता आज बुधवार के दिन विरत रहे। बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी व बार एसोसिएशन बुढ़ाना के महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर ने एक संयुक्त बयान में बतलाया कि आज बुधवार की सुबह अत्यधिक बारिश हो जाने के कारण तहसील परिसर में कापफी जल भराव सा हो गया है। जिस कारण से अधिवक्ताओं तथा वादकारियों का भी विभिन्न न्यायालयों में आना जाना नामुमकिन सा हो गया है तथा वादकारियों की उपस्थिति भी खराब मौसम के कारण असंभव होने की संभावना को दृष्टिगत करते हुए निर्णय लिया जाता है कि बुधवार के दिन केवल अर्जेंट वर्क यानि कि बेल इंजेक्शन ही ओपन रहेंगे जबकि अन्य शेष न्यायिक कार्यो से समस्त अधिवक्ता विरत रहेंगे। बुधवार के दिन न्यायिक कार्यो से विरत रहे जबकि वादकारी भी कम संख्या में ही दिखाई दिए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# महिला की हुई संदिग्ध मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन क्षेत्र के गांव भनेड़ा उद्दा में मंगलवार देर रात एक 30 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष ने इसे दहेज हत्या करार देते हुए ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया।

मृतका सुवाती पत्नी बबलू निवासी भनेड़ा उद्दा की शादी वर्ष 2020 में जनपद मुजफ्फरनगर के ग्राम सलेमपुर निवासी बबलू के साथ हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार हुई थी। मृतका के भाई अमित उर्फ कल्लू ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही सुवाती को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। परिजनों के अनुसार, सुवाती पर ससुराल पक्ष द्वारा बुलेट मोटरसाइकिल और नकद रूपए लाने का दबाव बनाया जाता था। इन मांगों को पूरा न करने पर उसे लगातार मान. सिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। कुछ समय पहले वह मायके लौट आई थी, लेकिन करीब 10-12 दिन पहले सास मुनेश उसे फिर से ससुराल वापस ले गई थी। मंगलवार रात अचानक मायके पक्ष को स्थानीय लोगों से सुवाती की मौत की सूचना मिली। परिजनों को घटना संदिग्ध प्रतीत हुई। आरोप है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि सोची-समझी साजिश के तहत की गई हत्या है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका सुवाती अपने पीछे चार वर्षीय बेटा और तीन वर्षीय बेटी को छोड़ गई है।

# यूरिया खाद लेकर जा रहे ट्रक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** बीपैक्स समिति हथछोआ में यूरिया खाद लेकर जा रहे ट्रक से समिति के सभापति के पुत्र द्वारा यूरिया के बोरे रास्ते मे उतार लिए गए जिसकी वीडियो वायरल हो गई वीडियो वायरल होते ही प्रशासन हरकत में आ गया जिलाधिकारी द्वारा कार्रवाई के आदेश दिए गए इसके बाद सहायक विकास अधिकारी सहकारिता द्वारा सभापति के पुत्र के खिलाफ चौकी ऊन में अभियोग पंजीकृत कराया पुलिस ने बोरे बरामद कर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

मंगलवार शाम को पीसीएफ केंद्र जसाला से ट्रक नंबर भ्त्58।-4037 500 बोरे यूरिया के लेकर बिपेक्स समिति हथछोआ के लिए चला था रास्ते में ऊन बाईपास पर समिति के सभापति शीला देवी के पुत्र देवेंद्र कुमार पुत्र राज सिंह ने ट्रक से करीब 200 बोरे यूरिया उतार लिया जिसकी किसानों ने वीडियो बना ली तथा अधिकारियों को शिकायत की इसके बाद प्रशासन हरकत में आया। प्रकरण में जिलाधिकारी द्वारा सहका. रिता विभाग को कार्रवाई के आदेश दिए गए।

इसके बाद सहायक विकास अधिकारी मुकेश कुमार ने सभापति के पुत्र के खिलाफ ऊन चौकी में तहरीर दी पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। चौकी प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि 190 बोरे उतारे गए थे जो बरामद कर लिए गए हैं अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इस प्रकरण में अधिकारियों को यूरिया खाद की कालाबाजारी करने की शिकायत की गई तथा गन्ना समिति पर कालाबाजारी करने का आरोप लगा लेकिन अधिकारियों द्वारा जांच में ट्रक बी पैक्स समिति हथछोआ का पाया गया तथा गन्ना समिति पर लगाया गया आरोप फर्जी पाए गए ।रात भर अधिकारी भाग दौड़ करते रहे बुधवार को सुबह समिति पर कोई भी कर्मचारी नहीं पहुंचा पुलिस समिति के कर्मचारियों से संपर्क करती रही।इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी सहकारिता मुकेश कुमार ने बताया कि समिति के कर्मचारी वसूली हेतु क्षेत्र में गए हुए थे।

## ब्लॉक प्रमुख पर कार्य न कराने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कैराना क्षेत्र के गांव ऐरटी निवासी बीडीसी सदस्य ने डीएम को शिकायती पत्र देकर ब्लॉक प्रमुख पर विकास कार्य न कराने का आरोप लगाया है। बुधवार को ऐरटी निवासी बिजेन्द्र पुत्र रघुवीर ने डीएम अरविन्द कुमार चौहान को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह बीडीसी वार्ड-79 का सदस्य है। वार्ड में प्रमुख निधि से कोई भी विकास कार्य नही हुआ है। कैराना ब्लॉक प्रमुख ने अपने निधि से वित्तीय अनियमितताऐं करते हुए अपने गांव ऊंचा गांव में अपने निजी राजनीतिक लाभ के लिए गांव के अंदर के कार्य कराए गए, लेकिन कई बार निवेदन किए जाने के बावजूद भी वार्ड में कोई कार्य नही कराया गया। सदस्य ने प्रमुख निधि से विकास कार्य कराने की मांग की।

# पति पर जताई देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला सरवरपीर कालोनी निवासी एक विवाहिता ने अपने पति पर अपराधिक व देश विरोधी गति. विधियों में लिप्त होने की आशंका जताते हुए शामली कोतवाली में मुक. दमा दर्ज कराया है। पति के पास से फर्जी आधार कार्ड, मार्कशीट, पासपोर्ट व अन्य कागजात बरामद हुए है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला सरवरपीर कालोनी निवासी मनीषा पुत्री फैयाज का विवाह 26 नवंबर 2017 को इंतजार पुत्र गफूर के साथ हुआ था। विवाहिता का कहना है कि उसका पति दो वर्षो से घर से गायब रहता है और पूछने पर बताता है कि देहरादून में बाउंसर की नौकरी कर रहा है। विवाहिता को जब शक हुआ तो उसने पति के सामान की जांच की। जिसमें से कई फर्जी आधार कार्ड, मार्कशीट, फर्जी पासपोर्ट अन्य दस्तावेज बरामद हुए। आरोप है कि पति से उक्त कागजात के बारे में पूछा गया तो बच्चों सहित जान से मारने की धमकी दी गई। एक दिन घर आने से विवाहिता के साथ मारपीट की और कागजातों को ले जाने का प्रयास किया। विवाहिता ने शिकायत प्रकोष्ठ में शिकायती पत्र देकर आशंका व्यक्त की है कि उसका पति देश विरोधी गतिविधयों में लिप्त हो सकता है। पति से छीने गए दस्तावेजों को भी पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।


शामली में जलभराव के बीच जाता राहगीर


शामली में सड़क पर भरा पानी


झिंझाना में बिजली ठीक करते हुए


चौसाना। जलभराव होने से परेशान लोग प्रदर्शन करते हुए।

# दो दिन से लगातार हो रही बारिश के बाद पूरा शहर व देहात जलमग्न

**शाह टाइम्स टीम**

**शामली।** पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के बाद पूरा शहर जलमग्न हो गया। बाजारों से लेकर गली मौहल्लों तक में पानी भरा रहा। कई मौहल्लों के रास्ते पूरी तरह से प्रभावित हो गए थे। हालात यह रहे कि बाजारों में जलभराव होने से बाजार देरी से खुले और दिनभर बूंदाबांदी होने से व्यापार पूरी तरह से प्रभावित रहा।

पिछले दो दिनों से लगातार बूंदाबांदी हो रही है। रूक-रूककर जारी बारिश के साथ ही बुधवार तडके झमाझम बारिश आई। सवेरे 5 बजे से शुरू हुई झमाझम बारिश दोपहर 11 बजे तक चली। झमाझम बारिश के बाद उमस भरी गर्मी से निजात तो मिल सकी, लेकिन पूरे शहर में जलभराव हो गया। शहर के बाजारों से लेकर गली मौहल्ले तक जलमग्न हो गए थे। शहर के मौहल्ला पंसारियान, कलंदरशाह, बैंड मार्किट, नंदूप्रसाद, मौहल्ला बडीआल, भिक्की मोड, माजरा रोड, शांतिनगर, सीबी गुप्ता कालोनी, नेहरू मार्किट, कबाडी बाजार, कैराना रोड, वीवी इंटर कालेज रोड सहित अनेकों स्थानों पर जलभराव होने से रास्ते पूरी तरह से बाधित हो गए थे। सवेरे लोगों को जरूरतों के काम से घर से बाहर निक. ालना पडा तो वह कई कई फीट गहरे पानी से होकर गुजरे। नागरिकों का कहना था कि हर साल शहर में बारिश के बाद जलभराव होता है, लेकिन इसकी समस्या का आज तक कोई समाधान नही सका है। नालियों में कूडा करकट अट जाने से पानी को निकलने का रास्ता तक नही मिल सका। जिससे सडकों पर पानी भर गया। शहर के कबाडी बाजार, माजरा रोड, और नेहरू मार्किट में तो कई दुकानों तक में पानी भर गया और दुकानदारों का सामान भीगकर खराब हुआ है। वही दिनर रूक-रूककर बूंदाबांदी होती रही। जलभराव से निजात मिली तो सडकों पर कीचड फैला रहा और लोगों को दुश्वारियों का सामना करना पडा।

## बारिश से कस्बे में हुआ जगह जगह जलभराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** कस्बे मे मानसून की पहली वर्षा से सड़कें जलमग्न हो गई। जलभराव से आमजन का आवागमन प्रभावित हो गया। बुधवार सुबह हुई भारी वर्षा से कस्बे में जगह-जगह जलभराव हो गया। रात से ही रुक-रुक कर वर्षा होती रही सुबह पांच बजे हल्की वर्षा हुई। इसके बाद 8 बजे से डेढ़ घंटे तक झमाझम वर्षा हुई। भारी वर्षा के चलते सड़कों पर पानी भर गया। सुभाषनगर,आर्यपुरी, शिवपुरी,रेदासपुरी, जयसिंह वार्ड की ज्यादातर गलियों में जलभराव हो गया। जलभराव के कारण लोगो को परेशानी उठानी पडी। कस्बे की ज्यादातर सड़कें टंकी की लाइन लगाने से जर्जर हो गई है। सड़कों में जगह-जगह गहरे-गहरे गड्ढे बन गए हैं। वर्षा के बाद जलभराव में लोगों को गड्ढे नजर नहीं आते हैं। इससे वाहन चालक को परेशानी के साथ चोटिल भी हो जाते है। मानसूनी वर्षा से जहां एक और गर्मी से राहत मिली वहीं जल भराव से परेशानी उठानी पड़ी।

## बारिश के बाद नाला ओवरफ्लो

**शामली।** शहर के बीच से गुजर रहे एक मात्र गंदे नाला बारिश के बाद ओपर फ्लो हो गया। नाले से बाहर पानी बहने से आसपास की कालो. नियों में भी पानी भर गया। शहर के मौहल्ला शांतिनगर में मुख्य लिंक नाला ओवर फ्लो होकर चल रहा था। जिससे निकलने वाला गंदा पानी पूरी मौहल्ले में भर गया। इसके अलावा सीबी गुप्ता कालोनी और मौहल्ला दयानंदनगर की हालात भी यही रही। नाला ओवर फ्लो चलने से नाले और सडक में कोई फर्ज नजर नही आ रहा था। नाला दिखाई न देने से हादसों के होने की आशंका भी बनी थी।

## बारिश के बाद कई स्थानों पर पेड़ गिरे, बिजली हुई बंद

**शामली।** पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के बाद कई स्थानों पर पेड गिरने से विद्युत आपूर्ति बाधित रही। कसेरवा कलां-टिटौली के बीच स्थित आम के बागों में भी हाईटेंशन लाईन पर पेड टूटकर गिरने से आधे शहर की करीब चार घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रही। विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पडा। पिछले दो दिनों से रूक-रूककर बारिश हो रही है। बारिश के बाद कई स्थानों पर आफत आ गई है। सडकों और हाईवों पर पेड टूटकर गिरने की घटनाऐं भी हुई है। क्षेत्र के कसरेवाकलां व टिटौली के बीच स्थित आम के बाग में बुधवार सवेरे 9 बजे अचानक पेट टूटकर हाईटेंशन लाईन पर गिर गया। जिससे आधे शहर की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। सूचना पाकर विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घंटों प्रयास करने के बाद पेड को जेसीबी मशीन की मदद से हटाया गया। साथ ही क्षतिग्रस्त लाईन को ठीक किया गया। विद्युत आपूर्ति को ठीक करने में चार घंटों का समय लग गया। दोपहर करीब एक बजे तक विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी। बिजली न होने शहर के काकानगर, झिंझाना रोड, बरखंडी रोड, कलंदरशाह, पंसारियान, धीमानपुरा, बडा बाजार के लोगों को परेशानियों का सामना पड़ा।

## बारिश से हुआ फॉल्ट, दस घंटे बिजली आपूर्ति रही बाधित

**झिंझाना।** दो दिन से रुक रुक कर हो रही बारिश में लाइन में फाल्ट होने से कस्बे की विद्युत आपूर्ति 10 घंटे बाधित रही, जिस वजह से झिंझाना क्षेत्र के सभी गांव को बिजली सप्लाई से वंचित रहना पड़ा।

बुधवार की सुबह करीब 5 बजे सिकंदर पर विद्युत केंद्र की लाइन में फाल्ट आने से दोपहर तीन बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। बिजली न आने से विद्युत उपकरण से कार्य करने वाले लोग हाथ पर हाथ रखे बैठे रहे, वहीं बिजली से पशुओं के लिए चारा काटने, पीने का पानी भरने से भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अवर अभियंता सुरजीत कुमार ने बताया कि सिकंदरपुर बिजली घर के इंसुलेटर में बारिश के चलते फॉल्ट आ गया था, जिसे ठीक कर विद्युत आपूर्ति को सुचारू किया गया है।

## खूब बरसे बदरा, गर्मी से मिली राहत

**झिंझाना।** बुधवार को क्षेत्र में झमाझम बारिश हुई। जिसके चलते लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली और किसानों के चेहरे भी खिल उठे। छोटे बच्चों ने भी बारिश के पानी में नहाते हुए जमकर मस्ती की। बुधवार की सुबह लगभग 9 बजे हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया। इस दौरान कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र की गलियों में पानी भर गया। जिस कारण लोगों की आने जाने में परेशानी हुई। बारिश अच्छी होने से किसान भी खुश नजर आए। गांव बिडौली निवासी किसान दाऊद, उस्मान, राजपाल, कृष्णपाल आदि ने बताया कि बारिश होने से गन्ना, धान और ज्वार आदि फसलो में लाभ होगा। बारिश के दौरान गलियों में हुए जल भराव में बच्चे मस्ती करते हुए देखे गए।

## तालाब ओवरफ्लो से गांव में घुसा पानी

**चौसाना।** क्षेत्र के पान्थूपुरा गांव में बुधवार को हुई भारी बारिश के चलते तालाब ओवरफ्लो हो गया और उसका गंदा पानी गलियों से होते हुए कई घरों तक पहुंच गया। गांव के निचले हिस्से में रहने वाले ग्रामीणों के घरों में करीब दो फुट तक पानी भर गया, जिससे लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो गई। ग्रामीणों ने जलभराव को लेकर आक्रोश जताया और पानी में खड़े होकर विरोध दर्ज कराया।

ग्रामीणों प्रदीप, अभिषेक, धर्म सिंह, सुभाष, सतीश, समेत कई लोगों ने बताया कि पान्थूपुरा का पुराना तालाब हर बार बारिश में ओवरफ्लो हो जाता है, लेकिन प्रशासन या ग्राम पंचायत ने निकासी की कोई मुकम्मल व्यवस्था नहीं की। इस बार तो हालात और बिगड़ गए जब तालाब का पानी पिंका नायक के घर समेत कई लोगों के घरों में घुस गया। लोगों को न सिर्फ रोजमर्रा की परेशानी हो रही है, बल्कि बीमारियों का भी खतरा मंडरा रहा है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना था कि जब तक तालाब की निकासी के लिए पाइपलाइन या नई नाली नहीं डाली जाती, हर साल यही समस्या बनी रहेगी। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार तालाब की सफाई और निकासी की मांग कर चुके हैं लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिला है। वहीं ग्राम प्रधान अमित फौजी ने बताया कि बुधवार को क्षेत्र में भारी बारिश हुई, जिससे जलभराव की स्थिति बनी। उन्होंने कहा कि इस समस्या का स्थाई समाधान जल्द ही कराया जाएगा।

## जल भराव से नागरिक परेशान

**थानाभवन।** थानाभवन नगर में बुधवार को हुई तेज बारिश से नगर के कई मोहल्लों और कालोनियों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण सड़कों पर पानी भर गया, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अग्रवाल कॉलोनी, चमड़ा पीठ कॉलोनी, शाहविलायत, ईदगाह आदि क्षेत्र में तो हालात इतने खराब हैं कि गलियां तालाब में तब्दील हो चुकी हैं। कई घरों के बाहर से लेकर दरवाजों तक पानी भर गया है, वहीं नगर का मोहल्ला रेती सराय पूरी तरह जलमग्न होने के बाद कई घरों में जल भराव हो गया है। जिससे लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। थाना भवन नगर में पूर्व में एक दर्जन से अधिक तालाब स्थित थे जो अब बड़ी कॉलोनी में तब्दील हो गए हैं। इन तालाबों पर साठ गांठ के चलते प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान तक बन गए हैं। जहां-जहां पर तालाब स्थित थे उन तालाबों में जल संचय के लिए सड़कों व नाले नालियों का ढलान तालाब की ओर किया गया था परंतु तालाब पर अतिक्रमण कर अवैध निर्माण के बाद यह तालाब समाप्त हो गए हैं।


थानाभवन। बारिश के बाद हुआ जलभराव।

जिसके बाद ढलान होने के कारण निचले क्षेत्र में पडने वाली कॉलोनी में जल भराव होने लगा है जिससे नागरिक परेशान है। एडवोकेट विशाल गर्ग ने बताया कि लाला लाजपत राय कॉलेज रोड से पलटू राम जी की चक्की तक जो सड़क जा रही है उसे सड़क पर दोनों नालो को मिट्टी से बंद कर दिया गया है जिस कारण से सारा पानी नदी के रूप में सड़क पर चल रहा है तथा उक्त नालों की सफाई न होने के कारण सारा पानी घरों में भर जाता है तथा सभी गंदगी घरों में भर रही है तथा पानी की पाइपलाइन भी टूट गई है लेकिन किसी भी नगर पंचायत के पदाधिक. ारी को कोई फिक्र नहीं है जनता केवल राम भरोसे बैठी हुई है तथा कई बार शिकायत करने पर भी कोई समाधान नहीं निकल पा रहा है मोहल्ले में काफी समस्या गंदगी सड़क पानी व सफाई की समस्या से काफी जूझ रहे हैं।

जबकि नगर पंचायत सभी लोग टैक्स दे रहे हैं विकास के नाम पर केवल डाक के तीन पाठ ही नजर आ रहे हैं।नाराज नागरिकों का फूटा गुस्सा। लोगों दीपक संजय अरविंद नीरज आदि का कहना है कि वे हर साल नगर पंचायत को गृह कर ़्रहाउस टैक्सत्ऱ भरते हैं, लेकिन उसके बदले में बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल पा रहीं। मोहल्ले वासियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हर बार चुनाव के समय नेता वादों की झड़ी लगा देते हैं लेकिन चुनाव जीतने के बाद कोई झांकने नहीं आता। स्थानीय निवासी बताते हैं कि न तो सड़कों का निर्माण कराया गया और न ही नालियों की सफाई समय पर हुई, जिसका खामियाजा अब बारिश में भुगतना पड़ रहा है।

# सरकारी शिक्षक को मिल रही जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के जिजोला गांव निवासी एक सरकारी शिक्षक ने अपने व परिवार के खिलाफ लगातार हो रही धमकियों और हमले के प्रयासों से परेशान होकर मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर गुहार लगाई है। शिक्षक का आरोप है कि गांव के कुछ दबंग किस्म के लोग पुरानी पारिवा. रिक रंजिश के चलते उन्हें मानसिक व सामाजिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। शिकायतकर्ता नाजिम ने आरोप लगाया है कि बीते कुछ समय से गांव के कुछ दबंग लोग लगातार गाली-गलौज अभद्र व्यवहार कर रहे हैं, झूठे मनगढ़ंत प्रार्थना पत्र देकर उन्हें परेशान करने की साजिश कर रहे हैं और जान से मारने की धमकियां भी दे चुके हैं। शिक्षक का कहना है कि वे एक शासकीय अध्यापक हैं और आए दिन हो रहे उत्पीड़न के चलते वे व उनका परिवार मानसिक तनाव में जी रहा है। शिकायत में दर्ज है कि दिनांक 7 जून 2025 को बकरीद के दिन दबंग लोगों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कब्रिस्तान के पास रास्ते में रोककर कुछ लोगों ने पहले गाली-गलौज की, फिर गिरेबान पकड़ कर बाइक से खींचकर नीचे गिराया और मारपीट की। इतना ही नहीं, जान से मारने की नियत से उन्हें एक वाहन जो आरोपी साथ ले रहे थे के नीचे फेंकने की भी कोशिश की गई, जिस पर कोई नंबर प्लेट नहीं लगी थी।

शिक्षक ने आरोप लगाया कि शोर मचाने पर राहगीरों के आने से आरोपित भाग गए लेकिन जाते-जाते गंभीर धमकी दी कि या तो सड़क पर चिपका देंगे या किसी झूठे मुकदमे में फंसाकर नौकरी से हटवाएंगे। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि जिन लोगों द्वारा यह सब किया जा रहा है, उन्हें गांव के कुछ राजनीतिक लोगों का संरक्षण प्राप्त है और कई आरोपितों पर पहले से भी आपरा. धिक केस दर्ज हैं।

# शिवभक्तों के आने का सिलसिला शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सावन मास नजदीक आने से साथ ही कांवडियों के हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आने वाले शिवभक्त कांवडियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। बुधवार को भिवानी निवासी दो शिवभक्त 71 लीटर गंगाजल की कलश कांवड पद यात्रा लेकर शामली से होकर गुजरे। शिवभक्त कांवडिए बाबा भोले का जयघोष करते हुए चले गए।

सावन मास शुरू होने को है, लेकिन अभी तक जिला प्रशासन ने कांवड यात्रा को लेकर तैयारियां शुरू नही है। कांवड मार्ग जर्जर है और कांवड मार्ग पर कोई व्यावस्था नही की गई है। लेकिन हरिद्वार से कांवड लेकर आने वाले शिवभक्तों



के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। बुधवार को हरियाणा के जिला भिवानी निवासी रवि और रोहित हरिद्वार से 71 लीटर गंगाजल कलश में लेकर कांवड पद यात्रा लेकर शामली पहुंचे। रवि ने बताया कि करीब 10 दिन पहले उन्होने हरिद्वार से गंगाजल उठाया था और वह शिवरात्रि पर हरियाणा के सागवान धाम पर जाकर जलाभिषेक करेगे। शिवभक्त रोहित ने बताया कि वह प्रतिदिन 5 किलोमीटर की यात्रा तय करते है। उन्होने भोले बाबा से विश्व कल्याण करने की प्रार्थना करते हुए कांवड उठाई है। यह उनकी दूसरी कांवड है। भोले बाबा की कांवड लाकर उनको मन की शांति मिलती है और कभी भी थकान महसूस नही होती है। शिवभक्त हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए अपने गणत्वय की ओर बढते चले गए।

# वीडियो दिखाकर सभासदों को बदनाम करने की साजिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका चेयरमैन द्वारा कुछ सभासदों पर एक फेब्रीकेटिड वीडियो मोबाईल में रखकर लोगों को दिखाकर बदनाम करने की शिकायत करने के बाद सभासदें ने सीओ को शिकायती पत्र देकर झूठे आरोप लगाने का आरोप लगाया है। सभासदों ने फर्जी मुकदमा दर्ज कराने की आशंका भी व्यक्त की है। कुछ माह पूर्व नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने एसपी से



मुलाकात कर कुछ सभासदों पर एक फेब्रीकेटिड वीडियों को मोबाईल में रखकर लोगों को दिखाकर बदनाम करने का आरोप लगाया था। जिसमें चेयरमैन ने मामले में जांच कर कार्यवाही करने की मांग की थी। वही बुधवार को सभासद निशीकांत संगल व अनिल उपाध्याय ने सीओ सिटी अमरदीप मौर्य को शिकायती पत्र देकर बताया कि चेयरमैन अरविन्द संगल ने गत 4 मई को एसपी व 9 मई को हमसे अंजान वीडियों का जिक्र करते हुए प्रार्थना पत्र हमारे नाम से दिए थे।कहा कि जिस वीडियों का जिक्र चेयरमैन कर रहे है हमें उसके बारे में किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नहीं है। दोनों के बयान भी गोपनीय कार्यालय में हो चुके है। चेयरमैन जान बूझकर फंसाना चाहते है। उन्होने आशंका वक्त की कि चेयरमैन कोई षडयन्त्र करके हमें झूठे मुकदमें में दोबारा फंसा सकते है। उन्होने मामले में जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

# छात्रवृत्ति को लेकर दिए दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला समाज कल्याण अधिकारी, शामली रीतू रस्तोगी ने बताया कि मुख्य सचिव, उ.प्र शासन समाज कल्याण अनुभाग-3 के शासनादेश 18.6. 2025 द्वारा वित्तीय वर्ष/शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अनुसूचित जाति/जनजाति एंव सामान्य वर्ग पूर्वदशम (कक्षा 9, 10) तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कक्षा 11-12 के लिए आनलाइन आवेदन से लेकर वितरण हेतु समय-सारणी निर्गत की गई है। जिसके अनुसार छात्र स्तर, विद्यालय स्तर एवं जिला विद्यालय निरीक्षक स्तर द्वारा निम्नानुसार कार्यवाही की जानी है।

प्रक्रियात्मक कार्यवाही: 1. प्रदेश में स्थित मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने के लिए आनलाइन आवेदन करने की कार्यवाही किया जाना , प्रस्तावित समयावधि-01 जुलाई 2025 से 5 अक्टूबर 2025 तक।, 2. छात्रों द्वारा छात्रवृत्ति वेबसाइट Scholar ship.up.gov.in पर आनला. इन आवेदन करने की तिथि-2 जुलाई 2025 से 30 अक्टूबर 2025 तक, 3. छात्र-छात्राओं द्वारा हार्ड कापी वांछित सलंग्नको सहित विद्यालय में जमा किया जाना। प्रस्तावित समयावधि-3 जुलाई 2025 से 4 नवम्बर 2025 तक, 4-विद्यालयों द्वारा आवदेन पत्रों को आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करना। प्रस्तावित समयावधि-3 जुलाई 2025 से 6 नवम्बर 2025 तक, 5. जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वास्तविक छात्रो का सत्यापन करना। प्रस्तावित समयावधि-7 नवम्बर 2025 से 15 नवम्बर 2025 तक, 6-सन्देहास्पद डाटा विद्यालय एंव छात्रों के लॉगिन पर प्रदर्शित होना तथा आनलाइन आवेदन में छात्रों द्वारा सही किया जाना।

प्रस्तावित समयावधि-18 नवम्बर 2025 से 21 नवम्बर 2025 तक, 7. छात्रों द्वारा सन्देहास्पद डाटा को आनलाइन सही करने के उपरान्त हार्डकापी सहित वांछित प्रमाण पत्रो के साथ शिक्षण संस्था में जमा किया जाना। प्रस्तावित समयावधि-त्रुटियॉ संशोधन के पश्चात् विलम्बतम 23 नवम्बर 2025 तक।

8. संस्था द्वारा छात्र के सन्देहास्पद डाटा को आनलाइन सही करने के उपरान्त वांछित प्रमाण पत्रो से मिलान करने के उपरान्त आनलाइन लॉगिन से पुन: सत्यापितध्अग्रसारित करना। प्रस्तावित समयावधि-18 नवम्बर 2025 से 26 नवम्बर 2025 तक। समस्त छात्र अपने बैंक खाते को आधार से सीडेड व NPCI-National Payment Corporation of India पर पर मैप कराना सुनिश्चित करें।

# भूजल संरक्षण को लेकर ली बैठक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य अतिथि विरेन्द्र सिंह (पूर्व कैबिनेट मंत्री), सदस्य विधान परिषद, उ.प्र. तथा मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में शामली का जल, शामली का कल थीम पर भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक विकास भवन सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई।

बैठक में विनोद कुमार मलिक, ब्लॉक प्रमुख, वि.ख. कांधला, रामपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख, वि.ख. ऊन, के.बी. के. वैज्ञानिक डॉ. साकिब प्रवेज, उप कृषि निदेशक प्रमोद कुमार जिला कृषि अधिकारी/भूमि संरक्षण अधिकारी प्रदीप कुमार यादव, विवेक वाश्नेय, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिनिधी नरेन्द्र कुमार सूर्यवन्शी, सहाअभि. लघु सिंचाई राहुल कुमार, सहा. अभि., नोडल अधिकारी अटल भूजल योजना अंकित कुमार एवं अन्य अधिकारीगण तथा लाभार्थी कृषको द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस बैठक का संचालन जिला कृषि अधिकारी/भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा किया गया सर्वप्रथम उनके द्वारा भूमि एवं जल संरक्षण समिति को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के घटक पर ड्रॉप मोर कॉप उपघटक अदर इन्टरवेशन के अन्तर्गत वर्षा जल संचयन हेतू खेत तालाब योजना के बारे में अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष-2024-25 में जनपद शामली को कुल 6 खेत तालाबों, जिसमें 6 खेत तालाब सामान्य जाति था जिसकी शत-प्रतिशत पूर्ति की गई। वित्तीय वर्ष-2025-26 हेतू कुल 16 खेत तालाबों जिसमे 15 सामान्य जाति एवं 1 अनुसूचित जाति का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसका अनुमोदन जिला भूमि जल संक्षण समित्ति द्वारा प्राप्त किया गया है। इसके पश्चात प.दी. द.उ. किसान समृद्धि योजना के बारे में अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में भौतिक क्षे. 587.192 है0 में कार्य कराए जाने हेतु अनुमोदन लिया गया। मनरेगा योजना (प.दी.द. उ. किसान समृद्धि योजना) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में कार्य हेतु 83.13 है. का अनुमोदन लिया गया। इसके साथ ही अटल भूजल योजनान्तर्गत भी 14 ग्राम पंचायतों में विभिन्न प्रकार के कार्य कराए जाने का अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा कृषकों को इन योजनाओं से जुडकर ज्यादा से ज्यादा लाभ किसान भाई ले सकते है तथा भूमि संरक्षण अनुभाग को निर्देशित किया की भूमि तथा जल संरक्षण से सम्बन्धित सभी योजनाओं का विकास खण्ड एव न्याय पंचायत स्तरीय गोष्ठी के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए जिससे जिले के अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सके।

इसके पश्चात माननीय विधान परिषद सदस्य ने वर्षा जल के संक्षण एवं सुरक्षित उपयोग हेतू पाईपलाइन तथा खेत तालाब पर स्प्रिंकलर प्रणाली स्थापित करवाने के लिए निर्देशित किया गया तथा कृषक भाईयो को सभी योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया तथा सभी अधिकारी गण तथा कर्मचारीयों को निर्देशित किया कि वे इस प्रकार की किसानहित योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने तथा कृषको को जागरुक करते हुए अधिक से अधिक लाभ दिलाए।

## अवैध हथियार व जिंदा कारतूस बरामद, आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार आपराधिक गति. विधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम व पता आशू उर्फ आस मोहम्मद निवासी ब्लॉक कॉलोनी कस्बा कैराना बताया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध सम्बंधित धारा में अभियोग पंजीकृत करके उसका चालान कर दिया है।

# जीएसटी में आ रही विसंगतियों से अवगत कराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उद्यमियों ने केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर के प्रधान आयुक्त डा. प्रेम वर्मा से मुलाकात कर जीएसटी में आ रही हुई विसंगतियों से अवगत कराया। उन्होंने फेक बिल का मुददा उठाते हुए समस्याओं का समाधान करने की मांग की। आईआईए, साईंमां व लघु उद्योग भारती के पदाधिकारीयो ने केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर के प्रधान आयुक्त डा। प्रेम वर्मा से मुलाकात की। उन्होने जीएसटी में आ रही हुई विसंगतियों से अवगत कराया। उद्यमियों ने उनके सामने फेक बिल का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। कहा कि यदि किसी व्यक्ति से फेक बिल किसी व्यापारी और उद्यमी पर आ जाता है, और उद्यमी अपना पूरा टैक्स उसे दे देता है। फिर भी विभाग द्वारा उस उद्यमी के यहां आकर उसका उत्पीड़न किया जाता है। समाज में उसकी इज्जत खराब होती है। इस तरह की कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। कहा कि इसके अलावा किसी भी फर्जी व्यक्ति का जीएसटी में रजिस्ट्रेशन बड़ी आसानी से हो जाता है। उसके बाद में वह फेक बिल काटता है। इस तरह की रजिस्ट्रेशन पर भी रोक लगनी चाहिए या सख्ती होनी चाहिए। प्रधान आयुक्त ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन पर सहानुभूति विचार कर जल्दी ही सभी समस्याओं का हल करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर आईआईए के अध्यक्ष आशीष जैन, साईंमां व लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष अंकित गोयल, संरक्षक अशोक बंसल, अशोक मित्तल, विशाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मादक पदार्थ की सूचना पर संदिग्ध गाड़ी पकड़ी, जांच के बाद छोड़ी

**कैराना।** पुलिस ने मादक पदार्थ होने की सूचना पर झिंझाना फ्लाईओवर के नीचे एक थार-रॉक्स गाड़ी को पकड़ लिया। हालांकि बाद में गाड़ी को जांच करने के बाद छोड़ दिया गया। मंगलवार रात्रि करीब दस बजे कोतवाली पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान कस्बे के झिंझाना फ्लाईओवर के नीचे एक संदिग्ध थार-रॉक्स गाड़ी को पकड़ लिया। गाड़ी के पकड़े जाने पर मौके पर लोगो की भीड़ इकठा हो गई। इसके बाद पुलिस टीम पकड़ी गई गाड़ी को कोतवाली ले आई। जहां पर जांच के बाद गाड़ी को छोड़ दिया गया। पुलिस द्वारा पकड़ी गई गाड़ी क्षेत्र के गांव भूरा निवासी एक व्यक्ति की बताई जा रही है। विगत वर्ष उक्त व्यक्ति का लड़का अपनी नई नवेली दुल्हन को हेलीकॉप्टर से लेकर आया था, जिसकी क्षेत्र में खूब चर्चा हुई थी। पकड़ी गई गाड़ी के पिछले शीशे पर जिला पंचायत वार्ड संख्या-दस के भावी प्रत्याशी के नाम का पंपलेट भी लगा हुआ था। बताया जा रहा है कि मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त होने की सूचना पर पुलिस ने इस गाड़ी को पकड़ा था। गाड़ी को पकड़ने वाले पुलिसकर्मी कस्बे की इमामगेट चौकी पर तैनात बताए गए है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह का कहना है कि रूटीन जांच के दौरान गाड़ी की चेकिंग की गई थी। कागजात आदि पूरे मिलने पर गाड़ी को छोड़ दिया गया। गाड़ी से मादक पदार्थ नही मिला।

# आपातकाल पर आधारित लघु फिल्म दिखाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शासन के निर्देशों के क्रम 25 जून 2025 को राष्ट्रीय आपातकाल लागू होने की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित जनपद स्तरीय आपातकाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।



कार्यक्रम के अवसर पर एमएलसी वीरेंद्र सिंह, शामली विधायक प्रसन्न चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल,जिला. धिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान, पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम, सतएन्द्र सिंह,अपर जिला. धिकारी (वि./रा.), शामली, अपर जिलाधिकारी न्यायिक परमानन्द झा, एसडीएम शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, हरबीर मलिक सहित आपातकाल से प्रभावित व्यक्तियों एवं उनके परिवारों आदि सभी ने आपातकाल पर आधारित लघु फिल्म को देखा गया।

इस अवसर पर माद्र जनप्रति. निधियों द्वारा आपातकाल दिवस के अवसर पर उससे जुड़ी त्रासदीध. विपत्तियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज ही के दिन 50 साल पहले आपातकाल लगाया था। जो लोकतंत्र एवं संविधान के द्वारा आम जनमानस को दिए गए अधिकारों एवं स्वतंत्रता पर कुठाराघात था। इसे भारत के लो. कतंत्र के इतिहास के एक काले अध्याय के रूप में याद किया जाता है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री भारत सरकार का धन्यवाद करते हुए भारत की लोकतांत्रिक भावना को मजबूत करने और संविधान में निहित मूल्यों पर खरा उतारने का संकल्प लेने की बात कही। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी द्वारा जनपद में आपातकाल से प्रभावित 10 परिवारों के व्यक्तियों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आपातकाल पर आधारित चित्र प्रदर्शनी लगाई गई साथ ही सामूहिक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुराग शर्मा ने किया।इसके अलावा आपातकाल दिवस के अवसर पर विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने अपातकाल की घटना पर प्रकाश डाला। विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम में आपातकाल से संबंधित चित्र प्रदर्शनी एवं सामूहिक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पीड़ी डीआरडीए प्रेम चन्द, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी डॉ हरेंद्र, सहित आदि मौजूद रहें। इसके अलावा जनपद में तहसीलवार संबंधित एसडीएम द्वारा जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में आपातकाल दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# पुलिस को देखकर कार छोड़कर फरार हुए संदिग्ध युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** काठा नदी के पुल के पास कुछ संदिग्ध युवक पुलिस टीम को देखकर कार छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने कार को अपने कब्जे में लेकर लावारिस में दाखिल कर दिया है। बुधवार दोपहर करीब चार बजे खादर क्षेत्र के इस्सापुर खुरगान हलके में तैनात एसआई सतीश प्रकाश पुलिस टीम के साथ में क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान काठा नदी के पुल के पास कुछ युवक पुलिस टीम को देखकर स्विपट कार से कूदकर फरार हो गए। युवक कार को मौके पर ही छोड़ गए। मामले की सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह भी मौके पर पहुंच गए तथा मामले की जानक. री हासिल की। पुलिस टीम ने कार की गहन तलाशी ली। इसके बाद, कार को खींचकर कोतवाली में लाया गया। जहां पर पुलिस ने कार को लावारिस में दाखिल कर दिया। बताया जा रहा है कि कार में कुछ संदिग्ध लोग सवार थे, जो पुलिस को देखकर हड़बड़ाहट में कार को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि लावारिस हालत में एक कार बरामद हुई है, जिसे कोतवाली में लाकर दाखिल कर दिया गया है। बरामद कार का रजिस्ट्रेशन केरटू गांव के व्यक्ति के नाम है। मामले की जांच की जा रही है।

# मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक ली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मोहर्रम के पर्व के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता आज कलेक्ट्रेट के सभागार में जुलूस/मजलिस इन्तजामिया कमेटियों के पदाधिका. रियों, धर्मगुरुओं/प्रबुद्ध व्यक्तियों,के साथ बैठक आयोजित की गई।



आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी ने उपस्थित धर्मगुरुओं संभ्रांत व्यक्तियों से कहा कि जिस प्रकार से आप सभी के द्वारा अब तक सभी पर्वों के दौरान सां. प्रदायिक सौहार्द का उदाहरण दिया है भविष्य में भी इसी तरह का उदाहरण दिया जाए ऐसी अपेक्षा की जाती है।

आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने धर्मगुरुओं द्वारा दिए गए सुझाव के अनुसार प्रकाश व्यवस्था एवं विद्युत सुरक्षा को लेकर विभागीय अधिकारी को व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने को लेकर शहरी क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी और ग्रामीण क्षेत्र में डीपीआरओ को निर्देशित किया गया।

आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना पर तत्काल कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। आयोजित बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम द्वारा उक्त पर्व को लेकर पुलिस विभाग के अधिकारियों को सभी व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश के साथ ही अपराधिक तत्वों का कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया कि परंपरागत तरीके से ही कार्यक्रम हो गैर परंपरागत कोई चीज ना हो।

आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित धर्मगुरुओंध्प्रबुद्ध व्यक्तियों से उनके सुझाव लेते हुए कहा गया कि किसी भी प्रकार की समस्या के लिए तुरंत बताया जाएं जिसका त्वरित समाधान किया जाएगा।

आयोजित बैठक में सतएन्द्र सिंह,अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), शामली, एडिशनल एसपी संतोष कुमार सिंह सहित समस्त एसडीएम/क्षेत्राधिकारी/थाना अध्यक्ष सहित संबंधित विभाग के अधिकारी आदि मौजूद रहे।





# वार्ड नंबर पांच में लगा गंदगी का अंबार, लोग बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगरपालिका परिषद कैराना के वार्ड संख्या-05 में सिटी हॉस्पिटल के सामने गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे मोहल्लेवासियों का जीना मुश्किल हो गया है। यहां से गुजर रहे नाले में कूड़ा-कर्कट भरा पड़ा है, जिससे नाला चोक होने की कगार पर है। गंदगी के पास से होकर गुजरने वाले राहगीरों का सांस लेना भी दूभर जाता है। बरसात के मौसम में गंदगी के चलते संक्रमित रोगों के प्रचार-प्रसार का खतरा बढ़ गया है। इतना सबकुछ होने के बावजूद जिम्मेदार लोग इस ओर से आंखे बंद किए हुए है। मोहल्लेवासियों ने पालिका प्रशासन से गंदगी को हटवाकर साफ-सफाई कराने की मांग की है।

# आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** तहसील प्रशासन की ओर से मुख्यालय पर स्थित सभागार कक्ष में राष्ट्रीय आपातकाल लागू होने की 50वीं वर्षगांठ पर आपातकाल दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल चौहान मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आपातकाल पर बनी दो अलग-अलग डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई, जिनमें आपातकाल के दृश्यों को बखूबी दर्शाया गया है। भाजपा नेता अनिल चौहान ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा देश पर थोपा गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र को कलंकित करने वाला अमिट धब्बा है, जिसे कभी विस्मृत नही किया जा सकता। आपातकाल के दौरान विपक्ष के नेताओं व आम नागरिकों को सरकारी जुल्म का सामना करना पड़ा था। नागरिक अधिकारों को निलंबित करके लोगो को जेलों में ठूंस दिया गया। उन्होंने इसे आजाद हिंदुस्तान के इतिहास में दर्ज सबसे वीभत्स घटनाओं में से एक बताया। इस दौरान लोकतंत्र सेनानी शौकत, इकबाल, अनवार, महबूब, हबीब, गौरीशंकर, इदरीश, जिन्दी, मुनीरा, जमीला, नाजमा को पुष्प मालाएं पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रजिस्ट्रार-कानूनगो देवानंद ने किया। इस अवसर पर एसडीएम निधि भारद्वाज, तहसीलदार अर्जुन चौहान, राजस्व निरीक्षक कैराना अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

## लिसाड़ी गेट पुलिस ने छूरे के साथ एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को प्रभारी निरीक्षक थाना लिसाड़ी गेट के नेतृत्व में मुखबिर द्वारा सूचना पर थाना लिसाड़ी गेट पुलिस के द्वारा अभियुक्त आमिर पुत्र अशरफ निवासी गली नं. चार ओसामा मस्जिद के पास श्यामनगर थाना लिसाड़ी गेट मेरठ को नाजायज छूरे के साथ विक. ासपुरी बिजली घर के पास गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाने पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

## 50वीं वर्षगांठ पर आयोजित किया गया आपातकाल दिवस कार्यक्रम

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आपातकाल दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों व उनके आश्रितों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आपातकाल पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा सामूहिक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। जिसमें लोकतंत्र की रक्षा और संविधान के प्रति निष्ठा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, डीएम व मुख्य विकास अधिकारी ने लोकतंत्र सेनानियों व उनके आश्रितों क्रमश: सतीश, राक. ेश शर्मा, कृष्णकान्त, प्रदीप जैन, सतेन्द्र, कुंवरजीत, राकेश, राधेश्याम, हरिशचन्द्र, राजेश गुप्ता आदि को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानी व उनके आश्रितों ने अपने-अपने अनुभव व्यक्त किये। सांसद ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का एक ऐसा काला अध्याय है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## जिला चिकित्सालय में 108, 102 एंबुलेंस सेवा की हेल्प डेस्क का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय में सीएमएस डा. किशोर आहूजा द्वारा डायल 108 व 102 एंबुलेंस सेवा के लिए हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया गया। इस हेल्प डेक्स पर एक महिला कर्मचारी की नियुक्ति की गई है।

बुधवार को एंबुलेंस सेवा के जिला प्रभारी ललित मोहन जोशी ने बताया कि जिला संयुक्त चिकित्सालय में आने वाली गर्भवती महिलाएं, नवजात शिशु जिनको एंबुलेंस सेवा के बारे में जानकारी नहीं है हेल्प डेस्क पर तैनात कर्मचारी उन सभी को एंबुलेंस सेवा की जानकारी प्रदान करेंगे एवं एंबुलेंस सेवा प्रदान करने में सहयोग करेगी। सीएमएस डा। किशोर आहूजा ने हेल्प डेस्क का फीता काटकर उद्घाटन किया और बताया कि यह बहुत अच्छी पहल हैं। इससे मरीजों को एम्बुलेंस सर्विस मिलने में आसानी होगी। इस मौके पर एंबुलेंस सेवा के प्रोग्राम मैनेजर जयविंदर सिंह, चीफ फार्मासिस्ट ताहिर बेग, एंबुलेंस कर्मचारी विकास, नवनियुक्त हेल्पलेक्स कर्मचारी अविका एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## वाहन की टक्कर से युवक घायल

**शामली।** शहर के कैराना रोड स्थित बाईपास पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाईक सवार युवक घायल हो गया। घायल को राहगीरों की मदद से निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार को कैराना क्षेत्र निवासी मुकेश कुमार अपनी बाईक पर सवार होकर सवेरे शामली आ रहा था। बताया जाता है कि तेज बारिश होने के कारण जब मुकेश बाईपास पर पहुंचा तो इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसकी बाईक में टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।हादसे में मुकेश घायल हो गया। जिसको राहगीरों की मदद से निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम रूखसार बैगम पत्नी मौहम्मद नाजिम से बदलकर तबस्सुम बैगम पत्नी मौहम्मद नाजिम रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**तबस्सुम बैगम**
**पत्नी मौहम्मद नाजिम**
निवासी- ग्राम सोन्ता रसूलपुर
तहसील व जिला शामली

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मुरसलीन मेरे कहने-सुनने में नहीं है और गलत संगत में बैठता है। इस कारण में अपने पुत्र मुरसलीन को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में किसी भी प्रकार के लेन-देन व कुकृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारे परिवार का अब इससे कोई वास्ता मतलब नहीं रहा।

**नसीम पुत्र नसीबुदीन**
निवासी मोहल्ला खैलकलां तहसील
कैराना जनपद शामली।

## दवा व्यापारियों ने नेशनल पैरा एथलीट खिलाड़ी को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कलक्ट्रेट स्थित एडीएम सिटी बृजेश कुमार के कार्यालय में नेशनल पैरा एथलीट खिलाड़ी दीपिका रानी को जिला मेरठ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के द्वारा वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए बेंगलुरु में होने वाली क्वालीफाई प्रतियोगिता में चयनित होने पर उन्हें सम्मानित किया गया। उन्होंने दीपिका रानी को आशीर्वाद भी दिया। इस दौरान जिला मेरठ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री रजनीश कौशल, उपाध्यक्ष विपिन बंसल, योगेंद्र प्रधान, राजीव ग्रोवर, पूर्व सभासद सचिन त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# सपाइयों ने तहसील में किया हंगामा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अधिकारियों पर निजी वाहनों का प्रयोग करने एवं उनके किराये का भुगतान नहीं करने का आरोप लगाते हुए सपा युवजनसभा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव कार्तिकेय राणा ने तहसील में जमकर हंगामा किया। तथा साथियों के साथ धरने पर बैठ गए, जिससे अधिकारियों में हडकंप मच गया। बाद में एक निजी कंपनी के व्यक्ति द्वारा गाड़ी के किराये का भुगतान कर देने पर धरना समाप्त हुआ।

कार्तिकेय राणा गांव जखवाला निवासी राकेश राणा व अन्य लोगों के साथ देवबंद तहसील पहुंचे थे। राकेश राणा का कहना था कि पिछले काफी समय से उनकी गाड़ी तहसील अधिकारियों द्वारा उपयोग की जा रही है और इस गाड़ी का किराया एक प्राइवेट कंपनी द्वारा दिया जाता है। लेकिन पिछले करीब छह माह से गाड़ी किराया का भुगतान नहीं किया गया है। इस संबंध में कार्तिकेय राणा ने तहसीलदार से बातचीत की लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला जिससे वह भडक उठे और तहसील अधिकारियों पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने के आरोप लगाते हुए तहसील परिसर में ही धरने पर बैठ गए जिससे अधिकारियों में हडकम्प मच गया। कुछ देर बाद एक प्राईवेट कंपनी का आदमी मौके पर पहुंचा और गाड़ी स्वामी राकेश राणा को किराया का भुगतान कर दिया, जिसके बाद धरना समाप्त हो गया। धरना प्रदर्शन करने वालों में सुखपाल राणा, भूरा राणा, अंकित राणा, पूर्व प्रधान अजय राणा, केपी सिंह और दीपक राणा आदि शामिल रहे।

### अधिकारी निजी गाड़ियों का करते हैं प्रयोग

**देवबंद।** सपा नेता कार्तिकेय राणा ने सरकारी गाडिये होने के बावजूद तहसील अधिकारियों द्वारा प्राईवेट गाड़ी का प्रयोग करने और उसका खर्चा एक प्राईवेट कंपनी द्वारा वहन किए जाने पर सवाल खड़े किए। चर्चा है कि गाड़ी किराए का भुगतान जिस व्यक्ति ने किया वह सडक निर्माण करने वाली एक कंपनी का कर्मचारी है। वहीं, इस संबंध में तहसीलदार विजय सिंह का कहना है कि उनका हाल ही में देवबंद ट्रांस्फर हुआ है। इस प्रकरण से वह पूरी तरह अनभिज्ञ हैं। तहसील में सरकारी गाडियों का प्रयोग ही हो रहा है।

## विद्यार्थियों का हुआ कम्पनियों में चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कॉलेज के छात्र-छात्राओं का कम्पनिकयों में चयन होने पर कॉलेज प्रबंधतंत्र ने हर्ष जताते हुए चयनीत विद्यार्थियों को बधाई दी।

इस्लामिया ग्रुप ऑफ कॉलेज में शिक्षा ग्रहण कर रहे बीबीए, बीसीए एवं बीए लॉ व बीएड, डीएलएड (बीटीसी) के छात्रों के लिए आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 22 छात्र-छात्राओं का विभिन्न कंपनियों द्वारा चयन किये जाने पर कॉलेज प्रबंधतंत्र में हर्ष जताते हुए चयनीत छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही शहर के कई प्रतिष्ठित स्कूलों में भी अध्यापक पद पर चयन हुआ है। कॉलेज की इस उप्लब्धि पर नगर वासियों ने खुशी का इजहार करते हुए कॉलेज प्रबंधतंत्र को बधाई

# शिक्षकों को अधिक प्रभावी ढंग से शिक्षण कार्य करने के दिए टिप्स



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दून वैली पब्लिक स्कूल में समावेशी शिक्षा पर आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञों ने शिक्षकों को अधिक प्रभावी ढंग से शिक्षण कार्य करने के लिए टिप्स दिये।

इण्डस्ट्रीयल स्टेट स्थित दून वैली पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित हुई कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन नम्रता शर्मा, अनुपमा थपलियाल और आकांक्षा टंडन ने कक्षा संचालन की तकनीक, विशेष आवश्यकता वाले छात्रों के साथ संवाद स्थापित करने और सीखने की बाधाओं को पहचान कर उन्हें दूर करने के उपाय सुझाए। सक्रिय भागीदारी, समूह चर्चा, गतिविधि आधारित केस स्टडी, रोल प्ले और संवादात्मक सत्रों के माध्यम से शिक्षकों को व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। विभिन्न उदाहरणों को स्लाइड शो और ऑडियो विजुअल के माध्यमों द्वारा रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्य डा. सीमा शर्मा ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को समावेशी शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना था। उन्होने कहा कि ऐसे कार्यक्रमो से शिक्षकों के व्यावसायिक विकास में सहायक सिद्ध होते हैं।

# किसानों पर हुए लाठीचार्ज की निंदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जनपद मुजफ्फरनगर में धरने पर बैठे किसानों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज को लेकर किसान संगठनों में भारी रोष व्यप्त है। भाकियू (तोमर) ने किसानो पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में आगामी 2 जुलाई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय मुजफ्फरनगर का घेराव करने की चेतावनी दी है।

नगर के मलखान सिंह चौक पर हुई बैठक में संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश सैनी ने कहा कि बीती 19 तारीख को मुजफ्फरनगर की नई मंडी में किसान अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण धरना कर रहे थे। आरोप है कि पुलिस ने निर्दोष किसानों पर लाठीचार्ज कर दिया, जिसमें कई किसानों को चोटे आई हैं। जिसे सहन नहीं किया जाएगा। कहा कि यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर के आह्वान पर 2 जुलाई को कार्यकर्ता पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करेंगे। नगराध्यक्ष जयेंद्र कुमार ने कहा कि यदि पुलिस ने किसानों पर दर्ज फर्जी मुकदमे खारिज नहीं किए, किसानों की गिरफ्तारी पर रोक नहीं लगाई और किसानों की रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इरशाद पहलवान, नसीम अहमद, नौशाद खान, सलमान आलम, अनुज शर्मा, मेहताब मुखिया, अभिषेक भाटिया आदि मौजूद रहे।

## विद्यालय पहुंचे विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया स्वागत

**देवबन्द।** गर्मियों की छुट्टियों के बाद विद्यालय पहुंचे विद्यार्थियों का स्कूल प्रबंधतंत्र एवं शिक्षको ने तिलक लगाकर स्वागत किया।

सहारनपुर हाईवे स्थित सर्वोदय ज्ञान पब्लिक में गर्मियों की छुट्टियों के बाद बुधवार को स्कूल पहुंचे कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों का विद्यालय प्रबंधतंत्र एवं शिक्षकों ने तिलक लगाकर स्वागत किया। प्रधानाचार्य रुपेश कुमार सैनी ने कहा कि शिक्षा निरंतरता का दूसरा नाम है। यदि हम निरंतर अध्ययन करते रहे तो अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। संरक्षक हरिसिंह सैनी, सुनीता चौधरी शिवकुमार सैनी, अनिता सैनी, वंदना ध्रुव, सारिका, पूजा व कल्पना कौशिक आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं शामिल रहे।

# झमाझम बारिश से मौसम हुआ खुशगवार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मानसून की पहली बारिश से उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली। करीब दो घंटों तक हुई झमाझम बारिश से मौसम खुशगवार हो गया। वहीं, बरसाती पानी की निकासी नहीं होने के कारण नगर के निचले क्षेत्रो में पानी दुकानो व मकानो में घुस गया। जिससे लोगो को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।





बुधवार की सुबह घिर कर आई काली घटा के बाद करीब दो घंटे तक जमकर बारिश हुई जिससे मौसम खुशगवार हो गया और लोगों ने राहत की सांस ली। मानसून की पहली बारिश में ही नाले नालियों की सफाई एवं बरसाती पानी की उचित निकासी न होने के कारण नगर के निचले क्षेत्रो में पानी दुकान व मकानो में घुस गया। सरकारी अस्पताल, रोडवेज बस स्टेंड समेत नगर के निचले इलाकों मोहल्ला दीवान, बड़जियाउलहक, वक्फ दारुल उलूम रोड, उर्दू गेट, भायला रोड, मौहल्ला बेरियान नेचलगढ़, पठानपुरा, इंडस्ट्रियल स्टेट, एसडीएम कोर्ट आदि में बारिश रुकने के बाद भी घंटों तक बरसाती पानी जमा रहा जिससे लोगों को भारी असुविधा हुई। नगरवासियों ने पालि. का प्रशासन से नाले नालियों की सही प्रकार सफाई कराते हुए लोगों को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। त्रिवेणी शुगर मिल स्थित मौसम विभाग के लेब प्रभारी सुभाष वर्मा ने बताया कि बुधवार को 170 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है। पिछले 15 दिनों में 295 एमएम और जनवरी माह से अब तक करीब 503 एमएम बारिश हो चुकी है।

# खादर क्षेत्र में बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन आज करेगा मॉक ड्रिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** बरसात के मौसम से पहले जिला प्रशासन ने बाढ़ से निपटने की तैयारियां शुरु कर दी है। इसके लिए प्रशासन द्वारा गुरुवार को बाढ़ मॉक ड्रिल की जाएगी। जिसके लिए बुधवार को एडीएम वित्त ने भीकुंड घाट पहुंचकर मॉक ड्रिक की तैयारियों का जायजा लिया। 26 जून को हस्तिनापुर खादर क्षेत्र में आने वाली संभावित बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा मॉक ड्रिल की जाएगी। इस अभ्यास में बाढ़ प्रभावित गांवों में राहत और बचाव कार्य किए जाएंगे। नाव संचालन का प्रशिक्षण होगा। राहत शिविर लगाए जाएंगे। चिकित्सा सहायता और आपात स्थिति में कार्रवाई की तैयारी की जाएगी व संभावित बाढ़ से नुकसान कम करने के प्रयास

### एडीएम वित्त ने भीकुंड घाट पहुंचकर तैयारियों का लिया जायजा

किए जाएंगे। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस आपदा प्रबंधन, विद्युत विभाग, पंचायत राज समेत 12 विभाग भाग लेंगे। बुधवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व सूर्यकांत त्रिपाठी ने एसडीएम अंकित कुमार, तहसीलदार निरंकार सिंह के साथ भीकुंड गंगा घाट पहुंचे और सभी विभागों से मॉक ड्रिल से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों को समय पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। मॉक ड्रिल को गंभीरता से लें।



इससे आपदा की स्थिति में जान-माल की रक्षा की जा सकेगी। इस मौके पर थानाध्यक्ष राम प्रकाश शर्मा, डा. अंकुर त्यागी, डा. रक्षित, नीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

# हलवा पराठे के बाद अब खाने के होटल पर बर्तनों को चाटता दिखा कुत्ता

### वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, हापुड़ रोड स्थित होटल का है नजारा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है जिसमें एक कुत्ता खाने के होटल के काउंटर पर चढ़कर खाने के बर्तन चाटता हुआ नजर आ रहा है। वीडियो वायरल होने पर देखा जा रहा है कि कुत्ता पहले भी इसमें मुंह मार चुका होगा। जिसमें देखा जा रहा है कि कुत्ता होटल बर्तन और आसपास की चीजों को चटता नजर आ रहा है वहीं पीछे होटल का नाम लिखा बोर्ड भी नजर आ रहा है। जानकारी के अनुसार यह होटल नौचंदी क्षेत्र के हापुड़ अड्डे के पास हाजी इस्लाम पहलवान होटल बताया जा रहा है। कुछ दिन पहले भी हापुड़ रोड पर तिरंगा होटल नाम की दुकान पर कुत्ता हलवा पराठे के बर्तन को चाटता नजर आया था। अब ऐसे में सवाल उठता है कि जिन होटलों पर बड़े शोक से लोग खाना खाने जाते हैं उन्हें यह भी नहीं मालूम कि वह जो खाना खा रहे हैं उसमें शायद जानवरों ने मुंह मार रखा हो।

## सामाजिक कार्यों के लिए किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को विशाल आर्ट ग्रुप संस्थान के डायरेक्टर टी सी गौतम ने स्वतंत्रता समाज सेवा ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष चांदनी सैफी, कोषाध्यक्ष मो. दिलशाद, जिला उपाध्यक्ष मो. जावेद और सेंटर की ट्रेनर फिरदौस शाह कोसम्मानित किया। चांदनी सैफी और उनकी टीम को उनके सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। सेंटर में सिलाई, कढ़ाई और बुनाई सीखने वाले बच्चों को भी सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। टी.सी. गौतम ने कहा कि सामाजिक कार्यों में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित करना हमारी जिम्मेदारी है। इस सम्मान समारोह में टी.सी. गौतम ने सामाजिक कार्यों में योगदान देने वाले लोगों की सराहना की और उनके कार्यों को प्रोत्साहित किया। इस सम्मान मे विशाल आर्ट ग्रुप संस्थान के वरिष्ठ पद अधिकारी स्टार फन ऑफ इंडिया के डायरेक्टर अकरम अब्बासी व नवेद खान भी वहां मौजूद रहे और उन्होंने भी चांदनी सैफी के कार्यों की खूब सराहना व प्रशंसा की।

# ऐतिहासिक नौचंदी मेले में पहुंचे पूर्व राज्य मंत्री सुनील भराला, बोले बचपन की यादें हुई ताजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नौचंदी मेला की संस्कृति और परंपरा का प्रतीक ऐतिहासिक मेला इन दिनों रौनक बिखेर रहा है। मेले में मंगलवार देर शाम पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्य मंत्री पंडित सुनील भराला ने नौचंदी मेले का भ्रमण किया और पुराने दिनों की यादों में खो गए। वहीं पत्रकारों से बातचीत करते हुए भराला ने कहा कि नौचंदी मेले में आकर मुझे अपने बचपन के दिन याद आ गए। तब हम बैल बुग्गी से अपने पिता और परिवार के साथ मेले में आया करते थे। विक्टोरिया पार्क में गाड़ियां पार्क होती थीं और मेला कई किलोमीटर पैदल चलकर पहुंचते थे वह दौर अलग ही था। सुनील भराला ने मेले की भव्यता और



सरकारी प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि योगी सरकार के कार्यकाल में मेला सुव्यवस्थित हुआ है। सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और व्यवस्थाएं पहले से बेहतर हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अब गांव और देहातों में मेले के प्रचार-प्रसार की और जरूरत है। आधुनिकता के इस दौर में मेले का रंग कुछ फीका लगने लगा है। हमें फिर से मेले को उसी ऊर्जा और उल्लास के साथ जीवंत करना होगा जैसा पहले हुआ करता था। पूर्व मंत्री ने मेले में विभिन्न व्यंजनों का स्वाद भी लिया और अपर नगर आयुक्त के साथ विभिन्न दुकानों और झूलों का जायजा भी लिया। नौचंदी मेला मेरठ के सामा. जिक, धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है और दशकों से लोगों के दिलों में बसता आया है। भराला की यह भावनात्मक यात्रा मेले से जुड़े हर उस शख्स को छू गई जो अपनी संस्कृति से प्रेम करता है। वहीं पूर्व राज्य मंत्री सुनील भराला के साथ अंजुम निजामी महानगर अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मेरठ, शम्मी राणा उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मेरठ, शाह फैसल सैफी सदस्य मेरठ महानगर, जीशान गाजी मंत्री मेरठ महानगर, हाजी अमजद, भाजपा नेता आसिफ सैफी, मीडिया प्रभारी मेरठ महानगर यूनुस सैफी, भाजपा नेता इरशाद अंसारी आदि मौजूद रहे।

## एसएसपी ने थाना परीक्षितगढ़ में महिला हेल्प डेस्क कार्यालय का किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक महिला डेस्क प्रभारी भवन का एसएसपी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर एसएसपी डॉक्टर विपिन ताडा ने कहा कि थानों में नए आवास बनवाए जा रहे हैं जिससे पुलिसकर्मी आराम से रह सके जब सुकून की नींद आती है तो पुलिस ड्यूटी भी ईमानदारी के साथ करती है। नए भवन के लिए एसएसपी ने सीओ सदर देहात शिव प्रताप सिंह व थाना प्रभारी दिनेश प्रताप के प्रयास की सराहना की। वहीं नए भवन में महिला डेस्क व पिक शौचालय तथा मैस के नवीनीकरण का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर चौयरमैन हिटलर त्यागी पूर्व चेयरमैन अमित मोहन टीपू, ब्लॉक प्रमुख ब्रह्म सिंह, राजेंद्र गर्ग, मदन गुर्जर, संजीव त्यागी, गुल्लू प्रधान, सुंदर चौधरी, मुन्नू प्रधान, साबबे प्रधान, योगेंद्र चेयरमैन, इंतजार प्रधान, मोहित प्रधान, सचिन त्यागी, गुरदयाल चौधरी, गुड्डू प्रधान सहित सैकड़ों गण मान्य लोग मौजूद रहे।

## प्रेमानन्द महाराज से मिले मनिंदर विहान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुजी महाराज के ओजस्वी वचन सुनकर मन अति प्रसन्न होता है और जीवन में यह सब बातें धारण करनी चाहिए, इससे अपने इस मनुष्य रूपी शरीर का उद्धार होगा। दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने प्रेमानंद महाराज से एकांकित भेंट की। इस दौरान उनके साथ दौराला निवासी तुषार गुप्ता भी मौजूद रहे।

# विकास भवन सभागार में डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई जनपद स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहाकार समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहाकार समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा इस्कॉन मन्दिर के प्रतिनिधि, तथा अन्य व्यापारियों को ईट राईट कैम्पस, ईट राईट स्कूल तथा भोग से संबंधित प्रमाण पत्र वितरित किये गये। खाद्य सुरक्षा विभाग की प्रवर्तन कार्यवाही पर समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य लाईसेंसध्पंजीकरण से शत् प्रतिशत आच्छादित किये जाने के लिए विभिन्न विभागों को निर्देश दिया कि वह खाद्य सुरक्षा विभाग से समन्वय स्थापित कर सहयोग प्रदान करें तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र में निरन्तर भ्रमण करते हुए खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली की प्रचलित महत्वपूर्ण योजनाओं के सम्बन्ध में जिलाधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया कि ईट राईट स्कूल, ईट राईट कैम्पस, क्लीन स्ट्रीट हब तथा क्लीन एण्ड फेशन फूट एण्ड वेजिटेबिल मार्केट के प्रमाणन हेतु संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करना सुनिश्चित करें। संचारी रोगों की रोकथाम के संबंध में जिलाधिकारी के द्वारा सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनपद के सभी मिठाई की दुकानों, जूस के प्रतिष्ठानों, फल के ठेलों एवं दुकानों की प्रतिदिन नियमित जांच/निरीक्षण किया जाना सुनिश्चित करें तथा कटे हुए फलों की बिक्री को रोका जाए एवं संचारी रोगों से संबंधित अन्य सभी खाद्य/पेय पदार्थों की सघन जांच किया जाना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कांवड़ शिविर में प्रयोग होने वाले खाद्य व पेय पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से कांवड़ मार्गों का निरीक्षण करें तथा कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाले खाद्य व पेय पदार्थों के रेस्टोरेंट तथा ढाबों में रेट लिस्ट को प्रमुख स्थान पर लगवाना सुनिश्चित करें। होटल/ढ़ाबों पर मिलने वाला भोजन इसके अतिरिक्त जिला अस्तपाल, मेडिकल कॉलेज तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों में चलने वाले मैस का भी निरीक्षण किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा औषधि निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि जनपद में नकली दवाओं से संबंधित निरीक्षण का कार्य संतोषजनक नहीं है। मिलावटी एवं नकली औषधियों के संबंध में निरन्तर निरीक्षण एवं जांच की कार्यवाही प्रभावी रूप से की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (नगर), जिला कार्यक्रम अधिकारी, अपर जिला विद्यालय निरीक्षक, सहायक प्रबंधन जिला उद्योग केन्द्र, आबकारी निरीक्षक, बाट-माप अधिकारी, यातायात निरीक्षक, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला समन्वय (मध्यान्ह भोजन), मण्डी सचिव, जिला पूर्ति अधिकारी, उप मुख्य जिला विकास अधिकारी, प्रबंधक (पराग), ड्रग एण्ड कैमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी, रजनीश कौशल, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सभी कर्मचारियों उपस्थित रहे।

सूचना

मैंने अपना नाम FAKHARUD-DEEN से बदल कर FAKHRUDDIN AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

FAKHRUDDIN AHMAD
S/O WAZIRUDDIN
ANSARE 1087 WAZIR
BUILDING PATHANPURA
DEOBAND SAHARANPUR

सूचना

मैंने अपना नाम MUMTAJ BEGAM से बदल कर MUM-TAZ BEGUM रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

MUMTAZ BEGUM W/O
FAKHRUDDIN AHMAD
1087 WAZIR BUILDING
PATHANPURA DEOBAND
SAHARANPUR

# इंग्लैंड ने भारत को पांच विकेट से हराया



## बेन डकेट ने 149, जैक क्रॉली ने 65 और जो रूट ने नाबाद 53 रनों की पारी खेली

**लीड्स, वार्ता।** बेन डकेट (149) की शतकीय, जैक क्रॉली (65) और जो रूट (नाबाद 53) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने पहले टेस्ट मैच के पांचवें एवं आखिरी दिन भारत को पांच विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ इंग्लैंड ने टेस्ट श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है। भोजनकाल के बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड को पहला झटका प्रसिद्ध कृष्णा ने जैक क्रॉली (65) को आउटकर दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए पहली पारी के शतकवीर ऑली पोप (आठ) को भी प्रसिद्ध कृष्णा ने बोल्ड कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई।

इसके बाद शार्दुल ठाकुर ने बेन डकेट को नीतीश कुमार रेड्डी के हाथों कैच आउट कराकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। बेन डकेट ने 170 गेंदों में 21 चौकों और एक छक्के की मदद से (149) रनों की पारी खेली। इसी ओवर में उन्होंने हैरी ब्रूक (शून्य) को भी आउट कर पवेलियन भेज दिया। प्रसिद्ध कृष्णा, शार्दुल ठाकुर (दो-दो विकेट) के झटको को झेलते हुए इंग्लैंड ने मैदान गिला होने के कारण खेल रोके जाने के समय चायकाल तक चार विकेट पर 269 रन बना लिये थे। चायकाल के बाद रवींद्र जडेजा ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (33) को आउट कर भारत पांचवीं सफलता दिलाई।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए जेमी स्मिथ ने जो रूट के साथ पारी को संभाला और धैर्य के साथ बल्लबाजी करते हुए अपनी टीम को जीत की ओर ले गए। इंग्लैंड ने 82 ओवर में पांच विकेट पर 373 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया। जो रूट (53) और जेमी स्मिथ (44) रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की हार कारण खराब क्षेत्ररक्षण रहा। भारतीय खिलाड़ियों ने कई कैच छोड़े जिसका खामियाजा हार के रूप में सामने आया। भारत की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा, शार्दुल ठाकुर ने दो-दो विकेट लिये। रवींद्र जडेजा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड ने सुबह के सत्र में कल के 21 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। जैक क्रॉली और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने संयम का परिचय देते हुए भारतीय गेंदबाजी आक्रमण का सामना किया और रन भी बटोरे। भोजनकाल तक इंग्लैंड ने 30 ओवरों में बिना कोई विकेट खोए 117 रन बना लिये और टीम के मैच जीतने की उम्मीद जगाई।

उल्लेखनीय है कि भारत ने पहली पारी में यशस्वी जायसवाल, कप्तान शुभमन गिल और ऋषभ पंत की शतकीय पारियों की बदौलत 471 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके बाद इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 465 रन का स्कोर बनाया था। भारत ने दूसरी पारी में 364 रन का स्कोर बनाया था और उसके पहली पार में सात रन की बढ़त मिली थी।




## ऋषभ पंत ने हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग

**● आईसीसी ने ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी की, गिल की शीर्ष-20 में एंट्री, टेस्ट ऑलराउंडर्स में जडेजा शीर्ष पर**

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी ने बुधवार को ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी कर दी है। भारत के आक्रामक विकेटकीपर ऋषभ पंत बल्लेबाजों की नवीनतम आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में दोनों पारियों में दो शतक लगाए थे।

इसके अलावा शुभमन गिल की भी शीर्ष-20 बल्लेबाजों में एंट्री हो गई है। टीम इंडिया को लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। 371 रन के लक्ष्य को इंग्लैंड ने बैजबाल अंदाज में 82 ओवर में हासिल कर लिया। आईसीसी ने ताजा रैंकिंग इसके बाद ही जारी की है। लीड्स टेस्ट में दो पारियों में दो शतक लगाने वाले दूसरे विकेटकीपर बने पंत टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में एक पायदान ऊपर चढ़ गए। 27 वर्षीय पंत से पहले जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर एक ही टेस्ट मैच में दो शतक लगाने वाले एकमात्र विकेटकीपर थे। पंत ने लीड्स टेस्ट में 134 और 118 रन बनाए। वहीं, शुभमन गिल ने भी पांच स्थान की छलांग लगाई और शीर्ष 20 में पहुंच गए। वह 20वें स्थान पर हैं। गिल ने लीड्स टेस्ट की पहली पारी में शतक लगाया था। शीर्ष 20 टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में भारत के केवल तीन बल्लेबाज हैं। पंत और गिल के अलावा यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर काबिज हैं। यशस्वी ने भी लीड्स टेस्ट की पहली पारी में शतक जमाया था। टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने हेडिंग्ले टेस्ट में 14वीं बार पांच विकेट चटकाने के बाद शीर्ष स्थान पर अपना दबदबा कायम रखा है। 62 और 149 रन की पारी खेलने और इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले बेन डकेट को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वह टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में पांच पायदान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गए। डकेट के साथी ओली पोप तीन पायदान ऊपर 19वें स्थान पर और जेमी स्मिथ आठवें पायदान ऊपर 27वें स्थान पर पहुंच गए।

## हमें कैच छोड़ना महंगा पड़ा: कप्तान शुभमन गिल



**● हमने पहली पारी में खराब प्रदर्शन के बारे में बात की, हमें आगे बढ़ते हुए इसमें सुधार करना होगा**

**लीड्स, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि हमारे पास टेस्ट जीतने का मौका था, लेकिन कैच छोड़ना हमें महंगा पड़ा।

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में पांच विकेट से मिली हार के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि टेस्ट मैच शानदार रहा। हम इंग्लैंड की टीम को 430 रनों का लक्ष्य देने के बारे में सोच रहे थे, लेकिन हमने 31 रन जोड़कर अपने आखिरी पांच विकेट गवां दिए। उन्होंने कहा कि हमारे पास मैच जीतने का मौका था। कैच छोड़ना हमें महंगा पड़ा। उन्होंने कहा कि आज भी, मुझे लगा कि पहले विकेट के बाद हमारे पास मौके थे। हमने पहली पारी में खराब प्रदर्शन के बारे में बात की, हमें आगे बढ़ते हुए इसमें सुधार करना होगा। इस तरह के विकेट पर मौके आसानी से नहीं मिलते, लेकिन हमारी टीम युवा है, टीम में सीखने का जज्बा है।

उम्मीद है कि इसमें सुधार होगा। उन्होंने कहा कि पहले सत्र में हमने शानदार गेंदबाजी की और रनों पर अंकुश लगाया, लेकिन एक बार गेंद पुरानी हो जाने के बाद रन रोकना मुश्किल होता है। जब गेंद नरम हो जाए तो विकेट लेते रहना चाहिए। जाडेजा ने शानदार गेंदबाजी की, उन्होंने मौके बनाए।

## टंग की गेंदबाजी, जैक क्रॉली व बेन डकेट की पारी ने मैच का रुख बदला: बेन स्टोक्स

**लीड्स, वार्ता।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि तेज गेंदबाज जॉश टंग के स्पैल के बाद जैक क्रॉली और बेन डकेट की धैर्यपूर्ण पारी ने मैच का रुख बदल दिया।

पहले टेस्ट मैच में मंगलवार रात भारत को पांच विकेट से हराने के बाद कप्तान स्टोक्स ने कहा कि हमारे पास यहां इस मैदान को लेकर कुछ अच्छी यादें हैं, एक और इजाफा करना अच्च्छा रहा है। आखिरी दिन बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए एक अच्छे टेस्ट का हिस्सा बनना शानदार रहा है। वैसे टंग के स्पेल ने भी खेल का रुख बदला दिया था। इसके बाद डकेट और क्रॉली की अविश्वसनीय बल्लेबाजी ने लक्ष्य का पीछा करना आसान बना दिया। क्रॉली और डकेट की साझेदारी शानदार रही। जिस तरह से क्रॉली ने संयम के साथ 60 रन बनाए वह भी महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने कहा कि आप नहीं जानते कि गेंद फेंके जाने से पहले क्या होगा आप वहीं चुनते हैं जो आपको सबसे अच्छा लगता है। हमने सोचा कि गेंदबाजी करने का फैसला करते समय हमें जीतने का सबसे अच्छा मौका क्या देगा। विरोधी टीम को अच्छा खेलने की अनुमति है हमने पहले सत्र में अच्छी गेंदबाजी की फिर भी भारत ने भी पहले दिन अविश्वसनीय प्रदर्शन किया। मुझे नहीं लगता कि कभी भी अलग फैसला लेना चाहिए था। उन्होंने कहा कि लक्ष्य का पीछा करना आपको आत्मविश्वास देता है। इस सीरीज की शानदार शुरुआत रही। जीत में बहुत सारे कौशल का योगदान रहा है हम लंबे समय से मैदान में हैं, लेकिन हम प्रत्येक सत्र में इस दृष्टिकोण के साथ आए कि हम मैच को पूरी तरह से बदल देंगे। प्लेयर ऑफ द मैच बेन डकेट ने कहा कि यह एक अविश्वसनीय मैच था, भारत ने शानदार प्रदर्शन किया। पांचवें दिन की शुरुआत में जिस तरह से हमने मैच को खत्म किया वह अविश्वसनीय था। हम बिना विकेट खोए कल शाम खेलना चाहते थे। आज सुबह यह स्पष्ट था अगर हम रुककर बल्लेबाजी करते हैं, तो हम जीत जाएंगे। ड्रेसिंग रूम के लोगों का मानना है हमने पूरे दिन परिपक्वता दिखाई और जता दिया कि जीतना कितना मायने रखता है। कई बार हम इस मैच में पीछे रह गए। हमारे गेंदबाजों को बहुत बड़ा श्रेय जाता है, जिन्होंने कम समय में पुछल्ले बल्लेबाजों को जल्दी आउट कर दिया। वरना अगर वह लक्ष्य में 50 से 60 रन और जोड़ देते तो मैच अलग होता। हमने क्रॉली को पिछले मैच में जिम्बाब्वे के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते देखा, वह शांत रहकर अच्छा खेला था। अच्छी गेंदों का सम्मान किया और खराब गेंदों को उचित स्थान पर पहुंचाया। उन्होंने कहा कि बुमराह विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं, उन्होंने पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया।



**● हमारे पास यहां इस मैदान को लेकर कुछ अच्छी यादें है, एक और इजाफा करना अच्छा रहा**

### संक्षिप्त खेल समाचार

## निशानेबाजी लीग के पहले संस्करण के लिए 400 पंजीकरण

**नई दिल्ली, वार्ता।** नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) द्वारा शुरू की गई शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) के पहले संस्करण में भाग लेने के लिए दुनियाभर के 400 से अधिक निशानेबाजों ने पंजीकरण कराया है। इस लीग का आयोजन 20 नवंबर से दो दिसंबर तक आयोजित किया जायेगा। इसके लिए भारत, कजाकिस्तान, रूस, ईरान, हंगरी, क्रोएशिया, अजरबैजान, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, ग्रेनेडा, इटली, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, सर्बिया, अमेरिका, स्पेन, थाईलैंड, जर्मनी, चेक गणराज्य, नॉर्वे, सैन मैरिनो और रोमानिया के 400 से अधिक एथलीट पंजीकरण करा चुके हैं और यह संख्या बढ़ती जा रही है। पंजीकरण प्रक्रिया जुलाई 2025 के मध्य तक चलेगी। लीग में (10 मीटर, 25 मीटर) पिस्टल, (10 मीटर, 50 मीटर थ्री पोजीशन) राइफल व (ट्रैप और स्कीट) शॉटगन में मिश्रित टीम स्पर्धाएं होंगी।

## खडसे ने अगरतला में साई द्वारा संचालित खेल प्रशिक्षण केंद्र का किया दौरा

**अगरतला, वार्ता।** केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) द्वारा संचालित खेल प्रशिक्षण केंद्र का दौरा किया। बिना बताये खेल प्रशिक्षण केन्द्र पहुंची केंद्रीय मंत्री ने प्रशिक्षण सुविधाओं की गहन समीक्षा की, प्रशिक्षकों के समर्पित कार्य और एथलीटों की प्रगति तथा एसटीसी केंद्र की आधुनिक सुविधाओं की समग्र तैयारी का भी निरीक्षण किया। त्रिपुरा में अपने प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री ने खेल, युवा नीति, शिक्षा और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परियोजनाओं सहित विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर व्यापक चर्चा की।

## कलिंगा ब्लैंक टाइगर्स व हैदराबाद ने जीत दर्ज की




**● दिन के पहले मुकाबले में कलिंगा ने मुंबई पर 33-5 से जीत दर्ज की**

मुंबई, वार्ता। जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग सीजन वन के मुकाबलों में कलिंगा ब्लैक टाइगर्स और हैदराबाद हीरोज ने बेहत. रीन प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। यहां शाहाजी राजे भोसले स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स) में खेले गए मुकाबले में टाइगर्स ने मुंबई ड्रीमर्ध को हराया।

वहीं हैदराबाद हीरोज ने चेन्नई बुल्स पर जीत हासिल की। दिलचस्प बात यह रही कि हीरोज और बुल्स दोनों ही टीमें सोमवार को नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई कर चुकी थीं। दिन के पहले मुकाबले में कलिंगा ब्लैक टाइगर्स ने मुंबई ड्रीमर्स के खिलाफ शानदार और प्रभावशाली खेल दिखाते हुए उन्हें 33-5 से पराजित किया। कलिंगा ब्लैक टाइगर्स ने शुरुआत से ही शानदार खेल दिखाया और मुंबई ड्रीमर्स को दबाव में रखा। पहले क्वार्टर के अंत से ठीक पहले पेरी बेकर ने एक शानदार ट्राई की, जिसे मॉरिस लॉन्गबॉटम ने आसानी से कन्वर्ट कर लिया। थोड़ी ही देर में बेकर ने एक और ट्राई की और इस बार ईथन टर्नर ने सफलतापूर्वक किक को कन्वर्ट किया। हाफ टाइम तक कललगा ब्लैक टाइगर्स 14-0 की बढ़त ले चुके थे। ब्रेक के बाद भी टाइगर्स का दबदबा कायम रहा और इस बार ईथन टर्नर ने खुद एक ट्राई किया। दूसरी ओर, डीमर्ज ने आखिरकार स्कोर बोर्ड पर अपना नाम दर्ज कराया जब एलियास हैनकॉक ने ट्राई की। ड्रीमर्ध की वापसी की उम्मीदों पर टाइगर्स ने पानी फेर दिया, जब लुकास लैकेम्प ने दो त्वरित ट्राई किए और लॉन्गबॉटम ने दोनों कन्वर्ज़न को सफलता से पूरा किया। दिन के दूसरे मुकाबले में हैदराबाद हीरोज और चेन्नई बुल्स के बीच शानदार मुकाबला देखने को मिला, जिसमें हीरोज ने जीत दर्ज की। हीरोज ने 17-0 से मुकाबला अपने नाम किया और यह टूर्नामेंट में दूसरी बार हुआ जब कोई टीम एक भी अंक नहीं बना सकी। हैदराबाद हीरोज ने मुकाबले की शुरुआत में ही केविन वेकेसा और टेरियो तमानी की ट्राई की बदौलत बढ़त बना ली।

## श्रीलंकाई गेंदबाजों ने बांग्लादेश पर कसा शिकंजा

**● श्रीलंका ने टेस्ट के पहले दिन बांग्लादेश के 220 रन पर 8 विकेट लिए**

**कोलंबो, वार्ता।** असिता फर्नांडो, विश्वा फर्नांडो और सोनल दिनुशा (दो-दो विकेट) के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन बुधवार को बांग्लादेश के 220 रन पर आठ विकेट झटक कर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही। असिता फर्नांडो ने अनामुल हक (शून्य) को बोल्ड कर श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मोमिनुल हक ने शादमान इस्लाम के साथ पारी को संभलने का प्रयास किया। धनंजय डीसिल्वा ने मोमिनुल हक (21) को आउट कर बांग्लादेश को दूसरा झटका दिया। इसके थोड़ी देर बाद ही विश्वा फर्नांडो ने कप्तान नजमुल शान्तो (आठ) को अपना शिकार बना लिया। चौथे विकेट के रूप में शादमान इस्लाम (46) को थलरडु रत्नायके ने आउट किया। मुशफिकुर रहीम और लिटन कुमार दास ने बांग्लादेश की पारी को कुछ देर संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच 67 रनों की साझेदारी हुई। सोनल दिनुशा ने 48वें ओवर में लिटन कुमार दास (34) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। दिनुशा ने इस के बाद मुशफिकुर रहीम (35) को आउटकर बांग्लादेश को छठा झटका दिया। मेहदी हसन (31) को विश्वा फर्नांडो ने आउट किया।

## भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया

**बर्लिन, वार्ता।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को चार देशों के टूर्नामेंट में तीसरे और चौथे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हरा दिया। यहां खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के टोबी मैलन ने दूसरे हाफ में 40वें मिनट में मैदानी गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलायी। इसके बाद भारत के रोहित ने (45वें) मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। चौथे क्वार्टर में भारत के अजीत यादव ने (52वें) मिनट में गोल कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। पहले हाफ में दोनों टीमें के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ लेकिन शुरुआती दो क्वार्टर में दोनों टीमें गोल करने में विफल रही।

## सिर्फ शतक नहीं जीत जरूरी: गौतम गंभीर

**लीड्स, वार्ता।** लीड्स टेस्ट हारने के बाद भारतीय कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि सिर्फ शतक नहीं, जीत मायने रखती है। उन्होंने यह बात पंत के शतकों के सवाल पर कही। गेंदबाजों के प्रदर्शन पर गंभीर ने कहा कि भारत के युवा गेंदबाजों को समय देना होगा।श उन्होंने शुभमन गिल की कप्तानी और जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी की तारीफ की। भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 5 विकेट की हार झेलनी पड़ी थी। टीम ने आखिरी दिन 371 रन का मुश्किल टारगेट सेट किया, जिसे इंग्लिश टीम ने 5 विकेट पर हासिल कर लिया। गौतम गंभीर ने कहा कि व्यक्तिगत प्रदर्शन अच्छा है, लेकिन जीत सबसे बड़ी चीज ऋषभ पंत के दो शतकों पर जब सवाल पूछा गया, तब गंभीर ने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में तीन और शतक भी लगे हैं। वह भी बड़े पाजिटिव हैं, लेकिन सिर्फ शतक नहीं, जीत ज्यादा मायने रखती है। यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल (कप्तान के रूप में पहला टेस्ट), केएल राहुल और पंत इन पांच बल्लेबाजों के शतक पाजिटिव बात हैं। ारियों में शतक लगाया था। उन्होंने पहली पारी में 134 और दूसरी पारी में 118 रन बनाए थे। बुम. राह 3 ही टेस्ट खेलेंगे जसप्रीत बुमराह के सवाल पर गौतम गंभीर ने साफ किया है कि तेज गेंदबाज बुमराह का पांच विकेट लेना शानदार था। हम अपनी योजना नहीं बदलेंगे। बुमराह के वर्कलोड को संभालना जरूरी है, क्योंकि आगे और भी क्रिकेट है। गंभीर ने युवा गेंदबाजों पर भरोसा जताते हुए कहा, हमने जो टीम चुनी है, वो विश्वास के साथ चुनी है, न कि उम्मीद के भरोसे। हम मानते हैं कि ये गेंदबाज बेहतर करेंगे।

## अनाहत-चिनप्पा की जोड़ी स्क्वैश के सेमीफाइनल में

**● अनाहत और चिनप्पा की जोड़ी ने फिलीपींस की जोड़ी को 2-0 (11-6, 11-3) से हराया**

**मलेशिया, वार्ता।** अनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा की भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई स्क्वैश युगल चैंपियनशिप 2025 के महिला वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। यहां एरिना एमास में खेले गए मुकाबले में अनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए फिलीपींस की जेमिका एरिबाडो और यवोन एलिसा डालिडा की जोड़ी को मात्र 12 मिनट में 2-0 (11-6, 11-3) से हराया। भारत की अन्य महिला युगल जोड़ी, पूजा अर्थी रघु और रथिका सीलन ने अपने पूल बी मैच में सिंगापुर की विक्की यू लयग लाई और ग्रेसिया चुआ रुई एन को 2-0 (11-8, 11-9) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।



हालांकि, वे अपना क्वार्टर फाइनल मैच मलेशिया की आइना अमानी और यी शिन लयग से 2-0 (11-7,11-8) से हार गई और वे अब प्लेसमेंट राउंड में पांचवें से आठवें स्थान को लेकर स्पर्धा करेगी। पुरुष युगल वर्ग में गत चैंपियन अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की जोड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्वार्टर फाइनल में कोरिया गणराज्य के लमवु ली और जूयंग ना के खिलाफ 2-1 (10-11, 11-3, 11-5) से जीत दर्ज की। दूसरी ओर, रवि दीक्षित और गुहान सेंथिलकुमार की जोड़ी को क्वार्टर फाइनल में हांगकांग चीन के चेउक नाम लाई और वैलोक टो के खिलाफ 2-0 (11-6, 11-8) से हार का सामना करना पड़ा। इस बीच, भारत की दोनों मिश्रित युगल स्क्वैश टीमों को राउंड ऑफ 12 में बाई मिली और वे क्वार्टर फाइनल में पहुँच गईं, जो बुधवार को होगा। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता और शीर्ष वरीयता प्राप्त अनाहत सिंह और अभय सिंह मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में फिलीपींस के जेमिका एरिबाडो और डेविड विलियम पेलिनो से भिड़ेंगे। जोशना चिनप्पा और वेलावन सेंथिलकुमार का मिश्रित युगल के अंतिम आठ में मलेशिया की एशियाई खेलों की पदक विजेता आइरा अजमान और जोआचिम चुआ से मुकाबला होगा।

# विधायक चौ.किरत की छवि नहीं होने देंगे खराबः नवीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** विधायक चौधरी किरत सिंह की छवि को धुविल करने वालों को समाज मुंह तोड़ जवाब देगा।

गंगोह रोड स्थित गांव रन्ढडी में बाबा घुमर वाले मंदिर में आयोजित पंचायत में गंगोह ब्लाक के ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधि भाजपा पार्टी से जुड़े लोगों ने भाग लिया। नवीन खटाना ने कहा महिला द्वारा गंगोह विधायक चौधरी किरत सिंह पर लगाए गए आरोप को गलत और निराधार बताते हुए कहा कि गंगोह विधायक चौधरी किरत सिंह की विकास पुरुष और उनकी बढ़ती लोकप्रियता से बौखलाकर महिला द्वारा गलत आरोप लगाकर उनकी छवि धूमिल करने का काम किया जा रहा है। रन्ढेडी प्रधान अनुज चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी, महिपाल सिंह ने कहा गंगोह की जनता और समाज के लोग चौधरी विधायक किरत सिंह को बहुत अच्छी तरह जानते हैं उन पर लगाए गए आरोप सरासर गलत और निराधार हैं। विधानसभा की जनता और गुर्जर समाज के लोग विधायक के साथ हैं। विधायक की छवि धुमिल करने वाले लोगों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। कर्ण सिंह प्रमुख, राधेश्याम प्रमुख, शिवकुमार प्रधान, चैयरमेन महीपाल सिंह ओलरा, बीरम प्रधान अहमदपुर, बिट्टू प्रधान बीनपुर, नाथी प्रधान रादौर, मनोज राणा मंडल अध्यक्ष नानौता, मनोज चौधरी अंबेहटा मंडल अध्यक्ष, वीरसैन कश्यप तितरो मंडल अध्यक्ष, राजेश गांधी नगर अध्यक्ष, चरण सिंह प्रधान अलीपुरा, नीरज प्रधान दुधला, मिंटू प्रधान मोहडा, मनोज प्रधान, नीरज प्रधान जेहरा, मोनू प्रधान बिलासपुर, मनोज प्रधान हैदरपुर, अरविंद प्रधान मुरादखेड़ी, सुरेंद्र प्रधान सतौर, याकूब प्रधान खानपुर, गोपाल प्रधान मुबारिकपुर, सुशील प्रधान बंदाहेड़ी, मजाहिर प्रधान हाजीपुर, वासिल पूर्व प्रधान सांगाखेड़ा, नीरज चौधरी युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष, नतीस प्रधान मनोहरा, सुखपाल प्रधान ताताहेड़ी, लोकेंद प्रधान मौजूद रहे।



# डेयरी संचालकों की निगम से बनी बात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पशु डेरी संचालकों ने महापौर व निगम अधिकारियों को आश्वास्त किया है कि वे गोबर न तो खाली प्लाटों में डालेंगे और न नालियों में बहायेंगे तथा डेरियों पर साफ सफाई रखेंगे। दोनों पक्षों के बीच परस्पर सहयोग से समस्याओं को दूर करने का निर्णय लिया गया।

महापौर डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में पशु डेरी संचालकों और निगम अधिकारियों के बीच हुई बैठक में तय किया गया कि पशुओं के कारण जो समस्याएं सामने आती है उनका परस्पर सहयोग से समाधान किया जायेगा। डेरी संचालकों की ओर से नेतृत्व कर रहे संजय वालिया ने महापौर व निगम अधिकारियों को आश्वास्त किया है कि डेरी संचालक न तो खाली प्लाटों में गोबर डालेंगे और न नालियों में बहायेंगे तथा डेरियों पर साफ सफाई रखेंगे। उन्होंने कहा कि डेरियों का प्रयास रहेगा कि शत-प्रतिशत गोबर का उठान हो और नालियों में न डाला जाए। पशुओं को बाहर सरकारी जमीन पर न बांधने पर भी सहमति रही। डेरी संचालकों ने यह भी आश्वस्त किया कि वे शहर में डेरी-डेरी घूमकर सभी डेरी संचालकों को इसके लिए प्रेरित करेंगे।

निगम व डेरी संचालकों के बीच ये भी तय किया गया कि निगम के पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा एक ग्रुप बनायेंगे, जिसमें डेरी संचालकों को शामिल किया जायेगा। और यदि कोई शिकायत किसी डेरी के विरुद्ध आती है तो उसे पहले ग्रुप पर डाला जायेगा ताकि डेरी संचालक सम्बंधित डेरी संचालक से मिलकर उसे समझाकर समस्या का निदान कर सकें। महापौर ने सुझाव दिया कि डेरी संचालक निगम की गौशाला जाकर यह अवलोकन करें कि गोबर से क्या-क्या और कैसे उत्पाद बनाये जा सकते हैं, और उसका लाभ उठाएं।

महापौर ने कहा कि नियमानुसार महानगर सीमा क्षेत्र में डेरी नहीं हो सकती। इसके लिए भविष्य के दृष्टिगत परस्पर मिलकर एक दूरगामी योजना बनानी होगी कि कैसे सुरक्षित एवं व्यवस्थित रुप से निगम क्षेत्र से बाहर डेरियों का संचालन किया जाए। डेरियों पर टैक्स में वृद्धि के सवाल पर महापौर ने डेरी संचालकों को स्पष्ट किया कि डेरियों पर कोई टैक्स नहीं बढ़ाया गया है। जो वृद्धि हुई है वह भवन के क्षेत्रफल, उसकी आकृति आदि के आधार पर की गयी है। यदि कहीं कोई त्रुटि सामने आयेगी तो उसे ठीक कराया जायेगा।अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने कहा कि यदि गोबर का सही उठान और वैज्ञानिक ढंग से उसके निस्तारण की व्यवस्था हो जाए तो सारी समस्या का समाधान हो जायेगा। डेरी संचालकों की ओर से संजय वालिया ने सहयोग के लिए महापौर का आभार व्यक्त किया। इस दौरान उपसभापति मुकेश गक्खड़, पार्षद मयंक गर्ग, राजेन्द्र कोहली, दिग्विजय चौहान, नीरज शर्मा, स्वराज, नीरज मौजूद रहे।

# एमएलसी शाहनवाज से मिलीं वन विभाग की एसडीओ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वन विभाग की एसडीओ ने आज सपा एमएलसी शाहनवाज खान से मुलाकात कर सुझाव साझा किये।

एमएलसी शाहवानज खान के आवास पर एसडीओ वन विभाग ने काफी बिंदुओं पर चर्चा की और विभाग की बेहतरी के लिये सुझाव भी साझा किये। उन्होंने एमएलसी को विभाग द्वारा कराये जा रहे कार्यो के बारे में बताया। शाहनवाज खान ने कहा कि वह जनहित में विभाग के लिये हर समय मौजूद रहेंगे।

# आपातकाल हताशा में लिया गया निर्णय थाः बृजेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के लो. निवि राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह उत्तर प्रदेश के लोनिवि राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह कहा कि 25 जून 1975 की रात कांग्रेस सरकार ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर देश पर आपातकाल थोप दिया था। यह निर्णय किसी युद्ध या विद्रोह के कारण नहीं, बल्कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा सत्ता बचाने की हताशा में लिया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक संस्थाएं कुचली गईं, संविधान का खुलेआम उल्लंघन हुआ और पत्रकारों की आवाज दबाई गई।



लोनिवि राज्यमंत्री कुंवर ब्रजेश सिंह आज भाजपा कार्यालय पर आपालकाल की 50वीं बरसी पर आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को यह जानना जरूरी है कि किस प्रकार उस दौर में लोगों को जेल में डाला गया, न्यायपालिका पर दबाव डाला गया और नागरिकों के मौलिक अधिकार छीने गए। उन्होंने कांग्रेस पर संविधान की आड़ में जनता को गुमराह करने का भी आरोप लगाया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे आने वाली पीढ़ियों को आपातकाल के काले अध्याय के बारे में अवश्य बताएंगे, जिससे लोकतंत्र की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप सैनी, जिलाध्यक्ष डॉ. महेंद्र सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, पूर्व मंत्री डॉ. धर्म सिंह सैनी, पूर्व विधायक नरेश सैनी, महिपाल माजरा, जिला महामंत्री पवन सवई, वीरेंद्र पुंडीर, विजेंद्र, कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष अजीत राणा, जितेंद्र जागलान, यशवंत राणा, खुशीराम कश्यप, जिला मंत्री विपिन भारती, संजय राणा, जिला मीडिया प्रभारी विपिन चौधरी समेत सभी मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## 3 ट्रांसफार्मर फुंके

**चिलकाना।** क्षेत्र में तेज हवा के साथ हुई बारिश के कारण विद्युत विभाग को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है।

एसडीओ पी सी सागर ने बताया है कि तेज हवा के चलते हुई भारी बारिश के कारण चिलकाना / पठेड़ उपकेंद्र में पड़ने वाले क्षेत्र में लगे हुए 11 केवी लाइटेंशन लाईन के 11 विद्युत पोल व 1500 मीटर विद्युत तार क्षतिग्रस्त हुए हैं, वहीं 25 केवी क्षमता के 2 ट्रांसफार्मर व 63 केवी क्षमता का 1 ट्रांफार्मर भी फुंक गए हैं। सलेमपुर गदा उपकेन्द्र में पड़ने वाले क्षेत्र में लगे हुए 11 केवी हाईटेंशन लाईन के 10 विद्युत पोल एवं 500 मीटर विद्युत तार क्षतिग्रस्त हुए है। उपकेन्द्र घाटहेड़ा में पड़ने वाले क्षेत्र में लगे 33 केवी हाई टेंशन लाईन के 12 विद्युत पोल व उपकेंद्र जैन बाग में पड़ने वाले क्षेत्र में लगे 11 केवी हाईटेंशन लाईन के 09 विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं।

## गंगोह हुआ पानी-पानी

**गंगोह।** मंगलवार रात से हुई तेज बारिश ने पूरे गंगोह को पानी-पानी कर दिया। तेज बारिश से नगर की सडकों ने नदियों बन गई। इस कारण नगर में कई-कई जगह पानी भी भरा गया जिससे लोगों को परेशानी का सामान करना है।

मंगलवार रात से हुई तेज बारिश ने पूरे गंगोह को पानी-पानी कर दिया। बारिश के कारण सडकें नदियों का आकार ले गई। सिनेमा मार्ग, दूधला रोड, मेटाडोर स्टैंड, राम बाग मार्ग के अलावा पूरा सराय पट्टी क्षेत्र तालाब बना रहा। सडकों पर दो पहिया व चार पहिया वाहनों के पानी में फंस जाने के कारण उन्हें धक्का मार कर बाहर निकालना पड़ा। यही नही बारिश से दुकानों व घरों में भी पानी भर गया जिससे उसकी चपेट में आया सामान भी खराब हो गया। बारिश से बच्चे ज्यादा खुश दिखाई दिए तथा भीगते रहे।

# मछुआ समाज को सरकार बनाएगी आत्मनिर्भरः डा. संजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के मत्स्य मंत्री एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता मछुआ समाज को आत्मनिर्भर बनाना है और इसके लिए तालाबों एवं जलाशयों का पारदर्शी तरीके से पट्टा वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश के मंत्री एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री निषाद आज यहां जनमंच सभागार में आयोजित मंडलीय मत्स्य पालक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मछुआ समाज के हाथ मजबूत होंगे, तभी जलसंपदा का लाभ जनकल्याण में बदलेगा। तालाबों पर अब अवैध कब्जे नहीं




चलेंगे। उन्होंने मत्स्य पालकों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य योजना, मछुआ दुर्घटना बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, निषाद राज बोट योजना, केज सिस्टम जैसे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और इनका लाभ लेने की अपील की। जनमंच सभागार में पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने बताया कि अवैध कब्जों की समस्या को दूर करने हेतु सरकार गंभीर प्रयास कर रही है। लखनऊ में राजस्व और मत्स्य विभाग की संयुक्त बैठक में निर्णय लिया गया है कि प्रदेश के सभी तालाबों का 100: पट्टा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 80: तालाबों की नीलामी हो चुकी है और शेष पर प्रक्रिया तेजी से चल रही है। इस दौरान मंत्री श्री निषाद ने मंडलीय संवाद संगोष्ठी का शुभारंभ भी किया। यह कार्यक्रम मत्स्य निदेशालय, लखनऊ के तत्वावधान में उपनिदेशक मत्स्य एजाज नकवी और सहारनपुर मण्डल के उपनिदेशक मत्स्य सर्वेश कुमार वर्मा की देखरेख में सम्पन्न हुआ। गोष्ठी में में वैज्ञानिक मत्स्यपालन, उत्पादन वृद्धि और योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। मंत्री डॉ. निषाद ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर मछुआ समुदाय के सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना, उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष, एयरेशन सिस्टम योजना, दुर्घटना बीमा योजना और किसान क्रेडिट कार्ड सुविधा जैसी कई योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर 3192 मछुआ दुर्घटना बीमा, 1207 किसान क्रेडिट कार्ड प्रस्तावों में से 117.92 लाख रुपये के केसीसी स्वीकृत हुए। साथ ही 308 सोलर स्ट्रीट लाइट और 56 हाई मास्ट लाइटों की स्थापना कराई गई। कार्यक्रम के दौरान पंजीकरण कैंप, बीमा, केसीसी व एनएफडीपी की सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। मंत्री ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए और अधिकारियों को योजनाओं के प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए।

# ग्राहकों की कसौटी पर बने रहना जरूरीः भूषण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के महानगर अध्यक्ष भूषण दत्त चौहान ने कहा कि किसी कारोबार में ग्राहकों की विश्वसनीयता बनाये रखना बडी जिम्मेंदारी है। यह बात भूषण दत्त चौहान ने शिव विहार में एक कार्यालय के उदघाटन मौके पर कही। इस दौरान संचालक संजय रोड, पो. पिन कुमार, राजेश कुमार, ईश्वर सिंह, हर्षित गर्ग, अमित, अरुण, सागर, अंकुर, मेहरबान मौजूद रहे।

## आखिर एहसान की हो गई मुस्कान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** फिल्मी स्टाइल में नाटकीय रूप से रूकावटों, बाधाओं को दरकिनार कर आखिर प्रेमी, प्रेमिका के बीच चला आ रहा प्रेम प्रसंग परवान चढ़ गया और एहसान को मुस्कान मिल ही गई।

बताते चले कि सहारनपुर के थाना मंडी के मौहल्ला खाताखेड़ी निवासी एहसान का कस्बे के पांडोली रोड निवासी सजातीय युवती मुस्कान के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। घंटो फोन पर एक दूसरे से बतियाने व हमसफर बनने के ख्वाब देखने वाले प्रेमी युगल के अरमानों पर उस समय पानी फिर गया जब 20 जून को कस्बे में प्रेमिका से मिलने आया अहसान मुस्कान के परिजनों के हत्थे चढ गया। मुस्कान के परिजनों ने एहसान को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी थी और पुलिस को सौंप दिया था। पुलिस ने प्रेमी एहसान को अस्पताल में भर्ती कराया।

चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। इस मामले में एहसान के पिता इरफान की तहरीर पर लड़की पक्ष के दो युवकों को नामजद तथा एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी थी। सजातीय होने के कारण समाज के कुछ समझदार लोग इस मसले को सुलझाने में लग गए। दोनों के परिजनों से बात कर उन्होने सुझाव दिया की दोनों का निकाह करा दिया जाये। लम्बी जद्दोजहद व उतार-चढ़ाव के बीच यह प्रयास रंग लाया। और युवक युवती की मोहब्बत के सामने दोनों परिवार झुक गए। मंगलवार शाम सहारनपुर के एक पार्षद के आवास पर दोनों का परिजनों की उपस्थिति मे सादे तरीके से निकाह करा दिया गया और कहानी का सुखांत हो गया।

# चौ. जयंत के हाथों को करें मजबूतः पुनीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** युवा राष्ट्रीय लोकदल की बैठक में युवाओं से राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.जयंत के हाथों को मजबूत करने का आहवान किया गया।



दामोदरपुरी स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक में रालोद के पूर्व जिलाध्यक्ष राव कैसर और युवा जिलाध्यक्ष पुनीत चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों, गरीबों, मजदूरों और युवाओं की पार्टी है, जो युवाओं को आगे बढ़ाने में सतत रूप से कार्य कर रही है। नेताओं ने कहा कि जब युवा कार्यकर्ताओं का जोश और वरिष्ठ पदाधिकारियों का अनुभव एकजुट होकर कार्य करेगा, तो निश्चित ही राष्ट्रीय लोकदल सहारनपुर की नंबर एक पार्टी बनकर उभरेगी। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही पंचायत चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने वाली है, जिसमें रालोद त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बढ़-चढ़कर भागीदारी करेगा। युवा प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी सलीम कुरैशी प्रत्येक गांव, गली, कस्बे और नुक्कड़ तक पहुँचकर अंतिम व्यक्ति को पार्टी का सदस्य बनाया जाएगा और अभियान को व्यापक गति दी जाएगी।

बैठक के पश्चात एक प्रतिनिधि मंडल उर्वरक की समस्याओं को लेकर संबंधित विभाग से मिला। जहां से उन्हें शीघ्र उर्वरक की कमी दूर करने का आश्वासन दिया गया।

बैठक में पूर्व जिला उपाध्यक्ष फरमान राव, जिला प्रवक्ता सुमित चौधरी, महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक, राव आरिफ मुखिया, चौधरी मेमा सिंह, चौधरी मुन्ना सिंह, रिंकू गुर्जर, क्षेत्रीय सचिव अरविंद चौधरी, पी के शर्मा जिला सचिव, अमित चौधरी, तमरेज गौर, कुलदीप कुमार आदि कार्यकर्ता भी शामिल रहे। बैठक का संचालन जिला प्रवक्ता चौधरी सुमित गुर्जर ने किया।

# मुठभेड़ में शातिर गोकश पकड़ा

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक शातिर गौकश को घायलावस्था में गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरा आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तमंचा, कारतूस व बिना नम्बर की मोटरसाइकिल बरामद कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार थाना कुतुबशेर पुलिस प्रभारी निरीक्षक एच.एन. सिंह, उपनिरीक्षक असगर अली व उपनिरीक्षक अवशेष भाटी के नेतृत्व में अम्बाला रोड स्थित दबनी कब्रिस्तान के पास वाहन चौकिंग कर रही थी। इसी दौरान मानकमऊ बस स्टैंड की ओर से कब्रिस्तान के अंदर वाले रास्ते से एक बिना नम्बर की मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति आते दिखाई दिए जिन्हें पुलिस ने टार्च की रोशनी दिखाकर रूकने का इशारा किया तो वह नहीं रूके और पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करते हुए मानकमऊ की तरफ भागने लगे। पुलिस ने भी जान की परवाह किए बिना बदमाशों का पीछा किया। इसी बीच बदमाशों की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई। पुलिस को अपने नजदीक आता देख बदमाशों ने पुनः पुलिस पर फायर झोक दिया। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ फायरिंग की। इसी दौरान एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा जिसकी तलाश में पुलिस काफी देर तक काम्बिंग करती रही। घायल बदमाश की पहचान आसिफ पुत्र भूरा पाल्ली निवासी एकता कालोनी थाना कुतुबशेर हाल पता किराएदार हबीबगढ़ थाना कोतवाली देहात के रूप में हुई। पुलिस ने दबोचे गए बदमाश के कब्जे से एक तमंचा, 1 जिंदा कारतूस व दो खोखा कारतूस 315 बोर तथा बिना नम्बर की स्पलेंडर मोटरसाइकिल बरामद कर ली।

# पुलिस मुठभेड़ में दो वाहन चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली पुलिस की वाहन चेकिंग के दौरान अंतरराज्यीय वाहन गिरोह के सदस्यों के साथ मुठभेड़ हो गई जिसमें एक घायल बदमाश सहित एक अन्य बदमाश को गिरफ्तार क्या है।



बुधवार कोतवाली पुलिस शाकंभरी रोड से चड्ढा फॉर्म की ओर जाने वाले रास्ते पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी मेंन रोड की ओर से एक ट्रैक्टर पर सवार तीन व्यक्ति आते दिखाई दिए जिन्हें पुलिस की टीम ने रूकने का इशारा किया इशारा देखकर वह नहीं रुके और पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए चड्ढा फॉर्म की ओर भागने का प्रयास करने लगे,पुलिस टीम ने पीछा किया कुछ दूरी पर जाकर बदमाशों का ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में फस गया तभी पुलिस टीम को अपने नजदीक आता देख बदमाशों ने दोबारा जान से मारने की नीयत से पुलिस पर फायरिंग कर दी पुलिस टीम द्वारा भी अपनी रक्षा करते हुए जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया पुलिस ने घायल बदमाश को गिरफ्तार किया जिसकी पहचान जीशान पुत्र यासीन निवासी ग्राम गणगौर हुसैनपुर थाना सरसावा जनपद सहारनपुर के रूप में हुई घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि दूसरे बदमाश को पुलिस ने चारों तरफ से घेर कर गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान खुर्शीद पुत्र निसार निवासी ग्राम कत्ल खुर्द थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर के रूम में हुई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार और घायल अभियुक्त के कब्जे से दो तमंचे 315 बोर चार जिंदा कारतूस दो खोखा कारतूस 315 बोर और एक चोरी का ट्रैक्टर बरामद हुआ है गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है और जिनके विरुद्ध जनपद के कई थानों में मुकदमे दर्ज है पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह, एस आई अजब सिंह, कास्टेबल हर्ष कुमार, राहुल राणा संदीप कुमार, आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## 78 लोगों का रक्तदान

**सहारनपुर।** भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय व्यवसाय के 70वें स्थापना दिवस पर कोर्ट रोड स्थित मुख्य शाखा कार्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 78 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

कोर्ट रोड स्थित एसबीआई की मुख्य शाखा परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारम्भ करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक राजीव रंजन ने कहा कि बैंक द्वारा समाज के आर्थिक उत्थान के साथ-साथ सामाजिक सेवा बैंकिंग के अंतर्गत सामाजिक क्रियाकलापों में निरंतर सहभागिता की जाती रही है ताकि समाज के सर्वांगीण विकास में एसबीआई अपनी सकारात्मक भूमिका का निर्वहन कर सके। मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक राजेश कुमार एवं प्रबंधक श्रीमती ज्योति रानी ने कहा कि बैंक समय-समय पर समाज सेवा के कार्य करता रहा है।

# शिक्षा क्षेत्र में बालिकाओं के लिए शोभित की सराहनीय पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में बालिकाओं को प्रोत्साहित करने हेतु एक सराहनीय पहल की है, जिसकी सभी ने भूरी-भूरी प्रशंसा की है।

शैक्षिक सत्र 2025-26 में स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट एंड लैंग्वेजेज विभाग में बी.ए. कार्यक्रम में सिर्फ बालिकाओं को एडमिशन देने का निर्णय किया है, ताकि आसपास के ग्रामीण परिसर एवं प्रदेश के सभी शहरों में जहां बालिकाओं का शिक्षा के माध्यम से सर्वांगीण विकास नहीं हो पा रहा है, वहां सभी बालिकाएं अब विश्वविद्यालय के बी.ए. कार्यक्रम का हिस्सा बनकर न सिर्फ स्वयं को एक आदर्श नागरिक बना सकती हैं, अपितु भविष्य में रोजगार के स्वर्णिम मार्ग खोल सकती हैं। स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट एंड लैंग्वेजेज की डीन एंड हेड प्रो.(डॉ.) गुंजन अग्रवाल का कहना है, कि यह एक विशेष अवसर है जब स्कूल के द्वारा एनईपी 20-20 लागू किया जा चुका है, जिसमे सभी छात्राएं अपनी पसंद के विषयों का चयन कर सकेंगी। आर्ट्स के साथ साइंस, कंप्यूटर, लाइफ स्किल्स एवं अन्य धारा के विषयों का भी चयन कर सकेगी। स्कूल के द्वारा आयोजित मासिक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं उनके सामान्य ज्ञान तथा तर्क शक्ति को अपडेट रखेंगी। शैक्षिक भ्रमण, भाषा लैब और कंप्यूटर लैब में मिला प्रयोगात्मक ज्ञान इत्यादि बालिकाओं को मानसिक रूप से सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करेंगे। आज कल दिल्ली एनसीआर में बी.ए. तथा लिबरल आर्ट्स के प्रति बढ़ते हुए रुझान को देखते हुए विश्वविद्यालय के द्वारा देश हित एवं समाज कल्याण के क्षेत्र में यह एक सराहनीय कदम है। कुलपति प्रो.ु डॉ. रणजीत सिंह व कुलसचिव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह निर्णय हमारे समाज में बालिकाओं को उच्च शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करने वाला एक सकारात्मक प्रयास है। आज जब कई क्षेत्रों में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं, तब शिक्षा के क्षेत्र में उन्हें प्राथमिकता देना आवश्यक है, खासकर ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में जहां अभी भी बालिकाओं की उच्च शिक्षा को उतना समर्थन नहीं मिलता।

## परमाणु कार्यक्रम पर बहस

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प व कतर के नेताओं के प्रयासों से ईरान व इजरायल के बीच संघर्ष विराम तो हो गया, लेकिन खुद अमेरिका में ही एक नई बहस छिड़ गई कि सीजफायर से एक दिन पूर्व अमेरिका ने जो ईरान के तीन परमाणु संयंत्रों पर हमला किया था, वह कितना कारगर था, जहां तक बात अमेरिकी राष्ट्रपति की है, उन्होंने इन हमलों को पूरी तरह सफल बताया और बुधवार इन हमलों की तुलना 1945 में जापान के हिरोशिमा में अमेरिका के परमाणु हमलों से कर डाली। ट्रम्प इस समय नीदरलैंड के हेग में हैं, जहां वह नाटो देशों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए पहुंचे हुए हैं।

वहीं से उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वह हिरोशिमा और नागासाकी का उदाहरण नहीं देना चाहते, लेकिन यह मूलरूप से वही सीज थी, जिसने ईरान-इजरायल के बीच जंग खत्म की। उनका कहना था कि अगर हमने उन्हें नहीं हटाया होता तो वह लड़ रहे होते। मतलब साफ है कि अमेरिका के हमले इतने सफल थे जिस कारण सीजफायर हो पाया। तो वहीं दूसरी तरफ अमेरिकी सरकार के ही खुफिया विभाग डिफेंस इंटेजिलेंस एजेंसी (डीआईए) ने अपनी रिपोर्ट में अनुमान जताया है कि अमेरिकी हमले में ईरान का परमाणु कार्यक्रम बच गया है और यह पूरी तरह से तबाह नहीं हुआ है बल्कि सिर्फ कुछ महीने के लिए पीछे हो गया है।

डीआईए की यह रिपोर्ट अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन और न्यूयॉर्क टाइम्स के माध्यम से सामने आई है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति इन रिपोर्टों पर भड़के हुए हैं, उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर लिखा कि सीएनएन असफल हो रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के साथ मिलकर इतिहास के सबसे सफल सैन्य अभियान को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह भी लिखा कि सीएनएन व न्यूयॉर्क टाइम्स को जनता ने लताड़ लगाई है। व्हाइट हाउस ने भी मीडिया रिपोर्ट को खारिज किया है। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने खारिज करते हुए कहा है कि रिपोर्ट लीक होना राष्ट्रपति ट्रम्प को बदनाम करने की साजिश है। साथ ही उन बहादुर फाइटर का क्रेडिट लेने की कोशिश है जिसने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट किया।

उन्होंने खुद ही सवाल किया कि कोई भी समझ सकता है कि जब 30 हजार पॉन्ड के 14 बम कहीं गिरते हैं, तो वहां क्या होता है। मतलब साफ है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर खुद अमेरिका में ही बहस चल रही है। जबकि ईरान ने अपनी तरफ से साफ कर दिया है कि उसके कार्यक्रम को कोई खास नुकसान नहीं हुआ है और वह अपने परमाणु कार्यक्रम से पीछे नहीं हटेगा। जबकि इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू अभी भी यह कहते नहीं थक रहे कि अगर ईरान ने परमाणु कार्यक्रम को जारी रखा तो वह उस पर हमला करने में जरा भी देर नहीं लगाएंगे। जाहिर है, यह सारा झगड़ा ही ईरानी परमाणु कार्यक्रम को लेकर है। इससे साफ हो जाता है कि भले ही सीजफायर हो गया हो, लेकिन भविष्य में कोई संघर्ष नहीं होगा, इसकी कोई गारंटी नहीं ले सकता। यूं भी दोनों तरफ से धमकियों का दौर अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि समय रहते विश्व के बड़े देश ऐसा रास्ता तलाशें, जिससे शांति स्थापित होने में मदद मिले।


### अब अन्नदाता किसान खुशहाल है, आत्महत्या नहीं करता



पिछली सरकारों की अकर्मण्यता के कारण कृषि के क्षेत्र में जो विकास हो सकता था वो नहीं हो पाया, इससे हमारे किसान लाभ से वंचित रह गए। योजनाएं आपस में धन के बंदरबांट के लिए बनती थीं और हमारे किसानों को कोई लाभ नहीं मिल पाता था, 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के आने के बाद देश में समग्र विकास की जो अवधारणा विकसित हुई है, उससे देश का हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है, समग्र विकास के परिणाम स्वरूप अब किसानों के जीवन में परिवर्तन आ रहा है, अब अन्नदाता किसान खुशहाल है, आत्महत्या नहीं करता है।

**–योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# अगर इमरजेंसी नहीं लगी होती तो...




> “ दुर्घटना में अमेरिकी खुफिया एजेंसी CIA का हाथ था। इस हाथ के होने की पुष्टि भी हो गई जब CIA के एक पूर्व अधिकारी रॉबर्ट क्रॉली ने स्वीकार किया कि हमें भाभा को रोकना ही पड़ा, क्योंकि वो परमाणु बम बनाने के बहुत करीब थे।

2014 से अब तक कुछ हुआ हो या न हुआ हो लेकिन एक बात तो हुई है कि संघ और उसके अनुवांशिक संगठनों द्वारा गांधी, नेहरू, पटेल, सुभाषचंद्र बोस, भगत सिंह से लेकर गणेश को दूध और नदी नहाकर मोक्ष की प्राप्तियों के जो भी कट-पेस्ट विचार विगत 78 सालों में पूरी एक पीढ़ी के भीतर ठूंसे गए थे, वो सब पोपले साबित हुए। तथ्यात्मक बात करना और भविष्य निर्माण पर बात करना, कभी संघ को नहीं भायाा

शायद ही आपने कभी सुना हो कि संघ और उसके संगठनों ने बेहतरीन शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, ज्ञान, विज्ञान और प्रगतिशीलता से लेकर पर्यावरण के गंभीर हो चले विषयों पर कोई जनांदोलन खड़ा किया हो? इनसे धर्म और पता नहीं कौन सी संस्कृति से आगे कभी बात नहीं हुई। कुछ लोगों का भविष्य ही हर साल बे-सिर-पैर के मुद्दे उखाड़कर पीढ़ियों को बरगलाना, सामाजिक समरसता को समाप्त करना और धार्मिक उन्माद को पैदा करते हुए लोगों को पाखंड के काला सागर में फेंकते रहना यही उद्देश्य रहा है।

दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि जिस देश में साइंस, टेक्नोलॉजी, शानदार सरकारी लैबोरेटरीज, रिसर्च सेंटरों और चीन द्वारा तबाह कर दिए गए मैन्युफैक्चरिंग सेक्टरों को बचाने की बात होनी चाहिए थी, वह अतीत दिवस मनाते हैं। इनसे वर्तमान और भविष्य पर सवाल करके देखिए तो जरा आपको सीधे 1947 तक खींच ले जाएंगे। इनका झूठ हर पल मजबूत और इतना भयावह है कि यह आपसे एक वृक्ष मां के नाम पर लगाने को कहेंगे और दूसरी ओर हजारों हेक्टेयर जंगल साफ करवा देंगे। यह इतने खतरनाक हैं कि यह आपको राम के पदचिन्हों पर डाक्यूमेंट्री दिखाएंगे और दंडकारण्य क्षेत्र के ही जंगल निपटा देंगे।

आज यह फिर एक मरी हुई लाश यानी 1975 की इमरजेंसी निकाल कर लाए हैं। हर साल लाते हैं और आगे भी लाएंगे। कांग्रेसियों का लंबे समय तक सत्ता शासन रहा, लेकिन वो कभी आम जनता के बीच अपने विरोध के खिलाफ तथ्यों को लेकर सामने नहीं आए। वह यह बता ही नहीं पाए कि देश में यदि 25 जून, 1975 को इमरजेंसी न लगती तो CIA एक समूचे राष्ट्र को ही निपटाने की तैयारी कर चुका था। बात शुरू करते हैं पूज्य होमी जहांगीर भाभा से। यह महान आत्मा चाहती थी कि भारत 1980 तक एक स्वतंत्र परमाणु शक्ति बन कर उभरे। दुर्भाग्यपूर्ण यह रहा कि दिनांक 24 जनवरी, 1966 को एक विमान दुर्घटना हुई और तमाम रहस्यों में उलझी हुई उनकी मृत्यु हो गई। यह ऐसी विमान दुर्घटना थी जिसका न तो मलबा मिला, न कोई शव मिला, न विमान का ब्लैक बॉक्स मिला। इसके बाद पता चला कि इस दुर्घटना में अमेरिकी खुफिया एजेंसी CIA का हाथ था। वही अमेरिका जिसके लिए तथाकथित राष्ट्रवादी लोग अपना अंगौछा बिछाए रहते हैं। इस हाथ के होने की पुष्टि भी हो गई जब CIA के एक पूर्व अधिकारी रॉबर्ट क्रॉली ने स्वीकार किया कि हमें भाभा को रोकना ही पड़ा, क्योंकि वो परमाणु बम बनाने के बहुत करीब थे। अमेरिका भारत की औद्योगिक, स्पेस साइंस, चिकित्सा और विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति का कभी भी पोषक नहीं रहा। आज भी इससे खतरनाक और धूर्त देश दुनिया में दूसरा नहीं है। सीआईए की इस हरकत से भारत का परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम बुरी तरह से प्रभावित हो गया, लेकिन तत्कालीन सत्ता नेतृत्व नहीं टूटा और न उसकी हिम्मत टूटी। विक्रम साराभाई को परमाणु ऊर्जा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया और उन्होंने भाभा के अधूरे कार्यों को पूरा किया। पूज्य भाभा जी के निधन के बाद, परमाणु



**पवन सिंह**

परीक्षणों में कुछ देरी हुई, लेकिन 1974 में पोखरण में पहला परमाणु परीक्षण किया गया, जो भाभा के दृष्टिकोण का परिणाम था। आगे बढ़ते हैं, होमी जहांगीर भाभा जी की हत्या के बाद CIA अपने मानस पुत्रों के जरिए भारत में सत्ता परिवर्तन की योजना में लगा। वर्ष, 1970 के दशक में CIA ने भारत में अपने मानस पुत्रों की जबरदस्त मदद की ताकि भारत को युद्ध के मैदान में नहीं, बल्कि विचारों के मैदान में निपटा दिया जाए। यहीं से, CIA का Soft Regime Change मॉडल सामने आया। तमाम अमेरिकी फाउंडेशनों के जरिए और अमेरिकी गुट के देशों की यूनिवर्सिटीज के जरिए भारत के तथाकथित पत्रकारों, बुद्धिजीवियों और छात्रों पर जबरदस्त वैचारिक नियंत्रण का अभियान शुरू हुआ और अंततः यह एक बहुत बड़े छात्र आंदोलनों के रूप में दिखा और फिर इसे एक जनक्रांति का रूप दे दिया गया। इसके बाद न्यापालिका के जरिए खेल शुरू हुए और कुछ फैसले ऐसे कराए गए जिससे देश में राजनीतिक अस्थिरता पैदा हो। इसी बीच जेपी आंदोलन शुरू हुआ और वह वैचारिकता से आगे हिंसक होता चला गया। रेलें रोकी जाने लगीं, सरकारी संपत्तियां जलाई जाने लगीं, सरकारी अफसरों को घेरा जाने लगा। खतरा तब और बढ़ा जब जेपी साहेब ने सार्वजनिक रूप से सेना और पुलिस से आह्वान किया कि वे सरकार के आदेश को अस्वीकार कर आंदोलन से जुड़ें। CIA का रचा खेल अब अंतिम रंग बिखेरने वाला था। इंदिरा गांधी की नजर इस पूरे मामले पर थी। कहते हैं कि सोवियत रूस ने भी इंदिरा गांधी जी को कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत करा दिया था और कहा था कि अब समय नहीं है। अगर आपने कोई बड़ा कदम नहीं उठाया तो पूरा देश अराजकता की भेंट चढ़ जाएगा। अंततः 25 जून 1975 को इंदिरा गांधी ने संविधान के अनुच्छेद 352 का प्रयोग किया और आंतरिक संकट के मद्देनजर आपातकाल लागू कर दिया। CIA की पूरी की पूरी योजना एक झटके में निपट गई। मैं इंदिरा गांधी को तब तानाशाह मानता जब वह दोबारा विधिवत लोकसभा का चुनाव न करातीं, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। तानाशाह मतदान नहीं कराता है। CIA का गेम बजाने के बाद इंदिरा गांधी ने 1977 में आपातकाल हटाया और निष्पक्ष चुनाव कराकर खुद चुनाव हार भी गईं लेकिन इसी देश की जनता ने पांच साल उन्हें दोबारा चुना। CIA ने होमी जहांगीर भाभा की कथित हत्या के बाद जिस भारतीय मीडिया, अदालतों और छात्र आंदोलनों के मोर्चे खोले थे वे सब ध्वस्त हो गए। भारत अमेरिकी गंध का शिकार होने से बच गया। इंदिरा गांधी ने असली वाला आपरेशन सिंदूर किया और सीआईए को मात दी। वह नहीं झुकीं और न राष्ट्र को झुकने दिया। इंदिरा गांधी तक भी नहीं झुकीं जब भारत को सख्त नापसंद करने वाला व भारतीयों से लगभग घृणा करने वाला अमेरिका पाकिस्तान की ओर से भारत के खिलाफ लड़ने को तैयार हो गया था।

वैसे मानस पुत्रों का इतिहास रहा है यह मुगलों की बात तो करते हैं लेकिन गोरी चमड़ी वालों का कभी विरोध नहीं करते। अंग्रेजों ने भारत पर लगभग 200 वर्षों तक शासन किया। 1757 में प्लासी की लड़ाई के बाद, अंग्रेजों ने भारत में अपना प्रभुत्व स्थापित करना शुरू कर दिया और 1947 में भारत को स्वतंत्रता मिलने तक, ब्रिटिश क्राउन का शासन रहा। इस बीच हमारे पूर्वजों के साथ कैसी भयावह नृशंसता हुई। कैसे अंग्रेजी हुकूमत ने आम जनता तक के घरों से जेवर लूटे और विक्टोरिया के खजाने भरे। उस पर यह हमेशा खामोश रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# युवा सोच पर नशे का ग्रहण, चिंता का सबब

> **एक बार मादक पदार्थों की लत लग जाए तो व्यक्ति इनके बिना रह नहीं पाता। यही नहीं, उसे पहले जैसा नशे का प्रभाव पैदा करने के लिए और अधिक मात्रा में मादक पदार्थ लेने पड़ते हैं। इस तरह व्यक्ति इनका गुलाम बनकर रह जाता है। अधिकांश लोगों में गलत धारणाएं विद्यमान हैं कि मादक पदार्थों के सेवन से व्यक्ति की सृजनशीलता बढ़ती है और इससे व्यक्ति में सोच-विचार की क्षमता, एकाग्रता तथा यौन सुख बढ़ता है लेकिन वास्तविकता यही है कि नशे के शिकार लोगों की सोच-विचार की क्षमता और इसकी स्पष्टता खत्म हो जाती है।**

विश्व के अनेक देशों में लोगों में और खासकर युवाओं में नशीले पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए ही हर साल 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस मनाया जाता है। जहां तक भारत की बात है, चिंता का विषय यह है कि अब यह प्रवृत्ति केवल शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं रही है बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी नशे का जाल फैलता जा रहा है।

ग्रामीण इलाकों में अफीम, चरस, गांजा, हेरोइन आदि के अलावा इंजेक्शन के जरिए लिए जाने वाले मादक पदार्थों का भी इस्तेमाल होने लगा है। वास्तव में मादक पदार्थों का सेवन अब मानवता के प्रति सबसे बड़े अपराध का रूप धारण कर चुका है। रईसजादे युवक-युवतियों की रेव पार्टियां तो नशे का भयावह आधुनिक रूप है, जहां राजनीतिक संरक्षण के चलते प्रायः पुलिस भी हाथ डालने से बचती है। हालांकि कभी-कभार रेव पार्टियों पर छापा मारकर नशे में मदमस्त लड़के-लड़कियों को गिरफ्तार किया जाता रहा है, जिससे पता चलता रहा है कि देश का आज कोई भी महानगर ऐसा नहीं है, जहां ऐसी रेव पार्टियां रईसजादों की रोजमर्रा की जीवनशैली का हिस्सा न हों। वास्तव में रेव पार्टियां धनाढ्य बिगड़ैल युवाओं की नशे की पार्टियों का ही आधुनिक रूप हैं।

कोकीन हो या ऐसे ही अन्य मादक पदार्थ, जिनमें गंध नहीं आती, रसूखदार परिवारों के बिगड़े हुए युवाओं का मनपसंद नशा बनते जा रहे हैं। इस बात से बेखबर कि ए तमाम मादक पदार्थ सीधे शरीर के तंत्रिका तंत्र पर हमला करते हैं और शरीर को भयानक बीमारियों की सौगात देते हैं, ऐसे युवा चंद पलों के मजे के लिए इनके गुलाम बन जाते हैं। युवाओं को मादक पदार्थों के करीब लाने में इंटरनेट की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों में करीब चालीस फीसदी कॉलेज छात्र हैं, जिनमें लड़कियों की संख्या भी काफी ज्यादा है। देश के अनेक कॉलेजों में तो अब स्थिति यह है कि बहुत से कॉलेजों के अंदर ही आसानी से नशीले पदार्थ उपलब्ध हो जाते हैं। स्कूल-कॉलेजों के छात्र अक्सर अपने साथियों के कहने या दबाव डालने पर या फिर मॉडर्न दिखने की चाहत में इनका सेवन आरंभ करते हैं। कुछ युवक मादक पदार्थों से होने वाली अनुभूति को अनुभव करने के लिए, कुछ रोमांचक अनुभवों के लिए तो कुछ मानसिक तौर पर परेशानी अथवा हताशा की स्थिति में इनका सेवन शुरू करते हैं।

मानव जीवन की रक्षा के लिए बनाई जाने वाली कुछ दवाओं का उपयोग भी लोग अब नशा करने के लिए करने लगे हैं। देश में नशे के फैलते जाल का सबसे चिंता. जनक पहलू यह है कि मादक पदार्थ न सिर्फ मानव शरीर की सुंदरता को नष्ट कर शरीर को खोखला बनाते हैं बल्कि इनका उपयोग युवा पीढ़ी की क्षमताओं को नष्ट कर उनकी सृजनशीलता को भी मिटा रहा है। युवा जिस कदर मादक पदार्थों के शिकंजे में फंस रही है, उसके मद्देनजर समाज का कर्तव्य है कि वह युवा वर्ग का मार्गदर्शन करते हुए उसे उचित मार्ग दिखलाए और गलत मार्ग पर चलने से रोके।

**–योगेश कुमार गोयल**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# देश की एकता व अखंडता के लिए खतरनाक है भाषाई विवाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों नई दिल्ली में एक पूर्व आईएएस अधिकारी द्वारा लिखित एक पुस्तक का विमोचन किया। इसी कार्यक्रम के दौरान उन्होंने एक वाक्य बोलकर राष्ट्रीय स्तर पर भाषाई विवाद को जन्म दे दिया। गृह मंत्री ने कहा कि इस देश में अंग्रेजी बोलने वालों को शर्म आएगी, ऐसा समाज निर्माण अब दूर नहीं है। उत्तर से लेकर दक्षिण तक अमित शाह के इस बयान की काफी तीखी आलोचना हुई। कुछ लोगों ने अंग्रेजी को रोजगार परक भाषा बताया तो कुछ का मानना था कि आत्मविश्वास के लिए अंग्रेजी का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है, जबकि कुछ नेताओं ने इस बयान को भारत की भाषाई बहुलता को कमजोर करने और हिंदी थोपने के प्रयास की नजरों से देखा। आश्चर्य की बात तो यह है कि भारत सरकार के ही अनेक मंत्री ऐसे हैं जो धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलते हैं। कई प्रमुख मंत्री हैं तो ऐसे भी हैं जो अंग्रेजी में प्रभावी ढंग से संवाद करने के लिए ही जाने जाते हैं।

उदाहरण के तौर पर वित्त और कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण अंग्रेजी में अत्यंत धाराप्रवाह हैं। वे जेएनयू से अर्थशास्त्र की डिग्री धारक हैं। वित्तीय नीतियों पर वैश्विक मंचों जैसे जी 20 पर उनके भाषण उनके अंग्रेजी बोलने के कौशल को दर्शाते हैं। इसी तरह विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर, जो पूर्व राजनयिक भी रहे हैं, अंग्रेजी में असाधारण रूप से धाराप्रवाह हैं। वह अंतर्राष्ट्रीय मंचों, प्रेस कॉन्फ्रेंस और कूटनीतिक चर्चाओं में प्रायः अंग्रेजी का व्यापक उपयोग करते हैं। इसी प्रकार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन



गडकरी अंग्रेजी बड़े ही आत्मविश्वास के साथ बोलते हैं, विशेष रूप से बुनियादी ढांचे और निवेश से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में उनकी धारा प्रवाह अंग्रेजी उनकी काबलियत में चार चांद लगाती है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, आवासन और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी, यह भी पूर्व राजनयिक हैं तथा अंग्रेजी में उत्कृष्ट संवाद का कौशल रखते हैं। वह संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक मंचों पर अंग्रेजी भाषा के माध्यम से ही भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इसी तरह नागरिक उड्डयन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, जोकि हार्वर्ड और स्टैनफोर्ड से शिक्षित हैं अंग्रेजी में अत्यंत धाराप्रवाह हैं और संसद व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर इसका उपयोग करते हैं। अमेरिका में शिक्षित और प्रशिक्षित चिकित्सक ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री डॉ। पेम्मासानी, जो हैं, अंग्रेजी में पूरी तरह से पारंगत हैं। इस तरह के अनेक उदाहरण हैं विशेषकर दक्षिण भारत के अधिकांश सांसद व मंत्री अंग्रेजी में संवाद करते हैं।

ऐसे में अमित शाह का यह कहना कि ऐसा समाज निर्माण अब दूर नहीं है कि इस देश में अंग्रेजी बोलने वालों को शर्म आएगी, इसका अर्थ निकालना व इसका विश्लेषण करना बेहद जरूरी है। क्यों शर्म आएगी अंग्रेजी बोलने वालों को? स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जब विदेश जाते हैं तो प्रॉम्प्टर पर ही सही परन्तु अंग्रेजी में ही भाषण देकर भारत का पक्ष रखते हैं ? कश्मीर से कन्याकुमारी तक आप कहीं भी चले जाइए, यदि आप क्षेत्रीय भाषा बोल पाने में असमर्थ हैं तो अंग्रेजी ही ऐसी भाषा है जो एक दूसरे राज्य के लोगों के मध्य संवाद स्थापित करने का सुगम माध्यम बनती है। देश ही नहीं लगभग पूरे विश्व में अंग्रेजी भाषा विभिन्न देशों के लोगों को एक दूसरे से जोड़ने का काम करती है। आज गृह मंत्री अमित शाह के दर्जनों मंत्रिमंडलीय सहयोगियों,सांसदों व अधिका. रियों व राज्य स्तरीय भाजपा नेताओं की संतानें अमे. रिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया जैसे अन्य कई देशों में शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। जाहिर है राष्ट्रवादियों की यह संतानें वहां संस्कृत या हिंदी माध्यम से पढ़ने के लिए नहीं गई हैं। बल्कि यह वहां पढ़कर अंग्रेजी भाषा में ही पारंगत होंगी। तो क्या आने वाले कल को इन्हें भी अंग्रेजी बोलने में शर्म आएगी?

इसमें कोई संदेह नहीं कि क्षेत्रीय भारतीय भाषाएं भारतीय संस्कृति के आभूषण के समान हैं, परन्तु अदालत से लेकर संसद व दूतावासों तक व मेडिकल व विज्ञान शिक्षा में खासकर प्रयुक्त होने वाली अंग्रेजी भाषा को श्शर्म श् वाली भाषा तो हरगिज नहीं कहा जा सकता। गृह मंत्री के अनुसार यदि शर्म ही आने की संभावना है तो कम से कम अपनी सरकारी योजनाओं का मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया जैसा अंग्रेजी नाम तो न रखते? इस सम्बन्ध में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि अंग्रेजी सीखना आर्थिक रूप से उपयोगी है और इससे रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। राहुल गांधी ने शाह के इस बयान को भारत की भाषाई बहुलता पर हमला बताया। कांग्रेस ने तो इसे सांस्कृतिक आतंकवाद का हिस्सा बताया और कहा कि अंग्रेजी वैश्विक संदर्भ में भारत के युवाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसी तरह तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और डीएमके ने भी शाह के बयान को हिंदी थोपने की एक और कोशिश के रूप में देखा है। डीएमके ने तर्क दिया कि अंग्रेजी भारत की भाषाई विविधता को जोड़ने वाली कड़ी है और इसे कमजोर करना देश की एकता के लिए हानिकारक हो सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री पनीरसेल्वम ने अन्नादुरै का हवाला देते हुए कहा कि हिंदी को जबरन थोपना स्वीकार्य नहीं है। इसी तरह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेताओं ने शाह की टिप्पणी को उनकी संकीर्ण राजनीति का परिचायक बताया और कहा कि अधिक भाषाएं सीखने से ज्ञान में वृद्धि होती है, न कि शर्मिंदगी। भारत में लोग अपनी पसंद की भाषा बोलने के लिए स्वतंत्र हैं। अंग्रेजी वैश्विक अर्थव्यवस्था



**निर्मल रानी**

में भारत को जोड़ने का एक महत्वपूर्ण सेतु है। यह न केवल रोजगार के अवसर प्रदान करती है, बल्कि नवाचार, अनुसंधान और वैश्विक सहयोग में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके विपरीत अंग्रेजी को हटाने या कम करने से भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा भी प्रभावित हो सकती है। इसलिए कहा जा सकता है कि अमित शाह का बयान अदूरदर्शी होने के साथ-साथ पूर्वाग्रह पूर्ण भी है जोकि भारत की भाषाई विविधता को नजरअंदाज करता है। वैसे भी हमारे समाज में अंग्रेजी बोलने वालों को हमेशा इज्जत की नजर से देखा जाता है, इसलिए भी यह बयान सामाजिक समानता के विरुद्ध है। रहा सवाल अंग्रेजी को सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़ने की मानसिकता को औपनिवेशिक सोच से जोड़ने का परिणाम बताना तो हमारा पहनावा, उपयोग की वस्तुएं, क्रॉकरी, मकानों की बनावट वैज्ञानिक सामग्रियों पर बढ़ती निर्भरता यह सब भी पश्चिमी प्रभाव का ही परिणाम है। हम किन किन चीजों को पश्चिमी कहकर ठुकराते रहेंगे? इस तरह के गैरजिम्मेदाराना बयानों से हिंदी या क्षेत्रीय भाषाओं का

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## खामोशी के बाद फिर बोले डोनाल्ड ट्रम्प

# फिर शुरू हुआ परमाणु प्रोग्राम तो ईरान की खैर नहीं



**22 जून को अमेरिकी हमले के बाद इजरायली एजेंट्स ईरान के फोर्डो न्यूक्लियर साइट गए थे: ट्रम्प**

**तेहरान/तेल अवीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को नीदरलैंड के हेग में नाटो समिट में मीडिया से बात की। इसमें उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने अपना न्यूक्लियर प्रोग्राम फिर से शुरू किया तो फिर हमला करेंगे।

ट्रम्प ने कहा कि 22 जून को अमेरिकी हमले के बाद इजरायली एजेंट्स ईरान के फोर्डो न्यूक्लियर साइट गए थे। उन्होंने ही बताया कि फोर्डो न्यूक्लियर साइट पूरी तरह तबाह हो गई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रूथ पर मीडिया रिपोर्ट्स को फर्जी करार दिया। उन्होंने लिखा कि सीएनएन और न्यूयार्क टाइम्स ने इतिहास के सबसे सफल सैन्य हमलों में से एक को बदनाम करने की कोशिश की है। इजरायल-ईरान के बीच जंग के 12वें दिन, यानी मंगलवार को सीजफायर हो गया। दोनों देशों ने इसकी पुष्टि की है और साथ ही इस जंग में अपनी जीत का दावा किया। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान के खिलाफ इजरायल ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है, जो पीढ़ियों तक याद रखी जाएगी। उन्होंने कहा-हम शेर की तरह उठे और हमारी दहाड़ ने तेहरान को हिला दिया। दूसरी तरफ ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि उनका देश न्यूक्लियर प्रोग्राम बंद नहीं करेगा। उन्होंने कहा-शहमने इस तकनीक को हासिल करने के लिए बहुत मेहनत की है। हमारे वैज्ञानिकों ने बलिदान दिए हैं। विक्ट्री सेलिब्रेशन में कई महिलाओं ने ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई का पोस्टर लहराकर अपना समर्थन जाहिर किया। ट्रम्प ने ईरान पर किए गए ताजा हमलों की तुलना 1945 में जापान के हिरोशिमा में अमेरिका के परमाणु हमले से की है। ट्रम्प ने नाटो सम्मेलन में मीडिया से कहा कि मैं हिरोशिमा और नागासाकी का उदाहरण नहीं देना चाहता, लेकिन यह मूल रूप से वही चीज थी, जिसने ईरान और इजरायल के बीच जंग खत्म की। इसने युद्ध के साथ ही उसे (परमाणु हथियार) खत्म कर दिया।

### ईरानी परमाणु स्थलों पर कार्रवाई से पहले ट्रम्प ने यूरापीय देशों को नहीं किया आगाह

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरानी परमाणु ठिकानों पर हमले का फैसला यूरोपीय नेताओं को बिना बताये लिया था। एक यूरोपीय अधिकारी के अनुसार ट्रम्प ने 22 जून को ईरान के परमाणु ठिकानों पर बी-2 फाइटर जेट से हमला करने के निर्देश देने से पहले यूरोपीय सहयोगियों को सतर्क नहीं किया था। हालांकि, कनाडा में हुए जी-7 शिखर सम्मेलन में ट्रम्प ने ऐसे हमले की मंशा ज़ाहिर की थी। वहीं, स्काई न्यूज ने डाउनिंग स्ट्रीट के सूत्रों के हवाले से बताया कि ब्रिटेन सरकार को इस हमले की पहले से जानकारी दी गई थी। इजरायल ने ईरान पर गुप्त सैन्य परमाणु कार्यक्रम का आरोप लगाया और 13 जून को बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया, जिससे मध्य पूर्व में हालात बिगड़ गए।

## पाकिस्तान व ईरान से 1685 अफगान परिवार लौटे स्वदेश

**काबुल।** अफगानिस्तान के 1685 परिवारों के 7474 सदस्य मंगलवार को ईरान और पाकिस्तान से स्वदेश लौट आए। अफ़गानिस्तान के उच्चायोग ने बुधवार को यह जानकारी दी। उच्चायोग ने कहा कि शरणार्थी पूर्वी नंगरहार प्रांत में तोरखम, दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक, पश्चिमी हेरात प्रांत में इस्लाम कला और पश्चिमी निम. रोज़ प्रांत में पुल- ए-अब्रेसहम सीमा से घर लौटे हैं। उन्होंने कहा कि उच्चायोग लौटने वाले लोगों के लिए उनके संबंधित प्रांतों में अस्थाई आश्रय, पोषण, पानी, चिकित्सा देखभाल और परिवहन सेवाएं प्रदान करता है। लगभग 70 लाख अफ़गान शरणार्थी जिनमें से अधिकांश अनिर्दिष्ट प्रवासी हैं।

## झमाझम बारिश...



छत्तीसगढ़। बस्तर जिले के जगदलपुर में साइकिल चालक खुद को बारिश से बचाते हुए।

## अभिनंदन को पकड़ने वाला पाकिस्तानी अफसर मारा गया

**2019 में पाकिस्तानी में गिरा था विंग कमांडर का विमान, 58 घंटे बाद रिहा हुई थी**

**इस्लामाबाद।** भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान को पकड़ने वाला पाकिस्तानी कमांडर मोइज अब्बास मंगलवार को एक हमले में मारा गया।

दक्षिणी वजीरिस्तान में आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने पाकिस्तानी आर्मी पर हमला किया, इसमें 2 आर्मी अफसर मारे गए। इनमें से एक मोइज अब्बास भी था। बालाकोट में एयर स्ट्राइक के अगले दिन 27 फरवरी को पाकिस्तानी वायुसेना ने भारतीय सीमा में दाखिल होने की कोशिश की थी। जवाब में भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन चलाया था। तब विंग कमांडर अभिनंदन ने मिग-21 बाइसन फाइटर जेट से पाकिस्तान के एफ-16 फाइटर जेट को मार गिराया था। हालांकि, उनका विमान पाकिस्तानी सीमा में गिर गया था। पाकिस्तानी आर्मी ने अभिनंदन को कैद कर लिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### तेल टैंकर में आग लगने से चार लोगों की मौत, पांच घायल

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के रियाउ द्वीप प्रांत में बटाम द्वीप पर एक शिपयार्ड में डॉक किए गए कच्चे पाम ऑयल टैंकर में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी। पीड़ित लोग फेडरल। नामक जहाज पर काम कर रहे तकनीशियन थे। यह जहाज बटुआजी क्षेत्र में पीटी एएसएल शिपयार्ड इंडोनेशिया में मरम्मत के लिए जा रहा था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 2:15 बजे आग समय लगी लगी जब टैंकर रखरखाव के लिए डॉक किया गया था। बटुआजी पुलिस प्रमुख राडेन बिमो द्वी लांबांग ने पुष्टि की कि दुर्घटना में नौ लोग शामिल थे।

### उत्तर पश्चिमी कोलंबिया में भूस्खलन में आठ की मौत

**बोगोटा।** उत्तर पश्चिमी कोलंबिया में एंटिओक्विया विभाग के बेलो नगरपालिका में मंगलवार को भूस्खलन में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मेयर लोरेना गोंजालेज ने कहा कि बहुत दुख के साथ मैं आपको सूचित करती हूं कि आज सुबह करीब 3:25 बजे ग्रैनिज़ल सेक्टर में भूस्खलन हुआ। अब तक हमने आठ लोगों की मौत और पांच लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि ला नेग्रा धारा के ज्यादा प्रवाह से शुरू हुए भूस्खलन ने एल पिनार पड़ोस के 10 घरों को प्रभावित किया। एंटिओक्विया के गवर्नर एंड्रेस जूलियन ने कहा कि आपातकाल का निपटने के लिए विभाग के सभी संसाधन जुटाए गए हैं।

### बीएनपी समर्थक गुटों के बीच झड़पों में नौ घायल

**ढाका।** बंगलादेश में ढाका साउथ सिटी कॉर्पोरेशन के मुख्यालय नगर भवन में बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) समर्थित श्रमिक-कर्मचारी यूनियन के दो गुटों में मंगलवार को झड़प के दौरान नौ लोग घायल हो गए। डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना मंगलवार दोपहर करीब 12:00 बजे ढाका नगर भवन में बीएनपी समर्थित यूनियन के दो गुटों—आरिफुज्जामान प्रिंस और आरिफ चौधरी के समर्थकों के बीच झड़प हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि झगड़ा तब शुरू हुआ जब प्रिंस गुट के एक समर्थक पर इशराक हुसैन को मेयर के रूप में शपथ दिलाने की मांग के विरोधी होने के शक में हमला किया गया। इसमें नौ लोग घायल हो गए। ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पुलिस कैंप के प्रभारी मोहम्मद फारुक ने कहा कि नौ घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## अमेरिकी हमले में बच गया ईरान का परमाणु कार्यक्रम

**अमेरिकी खुफिया विभाग डिफेंस इंटेलीजेंस एजेंसी ने रिपोर्ट में अनुमान जताया, रिपोर्ट को ट्रम्प ने बताया झूठा**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उन रिपोर्ट्स को झूठा बताया है, जिनमें दावा किया गया है कि अमेरिकी हवाई हमले में ईरान के परमाणु केंद्र पूरी तरह से तबाह नहीं हुए हैं।

दरअसल अमेरिकी सरकार के खुफिया विभाग डिफेंस इंटेलीजेंस एजेंसी (डीआईए) ने अपनी रिपोर्ट में अनुमान जताया है कि अमेरिकी हमले में ईरान का परमाणु कार्यक्रम बच गया है और ये पूरी तरह से तबाह नहीं हुआ है बल्कि सिर्फ कुछ महीने के लिए पीछे हो गया है। डीआईए की रिपोर्ट की जानकारी अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन ने दी है। हालांकि ट्रम्प ने इसे झूठी खबर बताकर खारिज कर दिया। ट्रुथ सोशल पर लिखे एक पोस्ट में राष्ट्रपति ट्रम्प ने लिखा कि झूठी खबर, सीएनएन असफल हो रहे न्यूयार्क टाइम्स के साथ मिलकर इतिहास के सबसे सफल सैन्य अभियान को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। ईरान के परमाणु केंद्र पूरी तरह से तबाह हो गए हैं। दोनों न्यूयार्क टाइम्स और सीएनएन को जनता ने लताड़ लगाई है। व्हाइट हाउस ने भी मीडिया रिपोर्ट्स को खारिज किया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि खुफिया रिपोर्ट लीक होना राष्ट्रपति ट्रम्प को बदनाम करने की साजिश है। साथ ही उन बहादुर फाइटर पायलट का क्रेडिट लेने की कोशिश है।

# नाटो समिट में ट्रम्प के एजेंडे का विरोध

## स्पेन ने रक्षा खर्च बढ़ाने से किया इन्कार, फ्रांस, इटली और कनाडा भी एजेंडे से सहमत नहीं




**हेग।** नीदरलैंड के द हेग शहर में आज से नार्थ अटलांटिक ट्रीटी आर्गेनाइजेशन (नाटो) समिट का आज दूसरा दिन है और सदस्य देशों के प्रमुखों की मीटिंग होगी।


इस बार की बैठक को नाटोके इतिहास की सबसे अहम बैठकों में माना जा रहा है। यह ऐसे समय हो रही है जब मिडिल ईस्ट में ईरान-इजरायल जंग का 12 दिनों बाद सीजफायर हुआ है। इस बार की मीटिंग का एजेंडा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मांग पर यूरोपीय देशों के रक्षा खर्च में हिस्सेदारी को बढ़ाने का रखा गया है।

ट्रम्प चाहते हैं कि सभी सदस्य देश अपने जीडीपी का 5 प्रतिशत रक्षा पर खर्च करें, हालांकि वर्तमान में यूरोपीय देशों का कुल योगदान केवल 30 प्रतिशत है और जीडीपी का केवल 2 प्रतिशत है। ट्रम्प का मानना है कि अमेरिका नाटोको बहुत पैसा देता है और बाकी देश अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा रहे। हालांकि, स्पेन ने पहले ही रक्षा खर्च बढ़ाने से इन्कार कर दिया है। वहीं, फ्रांस, इटली और कनाडा भी इससे सहमत नहीं हैं। नीदरलेंड के किंग विलेम-अलेक्जेंडर और क्वीन मैक्सिमा ने मंगलवार को नाटोदेशों के राष्ट्राध्यक्षों और सरकार प्रमुखों के लिए डिनर का आयोजन किया। वहीं, इससे पहले मंगलवार को संगठन में मतभेद गहराते नजर आए। समिट में सबसे बड़ी चिंता नाटोदेशों के बीच रक्षा खर्च को लेकर आपसी मतभेद की रही। नाटो महासचिव मार्क रुटे ने कहा कि संगठन यूक्रेन जैसे मुद्दों से निपट सकता है, लेकिन ट्रम्प ने नाटो की सबसे अहम संधि आर्टिकल-5 (एक-दूसरे की रक्षा का वादा) पर सीधा समर्थन देने से इन्कार कर दिया। ट्रम्प के इस कदम के बाद आज की मीटिंग में दूसरे देशों की ओर से भी कड़ी प्रतिक्रियाएं देखने को मिल सकती है। वहीं, रक्षा बजट पर भी ट्रम्प के रुख से नाराज चल रहे यूरोपीय देश कोई निर्णय ले सकते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मांगों को ध्यान में रखते हुए नाटो महासचिव मार्क रूटे ने समिट का एजेंडा तय किया है।

बैठक में मुख्य जोर यूरोपीय देशों द्वारा रक्षा खर्च बढ़ाने पर है, जिसे ट्रम्प लंबे समय से मांगते आ रहे हैं। नाटोमें चल रहे मतभेदों के बीच महासचिव मार्क रूटे ने एक नया प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव के मुताबिक, सदस्य देशों को अपनी जीडीपी का 3.5 प्रतिशत सीधे सेना और हथियारों पर खर्च करना होगा और 1.5 प्रतिशत ऐसे कामों पर जो रक्षा से जुड़े हों। प्रस्ताव में 1.5 प्रतिशत खर्च की परिभाषा बहुत खुली रखी गई है। इसका मतलब यह है कि हर देश इसे अपने तरीके से समझ सकता है और किसी भी खर्च को 'रक्षा खर्च' बता सकता है।

## संघर्ष विराम के अगले ही दिन तेहरान ने दिखाए तेवर

# मोसाद से जुड़े तीन कैदियों को फांसी



**तेहरान।** संघर्ष विराम के अगले ही दिन ईरान ने इजरायल के जासूसों से निपटना शुरू कर दिया। बुधवार को ईरान ने इजरायल के लिए जासूसी करने के आरोप में मोसाद से जुड़े तीन और कैदियों को फांसी दे दी। जबकि इजरायल से जुड़े 700 से अधिक लोगों को अब तक गिरफ्तार किया गया है। अब तक ईरान छह लोगों को फांसी की सजा दे चुका है। बुधवार को ईरान के पश्चिमी अज़रबैजान प्रांत के उर्मिया जेल में आजाद शोजाई, एड्रिस आली और इराकी नागरिक रसूल अहमद रसूल को फांसी दी गई। ईरान की न्यायपालिका के मुताबिक इन लोगों पर देश में हत्या उपकरण लाने का आरोप था। ईरान ने इजरायल के साथ संघर्ष के दौरान करीब छह लोगों को फांसी दे दी है। कार्यकर्ताओं को डर है कि और अधिक लोगों को फांसी दी जाएगी। वहीं अब तक 700 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस बीच ईरान में लोग अपने सामान्य जीवन में लौटने की कोशिश करने लगे हैं। संघर्ष विराम के बाद ईरान की राजधानी तेहरान के बाहर कैस्पियन सागर क्षेत्र और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भारी ट्रैफिक है, क्योंकि लोग शहर की ओर लौट रहे हैं। इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष 13 जून को शुरू हुआ था, जब इजरायल ने 'आपरेशन राइजिंग लायन' शुरू करके ईरान की परमाणु और सैन्य सुविधाओं पर बड़ा हवाई हमला किया। इसके जवाब में ईरान ने 'आप. रेशन ट्रू प्रामिस 3' शुरू किया और इजरायल ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमला किया।

### ईरान ने इजरायल के जासूसों से निपटना शुरू किया, अब तक इजरायल से जुड़े 700 लोग गिरफ्तार

फिर अमेरिका ने भी दोनों के युद्ध में एंट्री ली और ईरान के तीन परमाणु ठिकानों-फोर्डो, नतांज और इस्फहान पर सटीक हमले किए। मंगलवार को ट्रम्प ने ईरान और इजरायल के बीच युद्धविराम समझौते की घोषणा की। यह तब हुआ जब ईरान ने अमेरिकी हमलों के जवाब में कतर और ईरान में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमला किया था। हालांकि, ट्रम्प की घोषणा के कुछ देर बाद ही इजरायली वायु सेना (आईएएफ) ने तेहरान के उत्तर में एक ईरानी रडार ठिकाने पर हमला किया, जिसके बाद ईरान ने इजरायल पर दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं।

# भारत के साथ बातचीत को बेताब पाक पीएम शहबाज शरीफ

**सऊदी अरब के युवराज से कहा: लंबित मुद्दों के समाधान को भारत से सार्थक वार्ता को तैयार**

**इस्लामाबाद।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद हालात यह हैं पाकिस्तान अब वार्ता करने के लिए बेताब है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अब सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान से भारत से वार्ता कराने की बात कही है।

टेलीफोन पर बातचीत में शरीफ ने कहा कि वह लंबित मुद्दों के समाधान के लिए भारत के साथ सार्थक वार्ता करना चाहते हैं। रेडियो पाकिस्तान के अनुसार प्रधानमंत्री ने बातचीत के दौरान कहा कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर, जल, व्यापार और आतंकवाद सहित सभी लंबित मुद्दों पर भारत के साथ सार्थक बातचीत करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री शरीफ ने भारत के साथ हाल के गतिरोध के दौरान पाकिस्तान को दिए गए दृढ़ समर्थन के लिए सऊदी अरब का आभार व्यक्त किया। रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि शरीफ और सऊदी नेता ने पश्चिम एशिया के हालात पर भी बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान ईरान-इजरायल संघर्ष को तत्काल कम करने और बातचीत और कूटनीति के माध्यम से इसके शांतिपूर्ण समाधान का पूरा समर्थन करता है। क्राउन प्रिंस ने प्रधानमंत्री शरीफ को धन्यवाद दिया। साथ ही पाकिस्तान के सऊदी अरब के प्रति व्यक्त एकजुटता एवं समर्थन की सराहना की। मोहम्मद बिन सलमान ने ईरान-इजरायल संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान को बढ़ावा देने में पाकिस्तान की भूमिका की सराहना की। इससे पहले शहबाज शरीफ ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो से भारत से बातचीत करने की इच्छा जाहिर की थी।

# दक्षिण कोरिया में गहराया जनसंख्या संकट, लगातार तीसरे महीने गिरावट




**सियोल।** दक्षिण कोरिया में जनसंख्या का संकट गहराता जा रहा है। लगातार तीसरे महीने आबादी में गिरावट और वृद्धों की बढ़ती संख्या ने देश के समक्ष गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

सांख्यिकी कोरिया के आंकड़ों के अनुसार, मई में स्थानीय स्तर पर जनसंख्या में 4.9 प्रतिशत (473000 लोग) की कमी दर्ज की गई। इससे पहले मार्च में यह गिरावट 2.6 प्रतिशत और अप्रैल में 10.7 प्रतिशत थी। जनसंख्या में इस कमी के कारण रियल एस्टेट बाजार में लंबे समय से चली आ रही मंदी और गहरा गई है। एक वरिष्ठ अर्थशास्त्री ने टिप्पणी की कि यह स्थिति देश के भविष्य के लिए चिंताजनक है। यदि जन्म दर में सुधार नहीं होता है, तो सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक विकास पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। राजधानी सियोल में 3657 और दूसरे सबसे बड़े शहर बुसान में 1014 लोगों की कमी देखी गई। हालांकि, सियोल के आसपास के ग्योंगगी प्रांत में 3205 और पश्चिमी बंदरगाह शहर इंचियोन में 3,237 लोगों की शुद्ध वृद्धि दर्ज की गई।

## गाजा में बख्तरबंद वाहन में विस्फोट सात इजरायली सैनिकों की मौत

**यरूशलम।** गाजा में मंगलवार को हुई गोलीबारी के बीच बख्तरबंद वाहन में हुए विस्फोट में सात इजरायली सैनिकों की मौत हो गई। वहीं हमास के लड़ाकों ने दक्षिणी गाजा में एक इमारत में छिपे इजरायली सैनिकों पर हमला बोला। इजरायल के एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि दक्षिणी गाजा के शहर खान यूनिस में मंगलवार को बख्तरबंद वाहन पर विस्फोटक लगा। इसमें सात इजरायली सैनिकों की मौत हो गई। वहीं गोलीबारी में एक सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह गाजा में इजरायल की सेना पर बड़ा हमला था।

# इजरायली हमलों में 70 फलस्तीनियों की मौत

## अस्पताल ने कहा: उसी स्थान से छह अतिरिक्त शवों को अन्य फील्ड अस्पतालों में स्थानांतरित दिया गया



**गाजा।** गाजा पट्टी में मंगलवार को इजरायली गोलीबा. री और हवाई हमलों में कम से कम 70 फलस्तीनी मारे गए। स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने संवाद एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि इजरायली बलों ने दक्षिणी गाजा पट्टी में राफा के उत्तर में शाकौश क्षेत्र में एक अमेरिकी समर्थित सहायता वितरण केंद्र के पास जुटे फलस्तीनियों की भीड़ पर गोल. िबारी की। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के एक चिकित्सा स्रोत ने एजेंसी को बताया कि शाकौश में हुई इस गोलीबारी में कम से कम 25 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। सूत्र ने कहा कि सुरक्षा स्थितियों और क्षेत्र की दूरस्थता के कारण घायलों को पास के फील्ड अस्पतालों में ले जाने के लिए जानवरों द्वारा खींची जाने वाली गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया। इस बीच एक अन्य घटना तब हुई जब इजरायली सेना ने कथित तौर पर वाडी गाजा के दक्षिण में सलाह अल-दीन स्ट्रीट पर खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए एकत्र हुए फलस्तीनियों को निशाना बनाया। मध्य गाजा पट्टी के नुसेरात में अल-अवदा अस्पताल ने एक प्रेस बयान में कहा कि उसे 19 शव और 146 घायल व्यक्ति मिले हैं जिनमें से 62 की हालत गंभीर है। अस्पताल ने कहा कि उसी स्थान से छह अतिरिक्त शवों को अन्य फील्ड अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया। इस बीच इज़रायली सेना ने किसी भी घटना के बारे में तत्काल कोई बयान जारी नहीं किया है। हमास संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 27 मई से गाजा में खाद्य वितरण केंद्रों तक पहुँचने की कोशिश करते समय 500 से ज़्यादा फ़लस्तीनी मारे गए हैं। इस बीच गाजा में नागरिक सुरक्षा अधिका. रियों ने 24 जून को एक प्रेस बयान में कहा कि गाजा शहर के दक्षिण में अल-सबरा पड़ोस में एक रिहायशी घर को निशाना बनाकर किए गए इज़रायली हवाई हमले में महिलाओं और बच्चों सहित 10 लोग मारे गए।